हिन्दी दैनिक

# अमर ख्याल

जुनून सच का

(महमूदाबाद) सीतापुर से प्रकाशित

सूर्योदय : 06.26 बजे

सूर्यास्त : 05.34 बजे

सोमवार, 18 जुलाई 2022

वर्ष-2-अंक 230

मूल्य 2 पृष्ठ 8



e-mail: aknewstv2@gmail.com



RNI TITLE CODE : UPHIN49345




## विपक्ष: महंगाई, जांच एजेंसियों के कथित दुरुपयोग पर चर्चा कराने की मांग

**नई दिल्ली**

विभिन्न विपक्षी दलों के नेताओं ने रविवार को मांग की कि संसद के मॉनसून सत्र में महंगाई, सेना में भर्ती की नई योजना अग्निपथ और जांच एजेंसियों के कथित दुरुपयोग के विषयों पर चर्चा कराई जाए। साथ ही उन्होंने सरकार द्वारा बुलाई सर्वदलीय बैठक में असंसदीय शब्दों की सूची को लेकर भी आपत्ति जताई।सूत्रों ने बताया कि विपक्षी नेताओं ने एकमत से सशस्त्र बलों में भर्ती की अग्निपथ योजना की तत्काल वापसी की मांग की और सोमवार से शुरू हो रहे सत्र में महंगाई तथा अर्थव्यवस्था की स्थिति जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा कराने की मांग की। संसदीय कार्य मंत्री प्रहलाद जोशी ने बैठक के बाद संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार संसद के नियमों और प्रक्रियाओं के तहत सभी मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार है।राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बैठक में पूछा कि संसद सत्र में 14 दिन में 32 विधेयक कैसे पारित होंगे जिन्हें सरकार ने कार्यसूची में रखा है। उन्होंने कहा, सरकार क्या करना चाह रही है?

उन्होंने बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा, हमने महंगाई, अग्निपथ, देश के संघीय ढांचे पर हमला तथा प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) जैसी जांच एजेंसियों के दुरुपयोग समेत 13 विषय उठाए।

बैठक में खड़गे के साथ ही कांग्रेस के अधीर रंजन चौधरी और जयराम रमेश, द्रविड़ मुनेष कषगम



(द्रमुक) के टी. आर. बालू और तिरुचि शिवा, तृणमूल कांग्रेस के सुदीप बंदोपाध्याय और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के शरद पवार के अलावा बीजू जनता दल (बीजद) के पिनाकी मिश्रा, वाईएसआरसीपी के विजयसाई रेड्डी, तेलंगाना राष्ट्र समिति के केशव राव, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के ए. डी. सिंह और शिवसेना के संजय राउत समेत लगभग सभी दलों के नेता उपस्थित थे।

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने बैठक के बाद ट्वीट किया, आज सर्वदलीय बैठक में अनेक राजनीतिक दलों ने एक तरफ राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार के लिए श्रेय लेने और दूसरी तरफ वन अधिकार अधिनियम, 2006 को समाप्त करने के मोदी सरकार के विरोधाभासी रुख की ओर इशारा किया और इसमें राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का समर्थन करने वाले दल भी शामिल रहे। इससे पहले रमेश ने सर्वदलीय बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अनुपस्थिति पर आपत्ति जताई।

## ख़ास ख़बर

### मंकीपॉक्स : केरल में हवाई अड्डों पर हेल्प डेस्क स्थापित, चिकित्सकों को प्रशिक्षण

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में मंकीपॉक्स के मामले सामने आने के बाद राज्य सरकार ने संक्रमण की रोकथाम के मद्देनजर राज्य के अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डों पर हेल्प डेस्क स्थापित करने के साथ ही चिकित्सकों और स्थानीय निकाय के अधिकारियों को व्यापक प्रशिक्षण देने जैसे कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। रोकथाम उपायों के संबंध में जानकारी देते हुए केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने कहा कि तिरुवनंतपुरम, कोच्चि, कोझीकोड और कन्नूर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों पर हेल्प डेस्क शुरू किए गए हैं।

### सिंधुध्वज को नौसेना में 35 साल सेवा देने के बाद सेवामुक्त किया



**विशाखापत्तनम।** भारतीय नौसेना में 35 साल तक सेवा देने के बाद आईएनएस सिंधुध्वज को शनिवार को सेवामुक्त कर दिया गया। नौसेना की पूर्वी कमान के प्रमुख वाईस एडमिरल विश्वजीत दासगुप्ता मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद थे। नौसेना की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया कि इस कार्यक्रम में पनडुब्बी के पूर्व कमांडिंग अफसरों में से 15 शामिल थे। आईएनएस सिंधुध्वज को नौसेना में शामिल करने के दौरान कमीशनिंग सीओ रहे कोमोडोर एस पी सिंह (सेवानिवृत्त) और उस समय के 26 नौसैनिक भी पनडुब्बी को सेवामुक्त करने के अवसर पर मौजूद थे। इस पनडुब्बी के प्रतीक चिह्न में ग्रे रंग की नर्स शार्क है इसके नाम का अर्थ है समुद्र (सिंधु) पर ध्वज धारण करने वाला। यह रूस द्वारा निर्मित सिंधुघोष श्रेणी की पनडुब्बी है जो भारतीय नौसेना की आत्मनिर्भरता की यात्रा में शामिल रही है।

## आज से मानसून सत्र में विभिन्न विभागों से जुड़े 32 विधेयक पेश होने के संकेत

**नई दिल्ली**



सरकार ने संसद का मानसून सत्र शुरू होने से एक दिन पहले रविवार को कहा कि विभिन्न विभागों ने इस सत्र के दौरान 32 विधेयकों को दोनों सदनों में पेश करने के संकेत दिए हैं, जिनमें से 14 विधेयक तैयार हैं। सरकार ने यह भी कहा कि वह इन सभी विधेयकों पर लोकतांत्रिक तरीके से चर्चा चाहती है। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने यहां सर्वदलीय बैठक के बाद यह भी कहा कि इन विधेयकों में से कुछ पर संसद की स्थाई समितियों द्वारा पहले ही चर्चा की जा चुकी है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, विभिन्न विभागों द्वारा 32 विधेयकों को संसद के इस सत्र में पेश करने के संकेत दिए गए हैं, जिनमें से 14 विधेयक तैयार हैं, लेकिन हम बिना चर्चा के विधेयकों को पारित नहीं करेंगे। जोशी ने कहा कि सरकार ने सर्वदलीय बैठक में लगभग 45 दलों को आमंत्रित किया था, जिनमें से 36 ने इसमें भाग लिया। उन्होंने कहा, बैठक में भाग लेने के लिए मैं उनका आभारी हूं। वरिष्ठ मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक के दौरान उन्होंने कुछ मुद्दों पर चर्चा करने की मांग की। उन्होंने कहा, जिन मुद्दों को उठाया गया, उनमें उन शब्दों का भी उल्लेख किया गया है जिन्हें असंसदीय घोषित किया गया है और (सरकार की ओर से) यह स्पष्ट किया गया है कि असंसदीय वाक्यांशों का संकलन हर साल लंबे समय से किया जा रहा है।

जोशी ने 18 जुलाई से 12 अगस्त तक चलने वाले मानसून सत्र के लिए सूचीबद्ध विधाई कार्यों के बारे में कहा, हमने 32 विधेयक सूचीबद्ध किए हैं, ताकि वे (विपक्ष) भी तैयार हों और इसलिए हम पहले से नोटिस दे रहे हैं। उन्होंने कहा, हम सिर्फ इतना कह रहे हैं कि 14 विधेयक तैयार हैं और हम और भी अधिक पर विचार कर सकते हैं। हम सभी विधेयकों पर लोकतांत्रिक तरीके से चर्चा करने में विश्वास करते हैं। हम लोकतंत्र में विश्वास करते हैं और हम सभी मामलों पर चर्चा के लिए तैयार हैं। आधिकारिक दस्तावेजों के अनुसार, आगामी संसद सत्र के लिए सरकार द्वारा सूचीबद्ध विधेयकों में बहु-राज्य सहकारी समितियां (संशोधन) विधेयक शामिल हैं, जो सहकारी समितियों में सरकार की भूमिका को युक्तिसंगत बनाने और बहु-राज्य सहकारी समितियों के कामकाज में भागीदारी बढ़ाने का प्रयास करता है ताकि उन पर जनता का विश्वास बढ़े और उनके वृद्धि और विकास के लिए अनुकूल वातावरण बनाया जा सके।

### विपक्ष/ उपराष्ट्रपति चुनाव

## पूर्व राज्यपाल मार्गरेट अल्वा संयुक्त विपक्ष की उम्मीदवार : पवार

**नई दिल्ली**



विपक्षी दलों ने उपराष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए राजस्थान की पूर्व राज्यपाल मार्गरेट अल्वा को अपना संयुक्त उम्मीदवार बनाने का रविवार को फैसला किया। अल्वा (80) अपना नामांकन पत्र 19 जुलाई दाखिल करेंगी, जो छह अगस्त को होने वाले चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि है। अल्वा को मैदान में उतारने का फैसला राकांपा के अध्यक्ष शरद पवार के आवास पर 17 विपक्षी दलों के नेताओं की बैठक में लिया गया। पवार ने दो घंटे की बैठक के बाद घोषणा करते हुए कहा, हमने सर्वसम्मति से मार्गरेट अल्वा को उपराष्ट्रपति पद के लिए अपने संयुक्त उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतारने का फैसला किया है। उन्होंने कहा, हमारी सामूहिक सोच है कि अल्वा मंगलवार को उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के तौर पर नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। पवार ने कहा कि कुल 17 दलों ने सर्वसम्मति से अल्वा को मैदान में उतारने का फैसला किया है और तृणमूल कांग्रेस तथा आम आदमी पार्टी के समर्थन से वह कुल 19 पार्टियों की संयुक्त उम्मीदवार होंगी। बैठक में कांग्रेस के मल्लिकार्जुन खड़गे और जयराम रमेश, माकपा के सीताराम येचुरी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के डी राजा और बिनॉय विश्वम, शिवसेना के संजय राउत शामिल हुए।

## मेरी उम्मीदवारी पर आदिवासियों, महिलाओं में उत्साह : मुर्मू

**नई दिल्ली**

राष्ट्रपति चुनाव से एक दिन पहले इस पद के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को कहा कि देश के शीर्ष संवैधानिक पद के वास्ते उनके नामांकन पर आदिवासी और महिलाएं उत्साहित और प्रसन्न हैं।

मुर्मू ने रविवार को राजग सांसदों के साथ बातचीत की और राष्ट्रपति पद के लिए सत्तारूढ़ गठबंधन की उम्मीदवार बनाने पर आभार जताया। बैठक में मुर्मू को सम्मानित भी किया गया। सूत्रों के अनुसार मुर्मू ने बैठक में कहा, मेरे नामांकन से आदिवासियों और महिलाओं में उत्साह है। उन्होंने कहा, देश में लगभग 10 करोड़ आदिवासी हैं और उनके 700 से ज्यादा समुदाय हैं और वे सभी मेरे नामांकन से खुश हैं। मुर्मू के आने से पहले संसद भवन में 18 जुलाई को होने वाले चुनाव की मॉक ड्रिल की गई।

## मप्र : 4 पर भाजपा, 1+1 पर कांग्रेस-आप के महापौर

**भोपाल**

मध्यप्रदेश के नगर निकाय चुनाव की रविवार को हुई मतगणना में बुरहानपुर, सतना, खंडवा और सागर में भाजपा के महापौर पद के प्रत्याशी विजई घोषित किए गए। इसके साथ ही छिंदवाड़ा में कांग्रेस और सिंगरौली में आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी ने जीत दर्ज की। निर्वाचन कार्यालय ने इसकी जानकारी दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जबलपुर और ग्वालियर में कांग्रेस की ओर से महापौर पद के उम्मीदवार आगे चल रहे हैं जबकि भोपाल, इंदौर और उज्जैन में भाजपा के प्रत्याशी बढ़त बनाए हुए हैं। निर्वाचन कार्यालय ने कहा कि बुरहानपुर में भाजपा की माधुरी पटेल ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी और कांग्रेस उम्मीदवार शहनाज अंसारी को 542 मतों के अंतर से हराया। सतना में भाजपा के प्रत्याशी योगेश कुमार ताम्रकर ने कांग्रेस के सिद्धार्थ कुशवाहा को 24,916 मतों के अंतर से पराजित किया। खंडवा में भाजपा की उम्मीदवार अमृता यादव ने कांग्रेस की आशा जैन को 19,763 मतों से पराजित किया। इसके अलावा, सागर में भाजपा की उम्मीदवार संगीता तिवारी ने कांग्रेस की निधि जैन को 12,665 मतों से हराया। वहीं, सिंगरौली से आम आदमी पार्टी की प्रत्याशी रानी अग्रवाल ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी भाजपा के चंद्र प्रताप विश्वकर्मा को 9,231 मतों के अंतर से हराया। आम आदमी पार्टी (आप) ने पहली बार मप्र निकाय चुनाव में कदम रखा है। आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने चुनाव प्रचार के दौरान अग्रवाल के समर्थन में रोड शो किया था। छिंदवाड़ा में कांग्रेस के विक्रम सिंह आहके ने भाजपा के अंतर कुमार धुर्वे को 3,786 मतों के अंतर से पराजित किया।

## नए भारत में अधिकार मांगने वालों को गिरफ्तार किया जाएगा

**नई दिल्ली**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बेरोजगारी और प्रदर्शन कर रहे युवाओं के खिलाफ कार्वाई के मुद्दे पर रविवार को सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, नए भारत में अधिकार मांगने वालों को गिरफ्तार किया जाएगा।

गांधी ने ट्विटर पर एक वीडियो साझा करके नौकरियों को लेकर सरकार के खिलाफ तीखा हमला किया, जिसमें कुछ युवाओं को उत्तर प्रदेश रोडवेज की बस में पुलिस द्वारा ले जाते हुए दिखाया गया है।गांधी ने ट्वीट किया, सवाल मत पूछो। आवाज़ मत उठाओ। शांतिपूर्ण प्रदर्शन मत करो, नए भारत में हक मांगने पर होगी गिरफ्तारी। युवाओं को बेरोज़गार बना कर, करोड़ों परिवारों की आस तोड़ कर, देश का भविष्य उजाड़ रही है ए तानाशाह सरकार। वीडियो में एक कैप्शन है: एसएससीजीडी 2018 के उम्मीदवारों का जुर्म क्या है, न्याय मांगना?

## उपराष्ट्रपति ने गवर्नर-एलजी को दिया भोज

**नई दिल्ली**



उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने रविवार को यहां सभी राज्यपालों और उपराज्यपालों के लिए आयोजित दोपहर के भोज में पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ से मुलाकात की, जिन्हें उनका उत्तराधिकारी बनना तय माना जा रहा है। उपराष्ट्रपति सचिवालय ने दोनों नेताओं की तस्वीर ट्विटर पर साझा की है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने शनिवार को उपराष्ट्रपति पद के लिए धनखड़ को अपना उम्मीदवार घोषित किया। इसके जवाब में विपक्षी दलों ने रविवार को राजस्थान की पूर्व राज्यपाल मार्गरेट अल्वा को उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए अपने संयुक्त उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतारने का फैसला किया। नायडू का कार्यकाल 10 अगस्त को समाप्त हो रहा है और नए उपराष्ट्रपति 11 अगस्त को पदभार ग्रहण करेंगे। उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव छह अगस्त को होगा। उपराष्ट्रपति निवास में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी मौजूद थे। चुनाव में विपक्ष के मुकाबले राजग को स्पष्ट रूप से बढ़त है। उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव में लोकसभा और राज्यसभा के सभी सदस्य मतदान करते हैं। उपराष्ट्रपति चुनाव में मनोनीत सांसद भी मतदान के लिए पात्र होते हैं। अधिकारियों ने कहा कि राज्यपाल और उपराज्यपाल शनिवार को एक आधिकारिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए दिल्ली में थे और नायडू ने उनके लिए दोपहर का भोज आयोजित करने का फैसला किया।

### सैयद का दवा : उद्धव और शिंदे के बीच मुलाकात होने वाली है

**मुंबई।** मराठी अभिनेत्री एवं खुद को शिवसेना नेता बताने वाली दीपाली सैयद ने दावा किया है कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और शिवसेना अध्यक्ष उद्धव ठाकरे मतभेदों को सुलझाने के लिए मुलाकात करने पर सहमत हो गए हैं। सैयद के उस ट्वीट के बाद, जिसमें दावा किया गया है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कुछ नेता ठाकरे और शिंदे के बीच एक आगामी बैठक को लेकर मध्यस्थता कर रहे हैं, शिवसेना के एक पदाधिकारी ने रविवार को कहा कि सैयद के पास पार्टी में कोई पद नहीं है। दीपाली सैयद शिवसेना के टिकट पर ठाणे मुंब्रा-कलवा से चुनाव लड़ा था।

## आईसीएसई ने दसवीं कक्षा की परीक्षा के परिणाम घोषित किए, चार छात्र शीर्ष पर

**नई दिल्ली**

इंडियन सर्टिफिकेट ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (आईसीएसई) ने रविवार को दसवीं कक्षा की परीक्षा के परिणाम घोषित किए। घोषित परिणाम के अनुसार चार छात्रों ने 99.8 प्रतिशत अंकों के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। शीर्ष स्थान हासिल करने वाले इन चार छात्रों में हरगुन कौर मथारू (पुणे), अनिका गुप्ता (कानपुर), पुष्कर त्रिपाठी (बलरामपुर) और कनिष्क मित्तल (लखनऊ) शामिल हैं। परीक्षा में 99.6 प्रतिशत अंक के साथ 34 छात्र दूसरे स्थान पर, जबकि 99.4 प्रतिशत अंक के साथ 72 छात्र तीसरे स्थान पर हैं। काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशंस (सीआईएससीई) ने दो साल बाद मेरिट लिस्ट की घोषणा की है, क्योंकि कोविड-19 महामारी के कारण परीक्षा आयोजित नहीं होने के बाद वैकल्पिक मूल्यांकन योजना के आधार पर परिणाम घोषित किए गए थे।

अधिकारियों ने कहा कि लड़कियों के पास होने का प्रतिशत (99.98 प्रतिशत), लड़कों (99.97 फीसदी) की तुलना में थोड़ा अधिक है। समग्र उत्तीर्ण प्रतिशत 99.97 प्रतिशत है। सीआईएससीई ने शनिवार को घोषणा की थी कि पहले और दूसरे सेमेस्टर दोनों के अंकों को अंतिम अंक में समान वेटेज दिया गया और जो उम्मीदवार सेमेस्टर। या सेमेस्टर 2 परीक्षाओं में शामिल नहीं हुए थे, उन्हें अनुपस्थित माने जाएंगे और उनके परिणाम घोषित नहीं किए जाएंगे।

### जरा हट के... बग्गा




### मेडिकल | चिकित्सकों को भारत में प्रैक्टिस की अनुमति देने के लिए परीक्षा आयोजित की जाएगी

## पाक से पलायन कर आए डॉक्टरों को परीक्षा देना होगी...

**नई दिल्ली**



राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) ने उस प्रस्तावित परीक्षा से जुड़े दिशा-निर्देश तैयार करने के लिए एक विशेषज्ञ समूह का गठन किया है, जो पाकिस्तान से पलायन कर भारत आए और यहां की नागरिकता हासिल कर चुके पड़ोसी देश के उत्पीड़ित अल्पसंख्यक समुदायों के मेडिकल स्नातकों को देश में प्रैक्टिस करने के लिए स्थाई पंजीकरण कराने की अनुमति देगी। यह कदम उन चिकित्सा स्नातकों के लिए उम्मीद की नई किरण जगाता है, जो पाकिस्तान से भारत आने के बाद देश में कानूनी रूप से चिकित्सक के तौर पर सेवा नहीं दे पा रहे हैं। दशकों से, पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश से बड़ी संख्या में हिंदू, सिख, जैन और ईसाई समुदाय के लोग भारत में पलायन करने के बाद भारतीय नागरिकता देने की मांग करते रहे हैं।

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने साल 2021 में संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान बताया था कि पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश के गैर-मुस्लिमों से भारतीय नागरिकता के लिए 8,244 आवेदन मिले थे, जिनमें से 3,117 को स्वीकर कर लिया गया है।

गौरतलब है कि संसद ने 2019 में नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) पारित किया था, जिसमें पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश में उत्पीड़न के शिकार हुए अल्पसंख्यकों को भारतीय नागरिकता देने का प्रावधान है। हालांकि, यह कानून फिलहाल लागू नहीं किया जा सका है, क्योंकि सीएए के तहत नियम-कायदे तय होना बाकी है। पाकिस्तान के उमेरकोट से 2004 में पलायन कर राजस्थान के जोधपुर पहुंचे डॉ. एल एन जांगीड़ (49) एक निजी क्लीनिक में एक चिकित्सक के सहायक के रूप में काम कर रहे हैं। उन्हें 2019 में भारतीय नागरिकता हासिल हुई थी।जिन्ना सिंध चिकित्सा विश्वविद्यालय से एमबीबीएस की उपाधि लेने के बावजूद डॉ. जांगीड़ का काम महज मरीजों का चिकित्सकीय पृष्ठभूमि दर्ज करने, उनका रक्तचाप मापने और चिकित्सक द्वारा सुझाई गई दवा की खुराक समझाने तक सीमित है। डॉ. जांगीड़ ने पीटीआई-भाषा से कहा, मुझे एक चिकित्सा सहायक के रूप में काम करके बहुत दुख होता है। मुझे हर पल उन दिनों की याद आती है, जब मैं पाकिस्तान में एक डॉक्टर के रूप में काम करता था, मरीजों को परामर्श देता था और उन्हें दवा सुझाता था।

### तृणमूल उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार पर 21 जुलाई को रुख स्पष्ट करेगी

**कोलकाता।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार द्वारा मार्ग्रेट अल्वा को 17 विपक्षी दलों की ओर से संयुक्त रूप से उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाए की घोषणा करने के बाद तृणमूल कांग्रेस ने कहा कि वह इस पर 21 जुलाई को अपना रुख स्पष्ट करेगी। पार्टी के सांसद 21 जुलाई को ममता बनर्जी की अध्यक्षता में बैठक में शामिल होंगे और इसके बाद इस संबंध में घोषणा की जाएगी। पार्टी का शीर्ष नेतृत्व उपराष्ट्रपति चुनाव के पूरे मुद्दे पर चर्चा और इसकी समीक्षा कर रहा है। उन्होंने कहा, हम एक अनुशासित पार्टी हैं।

## शारजाह से हैदराबाद जा रहे इंडिगो के विमान को कराची में उतारा गया

**नई दिल्ली / कराची**

शारजाह से हैदराबाद जा रही इंडिगो की एक उड़ान के एक इंजन में गड़बड़ी आने का पता चलने के बाद रविवार को एहतियात के तौर पर उसे कराची हवाईअड्डे पर उतारा गया। इससे पहले, 14 जुलाई को इंडिगो की दिल्ली-वड़ोदरा उड़ान का मार्ग एहतियात के तौर परिवर्तित करते हुए उसे जयपुर ले जाया गया था क्योंकि विमान के एक इंजन में कंपन हो रहा था। डीजीसीए दोनों घटनाओं की जांच कर रहा है।इंडिगो ने रविवार की घटना के बारे में एक बयान में कहा कि शारजाह से हैदराबाद जा रही उसकी उड़ान 6ई-1406 के मार्ग को परिवर्तित करते हुए उसे कराची ले जाया गया। आवश्यक प्रक्रियाओं का पालन किया गया और एहतियात के तौर पर विमान के मार्ग को परिवर्तित कर उसे कराची ले जाया गया। यात्रियों को हैदराबाद लाने के लिए एक वैकल्पिक विमान कराची भेजा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि इंडिगो की प्रतिस्पर्धी एअरलाइन स्पाइसजेट अभी डीजीसीए की जांच के दायरे में है। डीजीसीए ने 19 जून के बाद से इसके विमानों में तकनीकी गड़बड़ी की कम से कम आठ घटनाएं होने के बाद छह जुलाई को स्पाइसजेट को कारण बताओ नोटिस जारी किया था।

**श्रीलंका राजनीतिक, आर्थिक व मानवीय संकट में घिरा हुआ है। सत्ता में बैठे लोग रणछोड़ बन चुके हैं, जनता सड़कों पर है। हर तरफ त्राहिमाम है। चार साल पहले तक विश्व बैंक की दृष्टि से एक आर्थिक रूप से मजबूत देश श्रीलंका की आखिर इतने कम समय में दीवालिये की दशा क्यों हो गई? क्या विश्व बैंक, अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष, संयुक्त राष्ट्र जैसी ग्लोबल संस्थाएं बिना जांच पड़ताल किये किसी के इशारे पर किसी देश के बारे में रिपोर्ट जारी करती है? श्रीलंका का उदाहरण बताता है कि विकासशील देशों के बारे में इनकी रिपोर्टें सच के मानकों पर खरी नहीं होतीं। श्रीलंका में नई सरकार कब बनेगी, वह देश को इस संकट से कैसे उबारेगी, श्रीलंका को ऐसी हालत में पहुंचाने वाले शासकों को क्या सजा मिलेगी आदि यक्ष प्रश्न हैं। चीन से कर्ज लेना श्रीलंका को भारी पड़ा तो क्या छोटे देश इससे सबक लेंगे? नेपाल के बाद भारत ने इस संकट में श्रीलंका की भरपूर मदद की है, तो क्या भारत के पड़ोसी देश चीन के कर्जजाल में नहीं फंसेंगे? इन्हीं सवालों के उत्तर की पड़ताल करता आजकल का यह अंक..**



# छोटे देशों के लिए सबक बना श्रीलंका



विश्लेषण
प्रमोद जोशी
वरिष्ठ पत्रकार

**राजनीतिक स्थिरता के बाद ही आईएमएफ से बेल आउट पैकेज को लेकर बातचीत हो सकती है। सबसे पहले हमें समझना होगा कि समस्या है क्या। समस्या के पीछे अनेक कारण हैं। विदेशी मुद्रा कोष खत्म हो गया है, जिसके कारण जरूरी वस्तुओं का आना बंद हो गया है। 2019 में हुए चर्च में हुए विस्फोट, कोविड-9 के कारण पर्यटन उद्योग को लगा धक्का, खेती में रासायनिक खादों का इस्तेमाल एकमुश्त खत्म करके ऑर्गेनिक खेती शुरू करने की नीति, इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए चीनी कर्ज को चुकाने की दिक्कतें और धीरे-धीरे आर्थिक गतिविधियों का ठप होना।**

श्रीलंका में राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे ने जनता के दबाव में इस्तीफा दे दिया है। खबरों के मुताबिक वे मालदीव होते हुए सिंगापुर पहुंच गए हैं। प्रधानमंत्री रानिल विक्रमासिंघे को अंतरिम राष्ट्रपति पद की शपथ दिलाई गई है। देश में जनांदोलन का आज 99वां दिन है। शनिवार 9 जुलाई को राष्ट्रपति भवन में भीड़ घुस गई। इसके बाद गोटाबाया राजपक्षे ने इस्तीफे की घोषणा की। देश में राजनीतिक असमंजस है, आर्थिक स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। वहां सर्वदलीय सरकार बनाने की कोशिश हो रही है। अंतरिम राष्ट्रपति के शपथ लेने से समस्या का समाधान नहीं होगा। संसद को राष्ट्रपति चुनना होगा, जो गोटाबाया के शेष कार्यकाल को पूरा करे। उनका कार्यकाल 2024 तक है। इस जनांदोलन के पीछे सकारात्मकता भी दिखाई पड़ी है। भीड़ ने राष्ट्रपति भवन पर कब्जा जरूर किया, पर राष्ट्रीय सम्पत्ति को नष्ट करने की कोई कोशिश नहीं की, बल्कि रक्षा की। सेना ने आंदोलनकारियों के दमन का प्रयास नहीं किया।



## हालात के अनेक कारण

राजनीतिक स्थिरता के बाद ही आईएमएफ सेबेल आउट पैकेज को लेकर बातचीत हो सकती है। सबसे पहले हमें समझना होगा कि समस्या है क्या। समस्या के पीछे अनेक कारण हैं। विदेशी मुद्रा कोष खत्म हो गया है, जिसके कारण जरूरी वस्तुओं का आना बंद हो गया है। 2019 को हुए चर्च में हुए विस्फोट, कोविड-9 के कारण पर्यटन उद्योग को लगा धक्का, खेती में रासायनिक खादों का इस्तेमाल एकमुश्त खत्म करके ऑर्गेनिक खेती शुरू करने की नीति, इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए चीनी कर्ज को चुकाने की दिक्कतें और धीरे-धीरे आर्थिक गतिविधियों का ठप होना। सरकार रास्ते खोज पाती कि जनता का गुस्सा फूट पड़ा, पर समाधान राजनीतिक और प्रशासनिक गतिविधियों से ही निकलेगा।

## दिवालिया देश

महीने की शुरुआत में प्रधानमंत्री रानिल विक्रमासिंघे ने कहा था कि देश दिवालिया हो चुका है। पेट्रोल और डीजल खत्म हो चुका है। परिवहन तकरीबन ठप है। शहरों तक भोजन सामग्री नहीं पहुंचाई जा सकती है। दवाएं उपलब्ध नहीं हैं। अस्पतालों में सर्जरी बंद हैं। विदेश से चीजें मंगवाने के लिए पैसा नहीं है। अच्छे खासे घरों में फांके शुरू हो गए हैं। स्कूल बंद हैं। सरकारी दफ्तरों तक में छुट्टी है। निजी क्षेत्र काम ही नहीं कर रहा है। इसके पहले अप्रैल के महीने में श्रीलंका सरकार ने कहा था कि वह 51 अरब डॉलर के विदेशी कर्ज का भुगतान करने की स्थिति में नहीं है। विदेश से पेट्रोल, दवाएं और जरूरी सामग्री खरीदने के लिए विदेशी मुद्रा नहीं है।

## विदेशी मुद्रा का संकट

जनवरी में लगने लगा था कि विदेशी-मुद्रा कोष के क्षरण के कारण श्रीलंका में डिफॉल्ट की स्थिति पैदा हो जाएगी। राजपक्षे परिवार ने चीन और भारत से मदद मांगी। 15 जनवरी को विदेश मंत्री एस जयशंकर ने श्रीलंका के वित्तमंत्री बासिल राजपक्षे के साथ बातचीत की, जिससे स्थिति बिगड़ने से बची। दिसंबर में पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना ने श्रीलंका के साथ 1.5 अरब डॉलर का करेंसी स्वैप किया। 13 जनवरी को भारत ने फौरी तौर पर 90 करोड़ डॉलर के ऋण की घोषणा की थी, ताकि श्रीलंका खाद्य-सामग्री का आयात जारी रख सके। इन दोनों वित्तीय पैकेजों ने कुछ समय के लिए उसे बड़े संकट से बचा लिया, पर यह स्थायी समाधान नहीं था।

## अनुशासनहीनता

वर्तमान बदहाली के पीछे राजनीतिक अनुशासनहीनता का हाथ है। 2019 में गोटाबाया राजपक्षा के राष्ट्रपति बनने के बाद आईएमएफ की उन मौद्रिक और राजकोषीय नीतियों को त्याग दिया गया, जो उसके तीन साल पहले इसी किस्म का संकट पैदा होने पर अपनाई गई थीं। श्रीलंका में सत्ता-परिवर्तन के पीछे लंबी जद्दोजहद थी। नई सरकार ने आते ही तैश में या लोकप्रियता बटोरने के इरादे से टैक्सों और ब्याज में कमी कर दी। यह देखे बगैर कि जरूरत किस बात की है। ऊपर से कोविड-19 ने परिस्थिति को बदल दिया। अब आईएमएफ के पास जाना भी राजनीतिक रूप से तमाचा होता। आईएमएफ की शर्तों की खुली आलोचना कर चुके थे। वे इसे संप्रभुता में हस्तक्षेप मानते रहे।

## देखते ही देखते तबाही

संकट तब पैदा हुआ, जब हालात सुधरने की आशा थी। महामारी के कारण अंतरराष्ट्रीय विमान सेवाओं पर लगी रोक के कारण पर्यटन-कारोबार ठप हो गया। पर्यटक अब आने लगे हैं, पर पहले के मुकाबले 20 फीसदी भी नहीं हैं। निर्यात बढ़ा, कंपनियों की आय बढ़ी, फिर भी अर्थव्यवस्था लंगड़ा गई। पुराने कर्जों को निपटाने में विदेशी मुद्रा का भंडार खत्म होने लगा। इससे पेट्रोल, रसोई गैस, गेहूं और दवाओं के आयात पर असर पड़ा। रुपये की कीमत घटती गई, जिससे विदेशी सामग्री और महंगी हो गई। संकट पिछले साल के अंत में ही नजर आने लगा था। नवंबर 2021 में श्रीलंका का विदेशी मुद्रा भंडार मात्र 1.2 अरब डॉलर रह गया। दिसंबर में एक महीने के आयात के लायक एक अरब डॉलर की मुद्रा हाथ में थी। 18 जनवरी को 50 करोड़ डॉलर के इंटरनेशनल सॉवरिन बॉण्ड की अदायगी अलग से होनी थी, जिसके डिफॉल्ट की स्थिति पैदा हो गई थी। इससे बचने के लिए बाहरी मदद की जरूरत पड़ी।

## दिवालिया घोषित

जनवरी में केंद्रीय बैंक ने जानकारी दी कि 38.2 करोड़ डॉलर के स्वर्ण भंडार में से आधा बेच दिया गया है। अफवाह थी कि बाकी भी बिक गया। ईरान से तेल खरीद के एवज में 25.1 करोड़ डॉलर की रकम के बदले में चाय भेजी गई। सरकारी संपत्तियाँ बेचने का फैसला हुआ, पर खरीदार नहीं थे। चीन और भारत की सहायता से जनवरी में काम चल गया, पर मार्च श्रीलंका के पास केवल 1.9 अरब डॉलर का विदेशी मुद्रा कोष था, जबकि विदेशी कर्जों का भुगतान करने के लिए 4 अरब डॉलर की जरूरत थी। जुलाई में एक अरब डॉलर के इंटरनेशनल सॉवरिन बॉण्ड की अदायगी सिर पर थी। पूरे साल में 8.6 अरब डॉलर का कर्ज उसे चुकाना था। ऐसे में अप्रैल के महीने में श्रीलंका ने खुद को दिवालिया घोषित कर दिया। श्रीलंका पर 2005 में 11.3 अरब डॉलर का विदेशी कर्ज था, जो 2020 में बढ़कर 56.3 अरब डॉलर हो गया।

## सरकारी नादानी

2019 के राष्ट्रपति पद के चुनाव में गोटाबाया राजपक्षे ने श्रीलंका के लिए जिस 'नए नज़रिए' का खाका पेश किया, उसमें खेती के लिए एक 'साहसिक नीति' शामिल थी। इसके तहत 10 साल में खेती को पूरी तरह ऑर्गेनिक (रासायनिक खादों से मुक्त और जैविक खाद पर आधारित) बनाने की योजना थी। इस नीति की विफलता को भी श्रीलंका के मौजूदा आर्थिक संकट की एक बड़ी वजह माना जा रहा है। साठ के दशक में विकासशील देशों के लिए चलाए गए 'हरित क्रांति' अभियान के तहत श्रीलंका में उपज बढ़ाने के प्रयास शुरू हुए। इसमें उन्नत किस्मों को आजमाया गया। आधुनिक तकनीक इस्तेमाल की गई। पैदावार बढ़ाने के लिए बहुतायत में पोषक तत्व इस्तेमाल किए गए। किसानों को ज़्यादा से ज़्यादा रासायनिक खाद प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। किसानों को सब्सिडी दी गई, छोटे किसानों को 90 प्रतिशत तक सब्सिडी मिली, पर श्रीलंका में रासायनिक खाद का उत्पादन नहीं होता। उसका आयात होता है। श्रीलंका चीनी, गेहूं और दूध का भी आयात करता है। इन सबके लिए विदेशी मुद्रा आती थी पर्यटन से। पर 2020 में कोविड-19 के कारण पर्यटकों का आना अचानक रुक गया और विदेशी मुद्रा की आमद बंद हो गई। लगभग उसी वक्त उर्वरकों की सप्लाई चेन टूटने लगी। दुनिया भर में खाद की भी कमी हो गई।

## ऑर्गेनिक खेती

रासायनिक खाद से जुड़ी एक और दिक्कत थी। पैदावार तो बढ़ी, लेकिन क्रॉनिक किडनी डिज़ीज़ ऑफ अननोन ईटियॉलॉजी (सीकेडीयू) की बीमारी के मामले सामने आए। श्रीलंका 'सीकेडीयू' का हॉटस्पॉट बन गया। आशंका जाहिर की गई कि किसान जो रासायनिक खाद इस्तेमाल करते हैं, वही इस बीमारी की वजह है। ये सिर्फ़ अनुमान थे, इसका कोई वैज्ञानिक प्रमाण नहीं था। सरकार ने तय किया कि खेती में बड़ा बदलाव होना चाहिए। रासायनिक खादों पर पाबंदी लगा दी। देश के सभी खेत जैविक खाद पर निर्भर होने जा रहे थे। शायद इसके पीछे विदेशी मुद्रा बचाने का विचार भी था। ऑर्गेनिक उत्पादों की अच्छी मांग है कीमत अच्छी मिलती है, पर एकमुश्त बदलाव में जोखिम भी थे। ऊपर से कोविड के कारण हालात बदल गए।

## खाद्य-संकट

ऑर्गेनिक खेती की योजना पिछले साल अप्रैल में लागू हुई और दिक्कतें तभी से सामने आने लगीं। देश में ज़रूरत के मुताबिक जैविक खाद पैदा करने की क्षमता नहीं थी। देश में खाद्य संकट पैदा हो गया। सरकार को भारत और म्यांमार से 40 लाख मीट्रिक टन चावल मंगाना पड़ा। नवंबर के आखिर में सरकार ने प्रतिबंध पर आंशिक छूट दे दी और रासायनिक खाद आयात करने की अनुमति दी। यह छूट चाय, रबर और नारियल जैसी निर्यात के लिए जरूरी फसलों के लिए थी। तब तक चोट लग चुकी थी और रासायनिक खाद खरीदने के लिए भी पैसा नहीं बचा था।

## अब क्या हो

जनता के दबाव में देश को फिलहाल राजपक्षे परिवार के शासन से मुक्ति मिल गई है। यह काम विरोधी दल नहीं कर पा रहे थे, पर इसके आगे क्या? नई सर्वदलीय सरकार का गठन आसान नहीं होगा। देश का विपक्ष काफी बिखरा हुआ है। उनके पास संसद में बहुमत भी नहीं है। सत्तारूढ़ दल के समर्थन से विरोधी दलों की सरकार बन भी गई, तब भी देश की अर्थव्यवस्था को संभाल पाना काफी मुश्किल होगा। सरकार बदलने से आर्थिक-समस्याओं का समाधान नहीं हो जाएगा। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष भी सहायता करने के पहले देश की राजनीतिक स्थिरता की सुनिश्चितता चाहेगा। एक सुझाव है कि फौरन चुनाव हों और संविधान में बुनियादी बदलाव किए जाएं। अध्यक्षात्मक व्यवस्था को संसदीय प्रणाली में बदला जाए। इन हालात में अस्थायी सरकार समस्याओं के समाधान नहीं कर पाएगी।

# स्वार्थी नेताओं ने गर्त में धकेला



श्रीलंका
प्रभात कुमार रॉय
विश्लेषक व वरिष्ठ पत्रकार

हिंद महासागर की लहरों के मध्य भारत से 55 किलोमीटर की दूरी पर दक्षिण में श्रीलंका एक आईलैंड है, जिसका कुल क्षेत्रफल 65,610 स्कवायर किलोमीटर है और आबादी है तकरीबन 2 करोड़ 30 लाख। आर्थिक संकट से जूझता श्रीलंका आजकल राजनीतिक अस्थिरता की चपेट में भी आ चुका है। सन 1948 में ब्रिटिश आधिपत्य से आजाद हुए श्रीलंका को विगत 74 वर्षों की आजादी के दौर में इस कोटि की आर्थिक कठिनाइयों को कदाचित नहीं झेलना पड़ा, जैसी कि आजकल झेलनी पड़ रही हैं। श्रीलंका में भोजन, दवा, ईंधन तथा अन्य अति आवश्यक वस्तुओं का भी घनघोर अकाल पड़ गया है। परिणामस्वरूप आम जनमानस के धैर्य का बांध अंततः धवस्त हो गया आम लोगों ने एकजुट होकर राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के आवासों पर अपना आधिप्तय स्थापित कर लिया है। श्रीलंका में दिनकर की पंक्तियां साकार हो उठी हैं.. सिंहासन खाली करो कि जनता आती है...!

## रिपोर्ट के उलट

वर्ष 2018 में विश्व बैंक की एक रिपोर्ट में विकासशील देशों की श्रेणी में श्रीलंका को एक उभरती हुई संपन्न अर्थव्यवस्था करार दिया गया था, जिसकी विकास दर तकरीबन 9 प्रतिशत आँकी की गई थी। श्रीलंका की प्रति व्यक्ति औसत आमदनी तकरीबन 4 लाख रुपये प्रतिवर्ष बताई गई थी, जोकि भारत की प्रति व्यक्ति औसत आमदनी से लगभग दो गुनी थी। फिर ऐसा क्या हो गया देखते देखते कि महज चार वर्ष के अंतराल में एक संपन्न देश श्रीलंका दिवालिया हो जाने के कगार पर खड़ा हो गया है, क्योंकि अपने कर्ज का ब्याज तक चुकाने में नाकाम साबित हो गया है। अतः यथाशीघ्र विश्व पटल पर श्रीलंका को दिवालिया (डिफाल्टर) देश घोषित किया जा सकता है। श्रीलंका का विदेशी मुद्रा का भंडार तकरीबन खाली हो गया है, जो वर्ष 2020 में 7.5 बिलियन डॉलर का था।

## नेताओं की भूमिका

श्रीलंका के इन बेहद बिगड़े हुए आर्थिक हालात की गहन विवेचना करें तो एक कटु तथ्य स्पष्ट तौर पर उभर कर सामने आता है कि राजसत्ता के मद में मदांध हो गए नेताओं ने श्रीलंका की अर्थव्यवस्था को गर्त में धकेल दिया। 28 वर्ष से निरंतर जारी रहे तमिल बनाम सिंहली गृहयुद्ध को सन 2009 में महिंदा राजपक्षे और गोटाबाया राजपक्षे ने जीतकर युद्ध नायकों का खिताब हासिल कर लिया था। युद्ध नायक बने राजपक्षे भ्राता अंततोगत्वा श्रीलंका के राजनायक भी बन गए और श्रीलंका की राजसत्ता में राजपक्षे डॉयनेस्टी की बाकायदा स्थापना हो गई। 2019 में तुगलकी फरमान जारी करते हुए प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे द्वारा शासकीय टैक्स की दर 16 प्रतिशत से घटाकर 8 प्रतिशत कर दी गई। जिससे शनैः शनैः श्रीलंका का सरकारी खजाना



खाली होने लगा। राजपक्षे डॉयनेस्टी द्वारा श्रीलंका में सांप्रदायिक तौर पर बौद्ध धर्म से प्रेरित सिंहली राष्ट्रवाद को उग्रता के साथ परवान चढ़ाया गया, जिसके कारण अल्पसंख्यक तबकों में खासकर मूलतः मूल समुदाय के मुसलमानों और हिंदू समुदाय के तमिलों में असंतोष और अधिक गहरा गया। अप्रैल 2019 में श्रीलंका में जेहादियों द्वारा अंजाम दिए गए इस्टर बम धमाकों ने पर्यटन उद्योग को चौपट करना शुरू कर दिया था, रही सही कसर सन 2020 में कोविड-19 के विश्वव्यापी कहर ने पूरी कर दी। श्रीलंका को सबसे अधिक 44000 करोड़ रुपयों की विदेशी मुद्रा प्रदान करने वाला पर्यटन व्यवसाय तकरीबन बैठ गया। जब विदेशी मुद्रा भंडार अत्यंत कम हो गया तो राजपक्षे डॉयनेस्टी ने फर्टिलाइजर के आयात पर पूर्ण प्रतिबंध आयद कर दिया और किसानों को केवल देसी आर्गेनिक फर्टिलाइजर इस्तेमाल करने का हुक्म जारी कर दिया, नतीजा यह निकला की खाद्यान्न की पैदावार कम होने लगी। इस दौर में आर्थिक संकट से बाहर आने की खातिर अंतरराष्ट्रीय कर्ज लेना बाकायदा जारी रखा गया। इस कटु सत्य की परवाह किए बिना कि वक्त पर इस कर्ज का ब्याज तो चुकाना ही पड़ेगा अन्यथा विश्व पटल पर दिवालिया (डिफाल्टर) घोषित कर दिए जाओगे। श्रीलंका में घनघोर आर्थिक संकट के बावजूद राजपक्षे परिवार द्वारा शासकीय व्यय में कहीं कोई कमी नहीं की गई, अतः राजकोषीय घाटा वर्ष 2021-22 में बढ़कर 15 प्रतिशत से अधिक हो गया है। श्रीलंका के बजट की सत्तर फीसदी रकम तो विदेशी कर्ज का ब्याज चुकाने में चली जाती है। आर्थिक विकास के नाम पर विदेशी कर्ज लेकर घी पीने का जनून किसी देश के लिए कितना विनाशकारी सिद्ध हो सकता है, श्रीलंका इसका ज्वलंत उदाहरण है। अपने साधन संसाधनों द्वारा ही आर्थिक विकास किया जाना ही अंततः सार्थक सिद्ध हो सकता है। विकासशील देशों के लिए आर्थिक समानता और परम सादगी से बढ़कर वास्तविक विकास का कोई मूलमंत्र नहीं है।

## विदेशी कर्ज का भार

श्रीलंका पर आयद अंतरराष्ट्रीय कर्ज की यदि विवेचना करें तो कथित आर्थिक विकास के लिए श्रीलंका द्वारा विश्व बैंक से 3.3 बिलियन डॉलर, एशियन डवलपमेंट बैंक से 4.4 बिलियन डॉलर, चीन से 3.4 बिलियन डॉलर, जापान से 3.4 बिलियन डॉलर, भारत से 859 मिलियन डॉलर, अंतरराष्ट्रीय बाजार से 16.4 बिलियन डॉलर का कर्ज लिया गया। श्रीलंका पर चीन का कर्ज वस्तुतः कुल अंतरराष्ट्रीय कर्ज का मात्र 10 फीसदी है। श्रीलंका पर अंतरराष्ट्रीय बाजार का सबसे अधिक कर्ज है, जो कुल अंतरराष्ट्रीय कर्ज का 47 फीसदी है, यह कर्ज ऊंची ब्याज दरों पर लिया गया है। चीन का राजनीतिक प्रभाव वस्तुतः राजपक्षे डॉयनेस्टी पर कायम रहा, क्योंकि तमिल टाइगरों को परास्त करने के लिए चीन ने राजपक्षे डॉयनेस्टी को भरपूर सैन्य मदद फराहम की थी।

चीन का कर्ज अदा ना कर सकने के कारणवश श्रीलंका के हंबनटोटा बंदरगाह पर चीन का आधिपत्य हो जाना तो सर्वविदित है। श्रीलंका के गहन आर्थिक संकट की घड़ी में चीन अब तो हाथ झाड़कर खड़ा हो गया है। चीन का मकसद केवल स्ट्रींग ऑफ पर्ल्स की सैन्य रणनीति को तहत भारत को चारों तरफ से घेरना रहा है। नेबरहुड फर्स्ट की विदेश नीति के तहत भारत के लिए श्रीलंका सदैव से विशिष्ट देश रहा है। भारत श्रीलंका का सच्चा मित्र देश सिद्ध हुआ। चार बिलियन डॉलर की सहायता राशि भारत द्वारा श्रीलंका को प्रदान की जा चुकी है। श्रीलंका में राजनीतिक स्थिरता स्थापित हो जाने पर ही दुनिया के देश खासकर यूरोपीय यूनियन और अमेरिका संभवतया श्रीलंका की मदद के लिए आगे बढ़ेंगे, तब तक श्रीलंका के नागरिकों को अकेले ही बिगड़े हुए हालात से निपटना होगा।

# सियासत से उपजा मौजूदा संकट



बहुसंख्यकवाद
हर्षवर्धन पाण्डे
राजनीतिक विश्लेषक

श्रीलंका की अर्थव्यवस्था पूरी तरह चौपट हो गई है। श्रीलंका के इतिहास में आजादी के बाद ये पहली बार हुआ है जब जनता ने सरकार पर हमला किया है। दूसरे देशों के लिए यह स्थिति सबक है। इस घटना ने चार साल पहले स्पेन व इटली का याद दिला दी, जब सरकार की स्थिति खराब हो गई थी व जनता सड़कों पर थी।

## कुप्रबंधन का परिणाम

रानिल विक्रमसिंघे ने मई में जब प्रधानमंत्री पद संभाला था तब उन्होंने कहा था कि श्रीलंका रसातल की ओर जा रहा है और उसका पुनर्निर्माण बहुत मुश्किल काम है। श्रीलंका के हालात को सामान्य नहीं कहा जा सकता। नेताओं के खिलाफ जनसैलाब सड़कों पर उमड़ा है। श्रीलंका के साथ इस संकट में कोई भी देश साथ नहीं खड़ा है, लिहाजा सूरत बदलनी दूर की कोड़ी है। असल में महिंदा राजपक्षे के कुप्रबंधन ने श्रीलंका को सड़क पर ला दिया। कृषि पर निर्भर अर्थव्यवस्था बुरी तरह चरमरा गई। 80 प्रतिशत से अधिक महंगाई की दर ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। पेट्रोल पंपों में तेल की समस्या तो है ही, उसके साथ खाने, ईंधन और दवाइयों का अकाल हो गया है। जब पानी सिर से ऊपर बह गया तो शासक भाग खड़े हो हुए। सरकार के खिलाफ जन आक्रोश भी हर दिन नया रूप ले रहा है।

## गलत फैसले

श्रीलंका के पास इस समय 51 अरब डॉलर का विदेशी कर्ज है और उसका ब्याज चुकाने के लिए भी देश के पास पैसे नहीं हैं। चीन के साथ गलबहियां करके श्रीलंका ने अपनी संप्रभुता से समझौता किया, जिसकी कीमत जनता को चुकानी पड़ रही है। आर्थिक संकट की स्थिति गोटाबाया और उनसे पहले के दौर से लगातार बन रही थी, लेकिन सरकारें चीन की कारिस्तानियों को समझने में विफल रही। श्रीलंकाई लोगों के पास आज काम नहीं बचा है। चीन लगातार आंखें तरेर रहा है और कर्ज माफ़ी और किसी तरह की इमदाद देने से साफ़ मना कर दिया है। श्रीलंका पहला देश नहीं है, जो विदेशी निवेशकों द्वारा छोड़ दिया गया है। श्रीलंका की अर्थव्यवयस्था पूरी तरह आयातित तेल पर निर्भर है, लेकिन यूक्रेन संकट ने तेल की कीमतों में आग लगा दी है। श्रीलंका के हालात आने वाले दिनों में और खराब हो सकते हैं। दुनिया में फैली कोरोना महामारी, ऊर्जा की बढ़ती कीमतों और नागरिकों को खुश करने के लिए टैक्स में छूट से देश की अर्थव्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुई है जिससे विदेशी मुद्रा में कमी आई। इसी के चलते श्रीलंका में दवाओं, ईंधन, पेट्रोलियम और सभी आवश्यक वस्तुओं की



भारी कमी हो गई है। श्रीलंका में आजादी के बाद यह सबसे बड़ा वित्तीय संकट है। इस संकट के पीछे राजपक्षे के परिवारवाद और निरंकुशता बहुत हद तक जिम्मेदार है। विकास की चमचमाहट के नाम पर गरीब और विकासशील देशों को चीन पिछले कुछ समय से कर्ज के नाम पर फंसा कर बड़ा खेल कर रहा है, लेकिन दुनिया के कई देश चीन की चालों को समझ नहीं पाए हैं। श्रीलंका में हंबनटोटा बंदरगाह के लिए चीनी निवेश ने श्रीलंका की बर्बादी का अध्याय लिख दिया। वहां के शासक चीन की मंशा भांपने में सफल नहीं हो सके कि जब वित्तीय परिस्थितियां डगमग होंगी तो कीमत नेतृत्व को आज नहीं तो कल चुकानी ही होगी। यही श्रीलंका के नेतृत्व के साथ आज हो रहा है।

## रेटिंग एजेंसियों की चेतावनी

पिछले महीने दो ग्लोबल क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों ने चेतावनी दी कि श्रीलंका अपने कर्जों को नहीं चुका पाएगा। फिच ने कहा था कि श्रीलंका की दिवालिया होने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। एसएंडपी ने कहा था कि श्रीलंका का डिफॉल्टर साबित होना तय है जिसके बाद दुनिया श्रीलंका के साथ खड़ी होने से कतरा रही है।

## अल्पसंख्यक समूहों के खिलाफ भेदभाव का लंबा इतिहास

श्रीलंका आर्थिक, राजनीतिक और मानवीय संकट की चपेट में है। मौजूदा अंतरिम राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे का श्रीलंकाई अल्पसंख्यक तमिलों के खिलाफ भेदभाव और सैन्यीकरण का भी एक लंबा इतिहास रहा है। विक्रमसिंघे पहली बार 1977 में संसद के लिए चुने गए थे। वह 1993 से 1996 तक प्रधानमंत्री थे और उन्होंने यूनाइटेड नेशनल पार्टी (यूएनपी) के भीतर वरिष्ठ पदों पर कार्य किया। एक मध्य-दक्षिणपंथी पार्टी, यूएनपी ने तमिलों के खिलाफ 1977, 1979, 1981 और 1983 में कई हमलों को देखते हुए जातीय तनावों को हवा दी। पार्टी द्वीप के उत्तर और पूर्व के उपनिवेशीकरण के लिए भी जिम्मेदार रही, जातीय संरचना को बदल दिया और जबरन तमिलों को उनके घरों से बेदखल किया। राजपक्षे की तरह, विक्रमसिंघे के भी सेना के साथ घनिष्ठ संबंध हैं। इसमें इसके वर्तमान प्रमुख, शैवेंद्र सिल्वा शामिल हैं, जिन्हें 2009 में तमिलों के नरसंहार में उनकी भूमिका के कारण अमेरिका में प्रवेश करने से रोक दिया गया था। विक्रमसिंघे ने संयुक्त राष्ट्र विशेषज्ञ पैनल की रिपोर्ट को खारिज कर दिया, जिसमें तमिलों के खिलाफ श्रीलंका सरकार के अत्याचारों को रेखांकित किया गया था। 2019 ईस्टर बम विस्फोटों के दौरान प्रधानमंत्री के रूप में, विक्रमसिंघे ने स्वीकार किया कि वह और उनकी सरकार भारत द्वारा संप्रेषित खुफिया जानकारी पर कार्रवाई करने में विफल रहे हैं।

## सिंहली राष्ट्रवाद से क्षति

विक्रमसिंघे और राजपक्षे जैसे राजनेताओं को उनकी सिंहली बौद्ध राष्ट्रवादी विचारधारा के कारण बहुसंख्यक सिंहली लोगों द्वारा राजनीतिक सत्ता के पदों पर रखा गया है, जिसके परिणामस्वरूप द्वीप पर अल्पसंख्यकों के खिलाफ भेदभाव और दंगों का एक लंबा इतिहास रहा है। सत्ता के दम पर इन नेताओं ने अर्थव्यवस्था के साथ खिलवाड़ किया और अंततः देश को दिवालिया करते हुए अपनी व्यक्तिगत संपत्ति को बढ़ाया। सिंहली बौद्ध विचारधारा के भीतर, कोई भी जो सिंहली-बौद्ध नहीं है, उसके लिए कोई स्थान नहीं है। वास्तव में, श्रीलंका का संविधान बौद्ध धर्म को सर्वोच्च शक्ति प्रदान करता है, जिससे हाशिए के समूहों के खिलाफ चल रहे भेदभाव का मार्ग प्रशस्त होता है। यह भेदभाव 1956 में शुरू हुआ, जब प्रधानमंत्री एस.डब्ल्यू.आर.डी. भंडारनायके ने सिंहली केवल अधिनियम लागू किया, जिससे सिंहली द्वीप की आधिकारिक भाषा बन गई और तमिलों को प्रमुख रोजगार क्षेत्रों से बाहर कर दिया गया। यह राष्ट्रवाद था जिसने योग्यता में निहित शासन को जातीयता द्वारा प्रतिस्थापित करने में सक्षम बनाया, जिसने काकिस्टोक्रेसी का नेतृत्व किया।

## वन विभाग की लापरवाही से सूख रहे है करोड़ो के पेड़

अखिलेश मिश्रा बिसौली( बदायूँ )

विश्व पर्यावरण दिवस नगर बिसौली के क्षेत्रों में सरकारी भूमि पर वन महोत्सव कार्यक्रम के तहत जून माह में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं तहसील प्रशासन व वन विभाग के अधिकारियों द्वारा सरकारी भूमि पर वृक्षारोपण कर बड़े ही धूमधाम के साथ वन महोत्सव कार्यक्रम मनाया गया था।इस अवसर पर बड़ी संख्या में वृक्ष लगाकर वृक्ष लगाओ पर्यावरण बचाओ का संदेश दिया गया था मगर वह कार्यक्रम महज रस्म अदायगी बनकर रह गया जिस दिन से वृक्षारोपण किया गया उस दिन से आज तक किसी जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी द्वारा लगाए गए पौधों को देखने की जरूरत नहीं समझी पानी ना लगने से एक एक सभी पौधे सूखने लग रहे है।देश में अंधाधुंध पेड़ों की कटाई के कारण ऑक्सीजन की मात्रा में कमी आई है और पृथ्वी का तापमान भी बढ़ रहा है जिससे कई वन्य जीव प्रजातियां विलुप्त हो रही है और मानव को भी सांस लेने में तकलीफ हो रही है पृथ्वी और मानव जाति जीव जंतुओं को बचाने के लिए सरकार द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस प्रतिवर्ष मनाया जाता है और इस अवसर पर सरकार की तरफ से वन महोत्सव का आयोजन कर पूरे देश में वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाए जाते हैं जिस पर सरकार का काफी पैसा खर्च होता है।मगर कुछ जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते वृक्षारोपण कार्यक्रम मात्र रस्म अदायगी बनकर रह जाता है।

और लगाए गए पौधों में पानी न लगने से सूख कर नष्ट हो जाते है।लाखो रुपये से सरकार द्वारा खरीदे हुए पौधे सम्बंधित अधिकारियों के लिए एक खेल बनकर रह गया।आखिर क्यों?सरकार द्वारा पर्यावरण बचाने के लिए वृक्षारोपण की एक प्रक्रिया अपनाई ताकि ज्यादा से ज्यादा पौधे लगे और उनकी देखभाल सही ढंग से हो ताकि प्रदेश बाशियो के लिए ताजातरीन शुद्ध हवा मिल सके।पर सरकार की मंशा के लिए बिसौली स्तित वन विभाग पानी फेरता नजर आ रहा है।

## यशकायी डॉक्टर सोनेलाल पटेल जी की 73 वीं जयंती पर वृहद स्तर पर अपना दल (एस) ने किया वृक्षारोपण



अमर ख्याल । संवाददाता

बदायूँ- अपना दल (एस) बदायूं संगठन द्वारा आज बदायूं जनपद में विभिन्न स्थानों पर यशःकायी डॉक्टर सोनेलाल पटेल जी की 73वीं जयंती के उपरांत डॉ सोनेलाल पटेल फाउंडेशन के तत्वाधान में वृहद वृक्षारोपड़ अभियान चलाया गया राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल केंद्रीय मंत्री भारत सरकार के निदेर्शानुसार वृहद वृक्षारोपण पखवारा का शुभारंभ के साथ रोपित वृक्षों को पुष्पित एवम फलित होने तक उनकी देखभाल का संकल्प लिया गया ,इस मौके पर जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह जिलाउपाध्यक्ष शिवेन्द्र पटेल जिलाउपाध्यक्ष एडवोकेट रघुवीर सिंह जिला महासचिव डॉक्टर एच एस पटेल जिला महासचिव गगन पटेल जिला सचिव राघवेंद्र सिंह प्रोफेसर पीके वर्मा जिला सचिव देशपाल सोलंकी जिला महासचिव युवा मंच ठाकुर लोकेश प्रताप सिंह किसान मंच उपाध्यक्ष जैनेंद्र पटेल आर्येंद्र फौजी यशपाल पटेल राजीव पटेल महिला मंच लता पटेल सुनहरी देवी नीरा राठौर भावना राठौर शालू राठौर मोना पटेल स्वाति पटेल नीलम यादव विजय सिंह गजेंद्र पटेल अजय पटेल आदि उपस्थित रहे

## अमरकंटक नगर परिषद में भाजपा को 8 कांग्रेस के 7 उम्मीदवारों को मिली जीत, अध्यक्ष के लिए जोड़-तोड़ शुरू



अमर ख्याल / इन्द्रपाल यादव

अनूपपुर (मध्य प्रदेश) नगरीय निकाय की प्रथम चरण की मतगणना उपरांत अनूपपुर जिले की नगर परिषद अमरकंटक चुनाव परिणाम घोषित हुए। अमरकंटक नगर परिषद के 15 पार्षद पदों का मतदान 6 जुलाई को संपन्न हुआ था, 15 पार्षद पद के लिए 44 अभ्यर्थियों ने चुनाव लड़ा मतदान ईवीएम द्वारा हुआ। जिसकी मतगणना 17 जुलाई शनिवार को मतगणना नगर परिषद कार्यालय अमरकंटक में प्रातः 9 बजे से 5 टेबल में किया गया। इस दौरान सुरक्षा के सख्त इंतजाम रहें। घोषित परिणामों में 15 वार्डो में 8 भाजपा और 7 कांग्रेस की झोली में गयें। ज्ञात हो कि नगर परिषद पहले भी भाजपा के पास थी अभी भी भाजपा का बहुमत हैं। इसके साथ ही अध्यक्ष पद के लिए अब जोड़-तोड़ की राजनीति भी शुरू हो जाएगी। भाजपा सिर्फ एक सीट में आगे हैं। रिटर्निंग ऑफिसर एवं एसडीएम पुष्पराजगढ़ अभिषेक चौधरी ने घोषित परिणामों की घोषण की। जिसमें वार्ड क्रमांक 1 सावित्रीबाई भाजपा जिन्हें 56 मत प्राप्त हुए, वार्ड क्रमांक 2 से उषा भाई कांग्रेस 257 मत, वार्ड क्रमांक 3 से रोशन कुमार पनारिया भाजपा 152 मत, वार्ड क्रमांक 4 से कल्पना सुरेश भाजपा 78 मत, वार्ड क्रमांक 5 से गेंदा बाई भाजपा 111 मत, वार्ड क्रमांक 6 से पवन तिवारी कान्हा महाराज भाजपा 153 मत, वार्ड क्रमांक 7 से रज्जू सिंह नेताम भाजपा 116 मत,वार्ड क्रमांक 8 से सुखनंदन सिंह उइके भाजपा 135 मत,वार्ड क्रमांक 9 से जोहन लाल कांग्रेस 62 मत प्राप्त हुए उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी को 1 मत के अंतर से चुनाव हराया।

इसी तरह वार्ड क्रमांक 10 से देवानंद खत्री कांग्रेस 117 मत, वार्ड क्रमांक 11 से पार्वतीबाई हरि सिंह कांग्रेस 335 मत, वार्ड क्रमांक 12 से निधि जैन कांग्रेस 62 मत, वार्ड क्रमांक 13 से शक्ति शरण पांडे कांग्रेस 112 मत, वार्ड क्रमांक 14 से दिनेश कुमार द्विवेदी सोनू महाराज भाजपा 153 मत एवं वार्ड क्रमांक 15 से विमला दुबे को 203 मत प्राप्त हुए। जिन्हें विजय घोषित कर विजयी उम्मीदवारों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

## हरेला पर्व पर पौधारोपण कर मनाया

अखिलेश मिश्राबिसौली( बदायूँ )

उत्तराखंड के हरेला लोकपर्व पौधा रोपण किया गया।महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष एवं सम्भावित प्रत्याशी नगर पालिका परिषद( बिसौली )श्री मति सविता शर्मा द्वारा अपने फार्म हाउस पर हरेला लोकपर्व मनाया।जिसमे श्री मति शर्मा ने जनता के लिए लोकपर्व हरेला हमारी संस्कृति एवं हरियाली के संगम का प्रतीक है।जो हम सभी के लिए प्रकृति के संरक्षण एवं संवर्धन के सन्देश देता है।



उन्होंने प्रदेश और नगर की जनता से अपील की प्रत्येक व्यक्ति के लिए कम से कम एक पौधा लगाकर हरेला लोकपर्व मनाना चाहिए।

# उचौरी माइनर में टेलगूल तक नहीं पहुंच रहा पानी अधिकारी ले रहे चैन की नींद किसान

अमर ख्याल । राजन

शिवगढ़ रायबरेली शिवगढ़,विकास,खंड से निकली हुई गूढ़ा रजबहा से निकली हुई उचौरी माइनर मे टेलगूल तक पानी न पहुंचने की दशा में किसान परेशान किसानों का कहना है कि टेल तक पानी ना पहुंचने की दशा में टेल के पास की किसानों की खेती सूख रही है और कोई भी,अधिकारी संज्ञान में लेने के लिए तैयार नहीं है जिस बात को लेकर किसान आक्रोशित है वहीं अधिकारियों को दूरभाष के माध्यम से अवगत कराया गया की इस माइनर में तमाम बंधे लगे हुए हैं बंधो की वजह से टेल तक पानी नहीं पहुंच रहा है दबंग जब से नहर में पानी आया है तब से बंधे लगा रखे हैं सरकारी मेट द्वारा एक बार बंधा हटाया गया फिर भी दबंग नहीं माने फिर उसी तरह बंधे लगा लिए पतरोल द्वारा आश्वासन दिया गया कि बंधे कटवा दिए जाएंगे अभी तक बंधे नहीं हटे किसान परेशान है ऐसे दबंगों पर आज तक कोई कार्रवाई अधिकारियों द्वारा नहीं की गई ऐसे दबंगों से हरदम परेशान रहेंगे किसान अगर किसानों की मांग पर नहीं मिला पानी तो नर्सरी हो जाएगी खराब पानी ना मिलने से किसान कर रहे है प्रदर्शन एक तरफ सरकार किसानों की हित की बात करती है दूसरी तरफ नहीं मिल रहा नहर का पानी कैसे किसान जीवित रहेगा सरकार की मनसा पर पानी फिरता हुआ नजर आ रहा है



## नाबालिक लडकी को बहला फुसलाकर ले जाने में तीन लोगों गिरफ्तार

अमर ख्याल। राहुल कुमार

रामपुर। थाना शाहबाद पुलिस द्वारा मौहम्मद रफीक पुत्र इल्याश अहमद व जीनत पत्नी मौहम्मद रफीक निवासीगण कबूलपुरा थाना कोतवाली, बदायूँ तथा आसमा पत्नी दिल्लन निवासी आरिफपुर नवादा थाना सिविल लाइन बदायूँ को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण थाना शाहबाद क्षेत्र की रहने वाली एक 15 साल की लड़की को बहला फुसलाकर ले गये थे। गिरफ्तार अभियुक्तगण थाना शाहबाद, रामपुर पर पंजीकृत अभियोग में वॉछित चल रहे थे।

## कस्बा म्याऊँ में धड़ल्ले से बिक रही ओवर रेटिंग शराब
### सेल्स मैन मैं नहीं है किसी भी अधिकारी का डर

अमर ख्याल । नाजिर खां

बदायूँ म्याऊं- जब से उत्तर प्रदेश राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है और योगी आदित्यनाथ जी ने सीएम पद की शपथ ली है तभी से योगी सरकार भ्रष्टाचारियों पर शिकंजा कस रही है मगर बदायूँ जनपद मे अंग्रेजी शराब बियर और ठेका देसी शराब की दुकानों पर ओवररेट शराब बेचने की शिकायतें लगातार सुनने को मिलती रहती हैं मगर इस पर शासन और प्रशासन कोई भी कार्यवाही नहीं कर रहा है जब की दुकान पर बैठे सेल्समैन खुलेआम ओवर रेट शराब बेच रहे हैं जब को उनको किसी भी अधिकारियों का कोई भी डर नहीं है आपको बता दे कि यह मामला बदायूं जिले के कस्बा म्याऊँ का है जहां पर धड़ल्ले से देसी शराब के ठेके पर ओवर रेटिंग शराब बेची जा रही है जब इस बारे में सेल्समैन से बात की गई तब उसने बताया कि ओवर रेटिंग शराब ऐसे ही बिकेगी क्योंकि सेल्समैन को किसी भी अधिकारी या कर्मचारी का कोई भी डर नहीं है सेल्समैन ने बताया की




ओवर रेटिंग ऊपर के अधिकारी बिकवा रहे हैं वही जब इस बारे में आबकारी इंस्पेक्टर सीमा सिंह से बात की गई तो उन्होंने सेल्समैन पर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया क्योंकि भले ही योगी सरकार भ्रष्टाचार मुक्त प्रदेश बनाने की बात कर रही हो लेकिन अबाकारी विभाग में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर योगी के आदेश ऊपर से तो दिए जाते हैं लेकिन अधिकारीगण उस आदेश का पालन करवाने में पूरी तरह से असमर्थ नजर आ रहे हैं क्योंकि सेल्समैन मैं इतनी हिम्मत ऊपरी अधिकारियों की वजह से ही आती है यह तो वही बात हो गई कि ऊंची दुकान फीके पकवान क्योंकि योगी सरकार आदेश तो पारित करती है लेकिन धरातल पर उन आदेशों का पालन नहीं किया जाता है जबकि यह हाल कस्बा म्याऊं ही नहीं तहसील दातागंज क्षेत्र के सभी कस्बे का हाल है जहां पर सभी देसी शराब के ठेको के सेल्समैन शराब को ओवर रेट में बेच रहे हैं अलापुर उसावा हजरत पुर की सभी सरकारी देसी शराब के ठेको पर ओवररेट शराब बेची जाती है वहां पर कोई भी ग्राहक उनके खिलाफ आवाज उठाता है तो उनको मारने पीटने की धमकी दी जाती है इसलिए सभी लोग चुप होकर शांत हो जाते हैं सवाल यह उठता है जनपद बदायूं में देसी शराब के सरकारी ठेके होने के बावजूद धड़ल्ले से ओवर रेट पर शराब बेची जा रही है और जिला प्रशासन गहरी नींद में सोया हुआ है इससे स्पष्ट हो जाता है कि जिम्मेदार अधिकारी अपना हिस्सा लेकर चैन से बैठे हैं और जनता दिनदहाड़े लूट रही है शराब कंपनी के अधिकारी किसी भी कीमत पर देसी शराब पर ओवर रेटिंग बंद नहीं करना चाहते चाहे इसके लिए उन्हें कुछ भी करना पड़े

## ड्यूटी कर रहे होमगार्ड पर आवारा सांड ने किया हमला
### सांड के हमले में होमगार्ड गंभीर रूप से घायल जिला अस्पताल रेफर किए गए

अमर ख्याल । नाजिर खां



बदायूँ/दातागंज- सुबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने गोवंशओं के लिए हर जिलों में और कस्बों में गौशाला उपलब्ध कराइए गौशाला होने के बावजूद भी गोवंश को गौशाला में नहीं रखा जाता है वह रोड पर आए दिन खुले आवारा जानवरों की तरह घूमते रहते हैं जिसके कारण रोड पर रोज कोई न कोई वारदात देखने को मिलती है ऐसा ही एक मामला दातागंज कोतवाली में मात्र 150 मीटर की दूरी पर बरेली चौराहे पर देखने को मिला जहां पर ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड सुधीर पाठक चौराहे पर बैठकर ड्यूटी कर रहे थे तभी आवारा सांड ने आकर उन पर हमला कर दिया जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए दातागंज कोतवाली में तैनात होमगार्ड सुधीर पाठक को चौराहे पर ड्यूटी करते वक्त आवारा सांड ने आकर हमला कर दिया जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए आपको बता दें कि होमगार्ड की ड्यूटी बरेली चौराहे पर लगी हुई थी यहां पर हर समय जाम जैसी भी स्थिति बनी रहती है ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड सुधीर पाठक रोड पर खड़ी गाड़ियों को हटाने के लिए उठे तभी पीछे से आकर आवारा सांड ने सुधीर पाठक पर हमला बोल कर होमगार्ड को ऊपर उठाकर जमीन पर पटक दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए जिस से उनके सिर में और हाथ में गंभीर चोट आई है किसी तरीके से दुकानदारों ने आकर बडी मुश्किल से होमगार्ड सुधीर पाठक की आवारा साड से जान बचाई दुकानदार उनको लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दातागंज ले गए जहां पर उनकी हालत गंभीर होने के कारण होमगार्ड को जिला अस्पताल बदायूँ भेज दिया गया

# चिंता का सबब बनता है बर्षा के पैटर्न में आता बदलाब..सविता शर्मा

अमर ख्याल ।अखिलेश कुमार मिश्रा

बदायूँ नगर बिसौली की महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष एवं नगर पालिका परिषद सम्भावित प्रत्याशी सविता शर्मा द्वारा मानसून पर प्रकाश डालते हुए लेख के लिए जन्म दिया।उन्होंने बताया की मानसून की शुरूआत से ही इस साल देश के कई हिस्सों में मूसलाधार बारिश, बाढ़, बादल फटने,बिजली गिरने और भू-स्खलन से तबाही का सिलसिला अनवरत जारी है। पहाड़ों पर आसमानी आफत टूट रही है तो देश के कई इलाके बाढ़ के कहर से त्राहि-त्राहि कर रहे हैं। असम के बाद गुजरात तथा महाराष्ट्र भी अब बाढ़ के प्रकोप से त्रस्त हैं।जहां अब तक बाढ़ के शिकार होकर सैंकड़ों लोग मौत के आगोश में समा चुके हैं। देशभर के अनेक इलाकों में नदियां और जलाशय उफान पर हैं। हालांकि उत्तर भारत के कई इलाके मानसूनी बारिश के लिए अब तक तरस रहे हैं।कमोवेश हर साल मानसून के



दौरान विभिन्न राज्यों में अब इसी प्रकार का नजारा देखा जाने लगा है।निसंदेह यह सब पर्यावरण असंतुलन का ही दुष्परिणाम है जिसके कारण मानूसन से होती तबाही की तीव्रता साल दर साल बढ़ रही है। मानसून का मिजाज इस कदर बदल रहा है कि जहां मानसून के दौरान महीने के अधिकांश दिन अब सूखे निकल जाते हैं, वहीं कुछेक दिनों में ही इतनी बारिश हो जाती है कि लोगों की मुसीबतें कई गुना बढ़ जाती हैं । दरअसल वर्षा के पैटर्न में अब ऐसा बदलाव नजर आने लगा है कि बहुत कम ङ्ख समय में ही बहुत ज्यादा पानी बरस रहा है, जो प्रायः भारी तबाही का कारण बनता है।मानसून प्रकृति प्रदत्त ऐसा खुशनुमा मौसम है, भीषण गर्मी झेलने के बाद जिसकी बूंदों का हर किसी को बेसब्री से इंतजार रहता है। यह ऐसा मौसम है, जब प्रकृति हमें भरपूर पानी देती है किन्तु पानी की कमी से बूरी तरह जूझते रहने के बावजूद हम इस पानी सहेजने के कोई कारगर इंतजाम नहीं करते और बारिश का पानी व्यर्थ बहकर समुद्रों में समा जाता है।प्रदूषण मुक्त सांसह पुस्तक के मुताबिक एक समय था, जब हर कहीं बड़े-बड़े तालाब और गहरे गहरे कुएं होते थे और पानी अपने आप धीरे-धीरे उनमें समा जाता था जिससे भूजल स्तर भी बढ़ता था लेकिन अब विकास की अंधी दौड़ में तालाबों की जगह ऊंची-ऊंची इमारतों ने ले ली है, शहर कंक्रीट के जंगल बन गए हैं, अधिकांश जगहों पर कुओं को मिट्टी डालकर भर दिया गया है। दरअसल हमारी फितरत कुछ ऐसी हो गई है कि हम मानसून का भरपूर आनंद तो लेना चाहते हैं किन्तु इस मौसम में किसी भी छोटी-बड़ी आपदा के उत्पन्न होने की प्रबल आशंकाओं के बावजूद उससे निपटने की तैयारियां ही नहीं करते। इसीलिए बदइंतजामी और साथ ही प्रकृति के बदले मिजाज के कारण अब प्रतिवर्ष प्रचण्ड गर्मी के बाद बारिश रूपी राहत को देशभर में आफत में बदलते देर नहीं लगती औरतब मानसून को लेकर हमारा सारा उत्साह छू-मंतर हो जाता है।हालांकि हारेन वाटर हार्वेस्टिंगह्व का शोर तो सालभर बहुत सुनते हैं लेकिन ऐसी योजनाएं सिरे कम ही चढ़ती हैं। इन्हीं नाकारा व्यवस्थाओं के चलते चंद घंटों की मूसलाधार बारिश में ही दिल्ली, मुम्बई, हैदराबाद, बेंगलुरू जैसे बड़े-बड़े शहरों में भी सड़कें दरिया बन जाती हैं और जल-प्रलय जैसी स्थिति उत्पन्न होजाती है। यह कोई इसी साल की बात नहीं है बल्कि हर साल यही नजारा सामने आता है लेकिन स्थानीय प्रशासन द्वारा ऐसे पुख्ता इंतजाम कभी नहीं किए जाते जिससेबारिश के पानी का संचयन किया जा सके और ऐसी समस्याओं से निजात मिले। दरअसल हमारी व्यवस्था का काला सच यही है कि न कहीं कोई जवाबदेह नजर आता है और न ही जवाबदेही तय करने वाला तंत्र दिखता है। हर प्राकृतिक आपदा के समक्ष उससे बचाव की हमारी समस्त व्यवस्था ताश के पत्तों की भांति ढ़ह जाती है। ऐसी आपदाओं से बचाव तो दूर की कौड़ी है, हम तो मानसून में सामान्य वर्षा होने पर भी बारिश के पानी की निकासी के मामले में साल दर साल फेल साबित हो रहे हैं।

देशभर के लगभग तमाम राज्यों में प्रशासन के पास पर्याप्त बजट के बावजूद प्रतिवर्ष छोटे-बड़े नालों की सफाईका काम मानसून से पहले अधूरा रह जाता है, जिसके चलते ऐसे हालात उत्पन्न होते हैं। अनेक बार ऐसे तथ्य सामने आ चुके हैं, जिनसे पता चलता रहा है कि मानूसन की शुरूआत से पहले ही करोड़ों रुपये का घपला करते हुए केवल कागजों में ही नालों की सफाई काकाम पूरा कर दिया जाता है। कई जगहों पर मानसून से पहले नालों की सफाई की भी जाती है तो उस दौरान सैंकड़ों मीट्रिक टन सिल्ट निकालकर उसे नाले के करीब ही छोड़ दिया जाता है, जो तेज बारिश के दौरान दोबारा बहकर नाले में चली जाती है और थोड़ी सी बारिश में ही ये नाले उफनते लगते हैं।बारिश के कारण बाढ़, भू-स्खलन जैसी आपदाओं को लेकर हम जी भरकर प्रकृति को तो कोसते हैं किन्तु यह समझने का प्रयास नहीं करते कि मानसून की जो बारिश हमारे लिए प्रकृति का वरदान होनी चाहिए, वही बारिश अब हर साल बड़ी आपदा के रूप में तबाही बनकर क्यों सामने आती है

अति वर्षा और बाढ़ की स्थिति के लिए जलवायु परिवर्तन के अलावा विकास की विभिन्न परियोजनाओं के लिए कटाई, नदियों में होता अवैध खनन इत्यादि भी प्रमुख रूप से जिम्मेदार हैं, जिससे मानसून प्रभावित होने के साथ-साथ भू-क्षरण और नदियों द्वारा कटाव की बढ़ती प्रवृत्ति के चलते तबाही के मामले बढ़ने लगे है।

## वेंकटनगर सामुदायिक स्वस्थ केंद्र सीएससी वेंकटनगर में 80 वर्ष वृद्ध की हुई मौत परिजनों ने डॉक्टर पर सही इलाज नहीं करने का लगाया आरोप




अमर ख्याल / इन्द्रपाल यादव

अनूपपुर (मध्य प्रदेश) तहसील जैतहरी वेंकट नगर चौकी अंतर्गत सिंहपुर निवासी पिता बिसाहू चौधरी मृतक मन बिसरा उम्र 80 वर्ष वृद्ध की समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र वेंकट नगर में इलाज के दौरान मौत हो गई जहां परिजनों ने डॉक्टर के ऊपर सही से इलाज न करने का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की है गौरतलब है कि वृद्ध के परिजनों ने सुबह लगभग 9:30 बजे सीएससी वेंकट नगर में इलाज के लिए भर्ती कराया था जहां डॉक्टर के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया डॉक्टर द्वारा बताया गया की मरीज की हालत बहुत गंभीर थी मरीज सास नही ले पा रहा था और बी.पी लेवल ऑक्सीजन लेवल एवं बीपी कम होना बताया गया जहां इलाज के दौरान वृद्ध की मौत हो गई वही डॉक्टर के द्वारा ना ही पुलिस को सूचना दी गई और ना ही पीएम किया गया और परिजनों को शव ले जाने के लिए शव वाहन की भी व्यवस्था नहीं की गई परिजन शव को ऑटो रिक्शा में ले जाकर दाह संस्कार किया गया वही परिजनों के द्वारा डॉक्टर के ऊपर आरोप लगाते हुए मृतक के परिजनो बताया की मृतक मन बिसरा की मौत डॉक्टर की लापवाही से हुई है डॉक्टर द्वारा सही समय में सही इलाज नही क्या गया और नही समय में एंबुलेंस आई हालत ज्यादा बढ़ जाने के कारण मृतक मन बिसरा की मौत हो गई इस मामले को लेकर मृतक के परिजनो ने उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

# अंतर्जनपदीय ट्रांसफार्मर चोर गैंग के पांच शातिर चोर गिरफ्तार
### एस ओ जी टीम और बिसौली पुलिस ने पांच शातिर चोर इनके कब्जे से 91 किलो तांबे का क्वायल कटर मशीन अन्य उपकरण तथा तीन देशी तमंचे मय कारतूस बरामद कर साथ गिरफ्तार किया

अमर ख्याल । नाजिर खां

बदायूँ/बिसौली- थाना बिसौली और एसओजी टीम ने अंतर्जनपदीय ट्रांसफार्मर चोर गैंग का खुलासा कर पांच शातिर चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेजा

दिनांक 16/17-5 -2022 को थाना सिविल लाइन क्षेत्र उपकेन्द्र अंतर्गत शेखुपुर में बने विद्युत उप केंद्र से दिनांक 3/4-7 -2022 को थाना बिसौली के बिजली घर में लगे ट्रांसफार्मर उतार कर चोरों के द्वारा कटर मशीन से काटकर ट्रांसफॉर्मर के अंदर लगे कीमती ताँबा के क्वायल आदि की चोरी की घटना हुई थी जिस के संबंध में थाना सिविल लाइंस और बिसौली पर अज्ञात चोरों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया था इस घटना को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर ओपी सिंह ने एस ओ




जी टीम और थाना बिसौली पुलिस की टीम बनाकर घटना का खुलासा करने का निर्देश दिया था जिसका दिनांक 17/7/2022 को संयुक्त टीम ने आसफपुर रोड स्थित विद्युत उप केंद्र बिजली घर के पास से चोरी की योजना बनाते हुए सभी चोरों को गिरफ्तार कर लिया पुलिस द्वारा पूछताछ में बताया गया कि यह एक अंतर्जनपदीय संगठित गिरोह है जो ट्रांसफॉर्मर में लगे कीमती तारों की चोरी को विभिन्न जनपदों में करते रहते हैं यह गैंग काफी बड़ा है और यह आसपास के जनपदों तक फैला हुआ है चोरी की घटना से पहले यह उस जगह की रैकी करते हैं उसके बाद चोरी की योजना बनाकर इस घटना को अंजाम देते हैं थाना सिविल लाइंस और बिसौली तथा थाना वजीरगंज क्षेत्र अंतर्गत हुए ट्रांसफॉर्मर चोरी की घटना से पहले भी गैंग के सदस्यों द्वारा इसकी रैकी की गई थी बिसौली थाना अंतर्गत बिजली घर में चोरी करते समय गैंग के लीडर फहीम उर्फ फैजान का पैर ट्रांसफार्मर से गिर रहे तेल पर फिसल कर गिरने से पैर और हाथ में फैक्चर हो गया था ट्रांसफॉर्मर काटने का काम फईम करता था

जबकि ट्रांसफॉर्मर में से निकले कीमती तारों को बेचने का काम अनस और मुकीम करते थे जो कबाडी का काम करते हे इसके गैंग के द्वारा थाना क्षेत्र ऑवला जनपद बरेली थाना क्षेत्र मिलक जनपद रामपुर उत्तराखंड प्रदेश अंतर्गत किच्छा जनपद उधम सिंह नगर में भी बिजली घरों से ट्रांसफॉर्मर चोरी की घटना की गई थी गैंग लीडर बईमान ऊर्फ फैजान चोरी की घटनाओं में दिल्ली हरियाणा राज्य और थाना बारादरी जनपद बरेली में पूर्व में जेल में रह चुका है जिसका अपराधिक इतिहास पुलिस ज्ञात कर चुकी है सभी गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर जिला कारागार बदायूं भेजा गया एसओजी टीम मैं एसओजी प्रभारी उपनिरीक्षक धवेन्द्र सिंह हेड कॉन्स्टेबल सचिन कुमार हेड कॉन्स्टेबल शराफत हुसैन हेड कांस्टेबल मुकेश सचिन लोकेंद्र मनीष भूपेंद्र आजाद अरविंद थाना बिसौली पुलिस में प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र सिंह उप निरीक्षक शैलेंद्र कुमार उप निरीक्षक विनोद कुमार कॉन्स्टेबल अमित कुमार जगतपाल उदयपाल रिजाबुल हसन आदि कॉन्स्टेबल मौजूद रहे

## वेंकटनगर सामुदायिक स्वस्थ केंद्र सीएससी वेंकटनगर में 80 वर्ष वृद्ध की हुई मौत परिजनों ने डॉक्टर पर सही इलाज नहीं करने का लगाया आरोप

अमर ख्याल। अशोक कुमार पाठक

बहराइच। कलेक्ट्रेट सभागार में शनिवार को देर शाम आयोजित जिला गंगा समिति की बैठक के दौरान जिलाधिकारी डॉ दिनेश चन्द्र द्वारा निर्देश दिये गये कि वर्षा काल 2022 में वृक्षारोपण अभियान के दौरान कराये गये पौधरोपण स्थलों का सत्यापन कर लें जो पौधे सूख गये हैं उसके स्थान पर प्रभागीय वनाधिकारी से पौधे प्राप्त कर पुनः वृक्षारोपण कराना सुनिश्चित करें। वर्षा काल 2022 वृक्षारोपण अभियान के दौरान कराये गये वृक्षारोपण के जियो टैगिंग कार्य प्रगति संतोषजनक न पाये जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिये गये कि सभी सम्बन्धित विभाग यथाशीघ्र शत प्रतिशत जिओ टैगिंग कराना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान प्रभागीय वनाधिकारी को निर्देश दिये गये कि ग्राम पंचायत स्तर पर गठित होने वाली ग्राम गंगा समिति का गठन कर सूची उपलब्ध कराये। जिलाधिकारी ने कहा कि नदियों को प्राकृतिक एवं मूल स्थिति में लाये जाने के लिए जन जागरूकता अत्यन्त महत्वपूर्ण है। यह कार्य जन सहयोग के बिना पूरा नहीं हो सकता है।

डीएम डॉ. चन्द्र ने समिति के सदस्य सचिव को निर्देश दिया कि विशेष आमंत्री के रूप में अधिकाधिक बाहरी लोगों को समिति से जोड़ा जाय। इस कार्य के व्यापक प्रचार-प्रसार व श्रमदान के लिए उप समितियों का गठन करायें। जिलाधिकारी ने नदियों के तट पर बसने वाले ग्रामवासियों को जागरूक करने के लिए होर्डिंग्स एवं बोर्ड स्थापित कराये जाने का भी सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि बोर्ड और होर्डिंग्स के माध्यम से लोगों से अपील की जाय कि नदियों में प्लास्टिक व कूड़ा कचरा न फेका जाय। जिलाधिकारी द्वारा गंगा समिति के सदस्यों को निर्देश दिये गये कि आजादी का अमृत महोत्सव अन्तर्गत 11 से 17 अगस्त 2022 तक संचालित होने वाले हर-घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए अपने स्तर से व्यापक प्रचार-प्रसार करे और लोगों को प्रेरित भी करे। बैठक के दौरान ह्यह्यविजयी विश्व तिरंगा प्यारा, झण्डा ऊँचा रहे हमाराह्लह्ल का सामूहिक गान कर समिति के सदस्यों को प्रेरित किया गया। बैठक का संचालन प्रभागीय वनाधिकारी बहराइच मनीष सिंह ने किया। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. चन्द्रपाल, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अजय कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी उमाकान्त पाण्डेय, उपायुक्त मनरेगा के.डी. गोस्वामी, जिला उद्यान अधिकारी पारसनाथ सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी, टर्टल सर्वाईवल एलायन्स (टी.एस.ए.) संस्था के भास्कर दीक्षित व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## मण्डल कार्यक्रम प्रबन्धक ने किया निकाय क्षेत्र का भ्रमण

बहराइच। अधि.अधि. नगर पालिका परिषद, बहराइच ने बताया कि उत्तर प्रदेश स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) की ओर से मण्डल कार्यक्रम प्रबन्धक सुश्री प्रियंका यादव द्वारा शनिवार को जनपद का भ्रमण कर निकाय अन्तर्गत नागरिको को दी जा रही सुविधाओं तथा कराए जा रहे कार्यों का अनुश्रवण किया गया। तदोपरान्त स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) अन्तर्गत संचालित कार्यों की प्रगति की समीक्षा हेतु आहूत बैठक में ई.ओ. द्वारा मण्डल कार्यक्रम प्रबन्धक सुश्री यादव को आश्वस्त किया गया कि शासन के निर्धारित मानको व समयानुसार कार्यों को पूर्ण करा लिया जायेगा। बैठक में सहायक अभियन्ता देवेन्द्र धीमान, अवर अभियन्ता श्रीमती नेहा खान, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक अवनीश दूबे व जिला समन्वयक लोकेश कुमार मौजूद रहे।

नगर क्षेत्र के भ्रमण के दौरान मण्डल कार्यक्रम प्रबन्धक सुश्री यादव द्वारा महिलाओं के लिये निमार्णाधीन पिंक शौचालय के निर्माण कार्य का स्थलीय निरीक्षण कर प्रगति जायजा लेते हुए कार्य को जल्द से जल्द से पूर्ण कराने का निर्देष दिया गया। सुश्री यादव ने डोर-टू-डोर कूड़ा उठान की व्यवस्था में सुधार लाकर इसे और सुदृढ़ रूप से संचालित किये जाने के निर्देश दिये गये। सुश्री यादव ने एम.आर.एफ. सेन्टर व एस.डब्लू.एम. प्लान्ट निर्माण कार्य का जायजा लिया गया तथा प्रातः 05:00 बजे से 08:00 बजे के बीच प्रातः की बेला में कूड़ा सफाई व्यवस्था का अनुश्रवण भी किया।

मण्डल कार्यक्रम प्रबन्धक सुश्री यादव डेडिकेटेड कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर (डी.सी.सी.सी.) में संचालित टोल नम्बर 1533 की क्रियाशीलता के सम्बन्ध में आवश्यक जानकारी प्राप्त की गयी। सुश्री यादव ने नगर क्षेत्र के भ्रमण के दौरान विकसित किये गये सेल्फी प्वाइंट व सौन्दर्यीकरण कार्यों की सराहना की गयी।

नगर भ्रमण के दौरान जिला कार्यक्रम प्रबंधक गौतम मिश्रा ने मण्डल कार्यक्रम प्रबन्धक को स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी।

## सेवामित्र पोर्टल के माध्यम से कराएं कार्यालयों के मेन्टीनेन्स सम्बन्धी कार्य- डीएम

बहराइच। जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने बताया कि सेवायोजन विभाग द्वारा सेवामित्र डाट यूपी डाट जीओवी डाट इन नाम से सेवामित्र पोर्टल/मोबाइल ऐप टोल फ्री नम्बर 155330 एवं काल सेन्टर विकसित किया गया है। विभाग द्वारा विकसित डिजीटल प्लेटफार्म सेवामित्र पोर्टल/मोबाइल ऐ पके माध्यम से सर्विस प्रोवाइडर (सेवाप्रदाता) एवं सेवामित्रों (कुशल कामगार) द्वारा प्रदेश के समस्त शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों तथा शासकीय कार्यालयों में स्थानीय स्तर पर विभिन्न प्रकार की सेवाएं जैसे इलेक्ट्रीशियन, कारपेन्टर, प्लम्बर, एसी सर्विस मैकेनिक, टैक्सी सर्विस, रंगाई-पुताई आदि सेवाएं प्रदान की जा रही हैं।

डीएम डॉ. दिनेश चन्द्र ने जिले के समस्त कार्यालयाध्यक्षों को निर्देश दिया है कि कार्यालयों में मेन्टीनेन्स सम्बन्धी समस्त कार्यो को प्राथमिकता के आधार सेवामित्र पोर्टल के माध्यम से ही कराये जाने के साथ ही वर्तमान में जिन सेवाप्रदाताओं से सेवाएं प्राप्त कर रहे हैं उन्हें भी सेवामित्र प्रोर्टल पर अनिवार्य रूप से ऑनबोर्ड कराया जाय। जिससे प्रदेश्ज्ञ सरकार की अतिमहत्वाकांक्षी योजना को गति मिलने के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर कुशल कामगारों को रोजगार की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके।

## वृद्धावस्था पेंशन लाभार्थी 31 जुलाई तक करा ले आधार अथेन्टिकेशन

बहराइच। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ प्राप्त कर रहे लाभार्थी अपने आधार कार्ड, पासबुक एवं मोबाईल नम्बर के साथ सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी/नगर निकाय कार्यालय से सम्पर्क कर 31 जुलाई 2022 तक अपना आधार अथेन्टिकेशन करा लें। आधार प्रमाणीकरण न कराने वाले पेंशनरों की सूची विकास खण्ड/नगर निकायों को उपलब्ध करा दी गयी है। पेंशन प्राप्त करने के लिए 31 जुलाई 2022 तक सभी लाभार्थियों के लिए आधार प्रमाणीकरण अनिवार्य है, अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित के बैंक खातों में पेंशन की धनराशि नहीं भेजी जायेगी।

यह जानकारी देते हुए जिला समाज कल्याण अधिकारी रमा शंकर ने बताया कि अगर किसी लाभार्थी का आधार वेरीफिकेशन के समय पेंशन/खाता लॉक हो गया है, तो पुनः वेरीफिकेशन कर सकता है। पोर्टल पर लॉक पेंशन/खाता को अनलॉक कर दिया गया है। श्री शंकर ने बताया कि यदि किसी लाभार्थी नगर या ग्राम में आधार प्रमाणीकरण नहीं हो पा रहा है तो आधार की छायाप्रति, मोबाईल नम्बर एवं बैंक पासबुक की छायाप्रति के साथ ब्लाक, नगर निकाय अथवा जिला समाज कल्याण अधिकारी, बहराइच के कार्यालय से सम्पर्क कर समस्या का निस्तारण करा सकते हैं।

## फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाने वाले गिरोह को किया गिरफ्तार




अमर ख्याल। राहुल कुमार

रामपुर। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार शुक्ला द्वारा अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक डा0 संसार सिंह के निकट पर्यवेक्षण में तथा क्षेत्राधिकारी महोदय मिलक धर्मसिंह मार्छाल के नेतृत्व में थाना मिलक पुलिस द्वारा धोखा धडी की नियत से फर्जी तरीके से जन्म प्रमाण पत्र बनाने वाले गिरोह को रुद्र फोटो स्टूडियों बिलासपुर रोड़ कस्बा व थाना मिलक रामपुर से रविवार को गिरफ्तार किया गया जिनसे 04 अदद फर्जी जन्म प्रमाण पत्र 03 लैपटाप 01 प्रिन्टर 01 केबिल, 01 थम्ब इम्प्रेशन डिवाईस, 02 पैन ड्राईव, 03 रबङ की मोहरें, 01 इंक स्टैम्प, 50 लैमिनेशन कवर कार्ड, 03 मोबाइल फोन के साथ 03 अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया गया।

## जिला जज की अध्यक्षता में अंतरराष्ट्रीय न्याय दिवस के अवसर पर विधिक संगोष्ठी का आयोजन

### अन्तर्राष्ट्रीय न्याय दिवस लोगों को न्याय के समर्थन के लिए जागरुक और एकजुट करने के लिए मनाया जाता है - जिला जज

अमर ख्याल / सोनी

रायबरेली । 17 जुलाई 2022 को अन्तर्राष्ट्रीय न्याय दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायबरेली के तत्वाधान में ए0डी0आर0 सेन्टर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, छजलापुर, रायबरेली में विधिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का शुभारम्भ माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायबरेली श्री अब्दुल शाहिद द्वारा किया गया ।इस अवसर पर प्रथम अपर जनपद न्यायाधीश पंकज जायसवाल द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय न्याय दिवस के सम्बन्ध में विस्तार पूर्वक चर्चा कि गयी। अपर पुलिस अधीक्षक रायबरेली विश्वजीत श्रीवास्तव द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय न्याय दिवस के अवसर पर विचार व्यक्त किये गये। माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली द्वारा इस अवसर पर बताया गया कि अन्तर्राष्ट्रीय न्याय दिवस लोगों को न्याय के समर्थन के लिए जागरुक और एकजुट करने के लिए मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य पीड़ितों को उनके अधिकारों के लिए बढ़ावा देना है, साथ ही गंभीर मुद्दों पर ध्यान देने के लिए दुनिया भर के लोगों को एकजुट करना हैं। संगोष्ठी में अपर जनपद न्यायाधीश प्रभात कुमार यादव, अमित कुमार यादव, कीर्तिमाला सिंह, उमाशंकर कहार उपस्थित आये। कार्यक्रम का संचालन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अभिनव जैन द्वारा किया गया।

## युवाओ को इण्टरमीडिएट की परीक्षा 2022 उत्तीर्ण करने पर किया सम्मानित

अमर ख्याल । नाजिर खां

बदायूँ/दातागंज- दातागँज मे आज कृतिका यूथ डेवलपमेंट अकादमी एवं नारायण कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट के सयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया जिसमें 100 से अधिक छात्र/छात्राओ को प्रशस्ति-पत्र देकर किया गया सम्मानित कार्यक्रम में नारायण कॉलेज के एम0डी0 श्री शशी भूषण जी ने युवाओ को इंटरमीडिएट के बाद भविष्य मे रोजगार पाने के लिये नए नए कोर्से के बारे मे बताया उन्होंने कहा कि एयरलाइंस होटल मैनेजमेंट और फैशन डिजाइनर जैसे कोर्सेस मे कैरियर बनाया बहुत आसान हैयहाँ लोग




कम और जोब्स ज्यादा है इसलिये इस कोर्सेस को करने पर आसानी से कैरियर बनाया जा सकता है बहुत ही सहजता के साथ उन्होंने ये भी कहा ये कोर्सेस आप कही से भी करे और मेरे पास आये जॉब मै दिल्वाऊगा मेरा वादा है इस अवसर पर कृतिका यूथ डेवलपमेंट अकादमी के प्रबंधक कौशिक सक्सेना,गौरव सक्सेना,शाक्षी पाठक,मानवी गुप्ता,सीमा,नावला ,शिवसरन,अरविंद,अनेन्द्र यादव आदि लोग मौजूद रहे कार्यक्रम का सफल संचलन आकाश रंजन ने किया

## बच्चों के विवाद ने लिया विकराल रूप मां समेत तीन बच्चे घायल

अमर ख्याल / राजन

बछरावां रायबरेली/ स्थानीय थाना क्षेत्र के इजराइल खेड़ा मजरे पस्तौर गांव में बच्चों की लड़ाई को लेकर घर में घुसकर एक परिवार ने दूसरे परिवार के ऊपर किया जानलेवा हमला जानकारी के मुताबिक थाना क्षेत्र के अंतर्गत इजराइल खेड़ा में देर रात बच्चों की कहासुनी को लेकर एक दर्जन से लोगों ने घर में घुसकर मां बेटे समेत दो बेटियों को लहूलुहान कर दिया जानकारी मिलने पर पता चला कि सुरेश कुमार की पत्नी सुनीता देवी, व उनका बेटा आशु, और दो बेटियां अंशिका वह पूनम के ऊपर गांव के ही लोगों ने जानलेवा हमला किया मारपीट के बाद पीड़ित ने



102 नंबर डायल करके घटना की पूरी जानकारी दी एवं बताया कि मेरे और मेरे परिवार पर विपक्षी गढ़ नानू पप्पू हरिराम और इनका पूरे परिवार ने मिलकर घर में घुसकर जानलेवा हमला किया वह मेरे बच्चों को भी बुरी तरीके से मारा और पीटा जिनको लेकर के डायल 112 द्वारा घायलों को लेकर बछरावां सीएससी लाया गया जहां पर वरिष्ठ चिकित्सक गणनायक पांडे द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है वहीं पुलिस ने बताया कि घटना की जानकारी मिल चुकी है विधिक कार्यवाही की जाएगी

## माननीय न्यायालय द्वारा जारी वारण्ट के क्रम में 03 नफर वारण्टी गिरफ्तार थाना जरवल रोड जनपद बहराइच

अमर ख्याल । राजेश कुमार चौहान

बहराइच वारिष्ठ पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी द्वारा माननीय न्यायालय द्वारा निर्गत वारण्ट में गिरफ्तारी हेतु दिये गये निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) कुँवर ज्ञानन्जय सिंह व क्षेत्राधिकारी कैसरगंज कमलेश कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में मुझ प्रभारी निरीक्षक द्वारा प्राप्त आदेश निर्देश के क्रम में थाना स्थानीय पर गठित टीम द्वारा आज दिनांक 17.07.2022 को माननीय न्यायालय द्वारा निर्गत वारण्ट न्यायालय ए0सी0जे0एम0, महोदय बहराइच मु0न0 851/19 मु0अ0सं0 171/2018 धारा 452/323/504/506 भादवि0 से सम्बन्धित वारण्टी

1.जय जय राम पुत्र मंशाराम

2. सन्दीप कुमार पुत्र जय जय राम निवासीगण परसोहर थाना



जरवलरोड़ जनपद बहराइच घ? से समय करीब 3.30 बजे हिरासत पुलिस में लिया गया तदोपरान्त वारण्ट न्यायालय ए0सी0जे0एम0 महोदय बहराइच एस0टी0 नं0 421/2019 मु0अ0सं0 09/2008 धारा 323/504/506 भादवि0 थाना जर वल रोड जनपद बहराइच से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त फखरुद्दीन पुत्र मजीद निवासी हसना धवरिया थाना जरवलरोड जनपद बहराइच को घर से समय करीब 04.52 बजे हिरासत पुलिस में लिया गया विधिक कार्यवाही पूर्ण कर अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु पुलिस सुरक्षा में भेजा गया ।

**गिरफ्तारी टीम का विवरण**

**1. उ0नि0 पवन कुमार सिंह**

**2. मुख्या आरक्षी राम नरेश यादव 3. आरक्षी अमरजीत यादव**

**4 आरक्षी दीपक यादव**

**5 आरक्षी जीतलाल**

**6 आरक्षी प्रताप सिंह महिला**

**7 आरक्षी रुची पान्डेय थाना जरवल रोड जनपद बहराइच ।**

## चोरी की चार मोटरसाइकिलों के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

अमर ख्याल। राहुल कुमार

रामपुर। एसपी रामपुर द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी बिलासपुर के पर्यवेक्षण में थाना मिलकखानम पुलिस



द्वारा बाहरी राज्य से चोरी की मोटर साईकिल तथा फर्जी नम्बर प्लेट लगा कर बेचता हुआ रविवार को रविन्द्र उर्फ रवि पुत्र बलदेव सिंह निवासी ग्राम टाहकला थाना मिलक खानम जनपद रामपुर को सैदनगर मुडिया तिराहा से गिरफ्तार किया गया ।

अभि0 के कब्जे से 04 चोरी की मोटर साईकिलें बरामद हुई । अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है ।

## आंगनवाड़ी वर्करों ने कर्मचारी को हटाए जाने की की मांग

अमर ख्याल। अशोक कुमार पाठक

बहराइच प्रार्थिनी गीता देवी पति माधवराम आंगनबाड़ी कार्यकत्री केन्द्र संख्या तीन चौगोडवा नवाबगंज सहित दर्जनों वर्करों ने ग्रामीण आजीविका मिशन के प्रबन्धक शैलेन्द्र कुमार वर्मा के द्वारा आगनबाड़ी के केन्द्रों पर पहुँच कर समूह के परिजनों तथा समूह की महिलाओं को भड़का कर विवाद कराने का आरोप लगाते हुए स्थानांतरण की मांग की है। मुख्य विकास अधिकारी बहराइच को भेजे गए शिकायत पत्र में ब्लॉक अध्यक्ष आंगनबाड़ी कार्यकत्री संघ के ब्लॉक अध्यक्ष अनीता पुरी,पूर्व अध्यक्ष सुनीता श्रीवास्तव,गीता देवी,सुनीता श्रीवास्तव,नीता यादव,जीनत



प्रचीन,साध्या देवी,कृष्णा देवी सीतादेव,कुसुम सिंह,सीमा देवी,कन्नी देवी वर्मा,अर्चना,उषा देवी गीता देवी सहित दर्जनों वर्करों का आरोप है कि आजीविका मिशन के उक्त कर्मचारी प्रायः लेनदेन के चक्कर में समूह के तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के बीच में विवाद करा देते हैं। कई केन्द्रो पर मारपीट व फौजदारी हो चुकी है। 16जुलाई को गीता देवी के केन्द्र पर उक्त कर्मी पोषण सामग्री रिसीव करवाने आए थे। तभी तुलसी राम, बबिता देवी,सुनीता,सन्जू आदि को समूह मध्यक्ष को उकसाकर आंगनबाडी के बीच मारपीट करा दिया है जिसमे पुलिस ने दोनों के मध्य 107 के तहत कार्यवाही की है। इस संदर्भ में प्रभारी सीडीपीओ सुंदर पति ने बताया कि कार्यकत्री के प्रार्थना पत्र पर समूह से सामग्री रिसीव करवाने गए शैलेंद्र वर्मा ने कार्यकत्री से अभद्रता की है जो नैतिकता एवं असंवैधानिक है।

## रिपोटिग पुलिस बगरैन मे कांवड यात्रा तथा मोहर्रम को लेकर वैठक

### सैदपुर करेगी हाइवे कावड रास्ते से मक्का पुलिस ने हटवायी

**अमर ख्याल। अखिलेश कुमार मिश्रा**

बगरैन( बदायूँ )थानाध्यक्ष बजीरगंज श्री प्रकाश सिहं की अध्यक्षता मे रिपोटिग पुलिस चौकी बगरैन मे कस्वे के गणमान्य नागरिक ,क्षेत्र के प्रधान ,सामाजिक कार्यकर्ताओ के साथ रविवार को कावड यात्रा तथा मोहर्रम त्योहार को लेकर गणमान्य लोगों के साथ वैठक की , थानाध्यक्ष प्रकाश सिंह ने कहा कि सावन माह का पहले सोमवार से कांवड यात्रा शुरू हो गयी है , कावडियो को कोई आने जाने मे अपने क्षेत्र मे कोई परेशानी न हो जिसके लिए आपका सहयोग अति आवश्यक है तथा आगामी मोहर्रम त्योहार को शान्ति पूर्ण मनाये,आपस के त्योंहारो मे एक दूसरे का सहयोग करे ।चौकी प्रभारी




बगरैन राजदीप सिहं ने कहा कि कावड यात्रायो की सुरक्षा के लिए पुलिस 24 घंटे तैयार रहेगी , खुराफातियो पर पुलिस की पैनी नजर है ।तथा मोहर्रम के त्योहार को शान्ति पूर्वक मनाये,वही सैदपुर करेगी रोड पर पड़ी मक्का को वजीरगंज पुलिस ने हटवा दिया , तथा रास्ता अवरोध न करने की चेताबनी दी ।जिससे कावड यात्रा मे कोई परेशानी न हो वैठक के दौरान थानाध्यक्ष वजीरगंज प्रकाश सिंह चौकी प्रभारी राजदीप सिंह महिला मण्डल अध्यक्ष बगरैन डा रीना राघव,आईरा जिलाध्यक्ष ठा वेदपाल सिंह, दीपक बार्ण्णेय,अवधेश कुमार प्रधान, रितेश चौहान प्रधान,विजय कुमार प्रधान महेश गुप्ता,आदित्य भदौरिया,कमल कश्यप, विक्रान्त सक्सैना,बदन सिंह प्रधान,माजिद खान,सलीम सिददीकी,इस्लामउददीन प्रधान,मुकेश गुप्ता,अनिल राठौर,मनोज भारती,पुष्पेन्द्र शर्मा,नवनीत सुमन,हाजी सददीक मौजूद रहे ।

## 36 घंटे बाद बरामद हुआ नदी में डूबे चाँद अली का शव

### एनडीआरएफ की टीम कर रही थी तलाश

अमर ख्याल। अशोक कुमार पाठक

बहराइच। कोतवाली मूर्तिहा के बोझिया स्थित सरयू नहर में शुक्रवार शाम एक युवक डूब गया था। जिसका शव रविवार की एनडीआरएफ की टीम ने बरामद बरामद कर लिया। पुलिस ने शव को पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज



दिया है। मोतीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम उर्रा बाजार निवासी चांद अली (25) पुत्र सरवर अली शुक्रवार शाम को बोझिया गया हुआ था। वहां पर सरयू नहर में युवक अनियंत्रित होकर गिर गया। सीतापुर पीएससी और एनडीआरएफ टीम के साथ गोताखोर युवक की तलाश कर रहे थे। लेकिन युवक का शव शाम तक बरामद नहीं हो पाया था। कोतवाली के एसएसआई गजेंद्र पाण्डेय ने बताया कि रविवार सुबह सात बजे के आसपास युवक का शव नदी से बरामद कर लिया गया है। शव को पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। युवक का शव मिलने से परिवार में कोहराम मच गया है।

## महिला उपभोक्तओं के साथ अभर्तता करने वाले दबंग कोटेदार से ग्रामीणों में आक्रोश ग्रामीणों ने कोटेदार के विरुद्ध खोला मोर्चा.



अमर ख्याल। अशोक कुमार पाठक

बहराइच। तहसील नानपारा के विकास खण्ड़ नवाबगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत गेंदपुर करीम गांव का है।

ग्रामीणों का आरोप है। कि राशन की दुकान पर राशन लेने के दौरान कोटेदार द्वारा महिलाओं के साथ धक्का-मुक्की व गाली-गलौज करने का आदि है। दिन-ब-दिन कोटेदार की मनमानी बढ़ती जा रही है। दबंगई कर राशन कटौती व घटतौली की जाती रही है। भारी संख्या में ग्रामीण इकट्ठा होकर कोटेदार के विरुद्ध जमकर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कथन है। कि कई बार कोटेदार की अधिकारियों से शिकायत की गयी मगर अधिकारी अनजान बने हुये हैं। कोटेदार से परेशान होकर ग्रामीणों ने कोटेदार के विरुद्ध बतौर ज्ञापन लिखित शिकायत पत्र जिलाधिकारी महोदय बहराइच को देकर न्याय की गुहार लगाते हुये कार्रवाई की मांग की है।

## बीस ली0 अवैध कच्ची शराब के साथ एक अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर किया भंडाफोड़

### अवैध कच्ची शराब का तस्कर को कटरा पुलिस ने गिरफ्तार कर सफलता हासिल की




अमरख्याल संवाददाता शिव आशीष गोस्वामी

कटरा बाजार (गोण्डा) जनपद के तेजतर्रार पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने जनपद में अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में अवैध कच्ची शराब व मादक पदार्थों की तस्करी/ बेचनें में लिप्त अपराधियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षो को कड़े निर्देश दिए,वही दूसरी तरफ थाना कटरा बाजार के थाना अध्यक्ष चितवन कुमार ने पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में अवैध कच्ची शराब का तस्करी करने वाले को चिन्हित कर शीघ्र ही गिरफ्तारी करने हेतु तत्काल प्रभाव टीम किया गठित। थाना अध्यक्ष चितवन कुमार ने अवैध कच्ची शराब का तस्करी करने वाले को तत्काल प्रभाव से शीघ्र ही गिरफ्तार कर-के सख्त से सख्त कठोर दंडात्मक त्वरित कार्यवाही कर तत्परता दिखाते हुए कहा कि अगर कोई भी अवैध कच्ची शराब का तस्करी करता हुआ पाया गया, तो तत्काल प्रभाव से शीघ्र ही गिरफ्तार करके सख्त से सख्त कठोर दंडात्मक त्वरित कार्यवाही करके माननीय न्यायालय भेज दिया जाएगा।वही दूसरी तरफ कटरा पुलिस ने थानाध्यक्ष चितवन कुमार के कुशल निर्देशन में कां0 शिवानंद यादव मय हमराह गोविंद सिंह चौहान द्वारा 20 ली0 अवैध कच्ची शराब के साथ 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया तथा थाना स्थानीय मुकदमा पंजीकृत कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण सुखवीर पुत्र राधिका उम्र करीब 32 वर्ष निवासी ग्राम सदियापुर मौजा बालपुर थाना कटरा बाजार गोण्डा।बरामदगी का विवरण 20 ली0 अवैध कच्ची शराब बरामद,गिरफ्तार कर्ता टीम कां0 शिवानंद यादव,कां0 गोविंद सिंह चौहान टीम सहित मौजूद रहे।

## ट्रक और बस की टक्कर में 6 लोगों की हुई मौत 45 लोग घायल




अमर ख्याल। राहुल कुमार

रामपुरः बीते शनिवार को देर रात ट्रक और बस की टक्कर में छह लोगों की मौत हो गई जबकि बस में सवार 45 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बस और ट्रक की टक्कर में जो बस है वह डबल डेकर की बस है। घटना की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने तत्काल प्रभाव से घायलों को जिला अस्पताल रामपुर भिजवाया और मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार यह बस यात्रियों को बरेली से दिल्ली लेकर जा रही थी। रात करीब 12:00 बजे के लगभग कोसी पुल तिराहे से लगभग 300 मीटर पहले बरेली बाईपास के पास ट्रक से टक्कर हो गई। बताया जा रहा है कि ट्रक मुरादाबाद से बरेली की ओर जा रहा था। बताया जा रहा है कि हादसे में छह लोगों की मौत मौके पर ही हो गई। और लगभग 45 व्यक्ति घायल हो गए। इतनी बड़ी घटना की सूचना पाते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए।और घायलों को जिला अस्पताल एंबुलेंस के द्वारा भिजवाया।घटना के बाद पुलिस ने रूट को कोसी पुल तिराहे से रामपुर शहर में डायवर्ट कर दिया।और पुलिस ने जेसीबी के द्वारा रात के लगभग 2:00 बजे बस और ट्रक को हटवाकर जाम खुलवाया।

## एम्बुलेंस में हुआ प्रसव, जच्चा बच्चा सुरक्षित



अमर ख्याल। राहुल कुमार

रामपुर।एम्बुलेंस सेवा गर्भवतियों के लिए जीवनदायिनी साबित हो रही है। इसका एक ताजा उदाहरण जिले में देखने को मिला। एम्बुलेंस में तैनात स्वास्थ्यकर्मियों की तत्परता, कुशलता एवं अनुभव से गर्भवती महिला का एंबुलेंस में ही सुरक्षित प्रसव कराया गया। ईएमटी धीरेन्द्र सिंह ने बताया कि सुबह आठ बजे एम्बुलेंस में गर्भवती महिला का सुरक्षित प्रसव कराया गया। बताया कि ग्राम ककरोआ की एक महिला को अचानक प्रसव पीड़ा उत्पन्न हो गई जिससे उन्होंने 102 नंबर डायल किया जल्द ही एम्बुलेंस मौके पर पहुंच गई। जब एंबुलेंस गर्भवती महिला को गांव से अस्पताल ले जा रही थी तो अचानक महिला की तबीयत बिगड़ने लगी और प्रसव पीड़ा बढ़ने लगी जिस पर ईएमटी धीरेन्द्र सिंह व पायलट अनुज गुप्ता ने सूझबूझ से महिला की डिलीवरी एंबुलेंस में सुरक्षित करा दी। बताया कि गर्भवती के घर जब पहुंचे तो उसकी तबियत सही नहीं थी, तुरंत ही उसे लेकर अस्पताल के लिए रवाना हो गए, लेकिन रास्ते में ही उसकी हालत बिगड़ने लगी जिस पर रास्ते में ही प्रसव कराने का निर्णय लिया। अगर अस्पताल पहुंचने का इंतजार करते तो शायद अनहोनी हो सकती थी। बताया कि आकस्मिक समय में उन्हें प्रसव कराने का प्रशिक्षण दिया गया है। वही काम आया। उन्होंने अपने साथी एम्बुलेंस पायलट मदद से एम्बुलेंस में प्रसव कराया। जिसमे महिला ने एक बेटी को जन्म दिया। जिसके बाद दोनों को नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करा दिया गया जहां पर जच्चा - बच्चा दोनों स्वस्थ हैं।

## जादूगर मिस्टर इंडिया को मिला गोल्ड मेडल,गोंडा का नाम रोशन

अमर ख्याल संवाददाता शिव आशीष गोस्वामी

परसपुर (गोण्डा )तहसील क्षेत्र के विकास खण्ड परसपुर अन्तर्गत ग्राम सीर पुरवा हरदिहा सपौर निवासी जादुई कला के तहत हैरतअंगेज कारनामों में महारत हासिल करने वाले जादूगर मिस्टर इंडिया आल इंडिया ऑनलाइन प्रतियोगिता तमिलनाडु में प्रथम विजेता घोषित किये गये। इस बाबत जादूगर मिस्टर इंडिया ने बताया कि वर्ष 2022 की आल इंडिया ऑनलाइन प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें तकरीबन दो सौ पचास भारतीय कलाकारों ने हिस्सा लिया। उक्त ऑनलाइन प्रतियोगिता के दौरान उत्तर प्रदेश के जनपद गोण्डा के विश्व चैंपियन रहे जादूगर मिस्टर इंडिया को फस्ट विनर के साथ साथ कीडीज किंगडम तमिलनाडु द्वारा डॉक्टर ए०पी०जे० अब्दुल कलाम एवॉर्ड 2022 (गोल्ड मैडल) से नवाजा गया। बताते चलें कि जादूगर मिस्टर इंडिया सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा रजिस्टर्ड जादू कलाकर होने के साथ साथ ऑल वर्ड ऑनलाइन प्रतियोगिता (आई बी एम न्यूयॉर्क अमेरिका) में जनरल सिकरेट्री एवम पैनल जज का दायित्व निभा रहे हैं।

# उपद्रव व खलल व्यवधान उत्पन्न करने वाले का कतई खैर,थाना अध्यक्ष

अमर ख्याल संवाददाता शिव आशीष गोस्वामी



कटरा बाजार (गोण्डा)जनपद के तेजतर्रार पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर, अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी मुन्ना उपाध्याय ने सार्वजनिक का स्थलों पर व क्षेत्रों में कानून एवं शांति व्यवस्था कायम रखने हेतु और उपद्रव उत्पन्न करने व शांति भंग करने वाले को चिन्हित कर शीघ्र ही गिरफ्तारी करने हेतु समस्त थाना प्रभारी निरीक्षक व थाना अध्यक्ष को कड़े निर्देश दिए,वही दूसरी तरफ थाना कटरा बाजार के थानाध्यक्ष चितवन कुमार ने पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में सार्वजनिक स्थलों पर उपद्रव उत्पन्न करने वाले व शांति भंग करने वाले को चिन्हित कर शीघ्र ही गिरफ्तारी करने हेतु तत्काल प्रभाव से टीम किया गठित। थाना अध्यक्ष चितवन कुमार के नेतृत्व में थाना कटरा बाजार पुलिस टीम द्वारा निरोधात्मक कार्यवाही के अंतर्गत विभिन्न मामलो में अभियुक्त के द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने के विरुद्ध कार्यवाही कर अभि०गण का चालान कर न्यायालय रवाना किया गया। थाना अध्यक्ष चितवन कुमार ने सार्वजनिक स्थलों और क्षेत्रों में उपद्रव उत्पन्न करने व शांति भंग वाले के विरुद्ध कार्यवाही कर तत्परता दिखाते हुए कहा कि अगर कोई भी सार्वजनिक स्थलों व क्षेत्रों में उपद्रव उत्पन्न करने और शांति भंग करता हुआ पाया गया, तो तत्काल प्रभाव से शीघ्र गिरफ्तारी करके सख्त से सख्त कठोर दंडात्मक त्वरित कार्यवाही कर माननीय न्यायालय से दिया जाएगा। गिरफ्तार व्यक्ति अर्जुन पुत्र सुंदर लाल उम्र करीब 26 वर्ष निवासी ग्राम कलवारी थाना कटरा बाजार जनपद गोण्डा दीनानाथ विश्वकर्मा पुत्र दुर्गा प्रसाद विश्वकर्मा उम्र करीब 19 वर्ष निवासी ग्राम चुटियापुर थाना कटरा बाजार जनपद गोण्डा।ननके उर्फ ओमप्रकाश पुत्र राम करन उम्र करीब 35 वर्ष निवासी ग्राम पूरेमहोलिया थाना कटरा बाजार जनपद गोण्डा।

## लड़की के साथ षड्यंत्र रचकर भगाने का वांछित अभियुक्त चढ़ा पुलिस हत्थे

अमर ख्याल संवाददाता शिव आशीष गोस्वामी



खरगूपुर (गोण्डा) जनपद के तेजतर्रार पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत वांछित अभियुक्तों की तत्काल प्रभाव से शीघ्र गिरफ्तारी करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षो को कड़े निर्देश दिए,वही दूसरी तरफ थाना खरगूपुर के थाना प्रभारी निरीक्षक ने पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन पर उक्त मामले में वांछित अभियुक्त को शीघ्र ही गिरफ्तार करने हेतु टीम किया गठित। थाना खरगूपुर पुलिस ने लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के वांछित अभियुक्त रिजवान को गिरफ्तार कर लिया गया।

उक्त अभियुक्त ने थाना खरगूपुर क्षेत्र की रहने वाली एक लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले गया था।

जिसके सम्बन्ध में पीड़िता के पिता द्वारा थाना खरगूपुर में अभियोग पंजीकृत कराया गया था। अभियुक्त के विरूद्ध थाना खरगूपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।

गिरफ्तार अभियुक्त रिजवान पुत्र छैलू नि0 गुलहरिया मौजा लोनावा दरगाह थाना खरगूपुर जनपद गोण्डा।गिरफ्तार कर्ता उ0नि0 किशोर पासवान मय टीम सहित मौजूद रहे।

## दुष्कर्म करने के दो वांछित अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

### दुष्कर्म करने का अभियुक्त को गिरफ्तार कर खोड़ारे पुलिस ने सफलता हासिल की

अमर ख्याल संवाददाता शिव आशीष गोस्वामी




खोड़ारे (गोण्डा)जनपद के तेजतर्रार पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत वांछित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षो को कड़े निर्देश दिए,वही दूसरी तरफ थाना खोडारे के थाना प्रभारी निरीक्षक ने पुलिस अधीक्षक के सुरेश कुमार वर्मा ने पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन पर उक्त मामले में वांछित अभियुक्त की तत्काल प्रभाव से शीघ्र ही गिरफ्तार करने हेतु टीम किया गठित। थाना खोड़ारे पुलिस ने नाबालिक लड़की के साथ दुष्कर्म करने के 02 वांछित अभियुक्तों- 01. अल्लार खॉ, 02. सलमान को गिरफ्तार कर लिया गया। उक्त अभियुक्तगणों ने थाना खोड़ारे क्षेत्र की रहने वाली एक नाबालिक लड़की के साथ दुष्कर्म किया था।

जिसके सम्बन्ध में पीड़िता की मां द्वारा थाना खोड़ारे में अभियोग पंजीकृत कराया गया था। अभियुक्तगणों के विरूद्ध थाना खोड़ारे पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।गिरफ्तार अभियुक्त अल्लार खॉ पुत्र सुबराती नि0 पिपरा बारा खॉ थाना खोड़ारे जनपद गोण्डा,सलमान पुत्र मलंगे नि0 पिपरा बारा खॉ थाना खोड़ारे जनपद गोण्डा।गिरफ्तार कर्ता प्र0नि0 खोड़ारे सुरेश कुमार वर्मा मय टीम सहित मौजूद रहे।

## हाईटेंशन विद्युत लाइन की चपेट में आकर बालक गंभीर रूप से घायल

### पीड़ित पिता द्वारा अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज कराने एवं कार्यवाही करने की मांग

अमर ख्याल संवाददाता शिव आशीष गोस्वामी



कर्नलगंज(गोंडा)स्थानीय तहसील क्षेत्र के विद्युत उपकेंद्र कर्नलगंज अंतर्गत ग्राम कर्नलगंज ग्रामीण के नांदी पुरवा में रविवार की सुबह विद्युत हाईटेंशन तार की चपेट में आकर एक बालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिस के संबंध में पीड़ित पिता ने विद्युत विभाग के अधिकारी, उपजिलाधिकारी,जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने एवं आवश्यक कार्यवाही करने की मांग की है। विद्युत विभाग के अधिकारी, उपजिलाधिकारी, जिलाधिकारी को राम हर्ष पुत्र कल्लू राम निवासी कर्नलगंज ग्रामीण नांदी पुरवा थाना कोतवाली कर्नलगंज जनपद गोंडा ने रविवार को दिये गये प्रार्थना पत्र में कहा है कि प्रार्थी का तेरह वर्षीय पुत्र आकाश दिनांक 17/07/2022 रविवार की सुबह 9 बजे विद्युत हाईटेंशन तार की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया है। उक्त तार को हटवाने के लिए प्रार्थी द्वारा बार-बार प्रार्थना पत्र दिया गया लेकिन कोई कार्यवाही ना होने और विद्युत विभाग की लापरवाही से उक्त घटना घटित हो गई। इससे पहले भी कई घटनाएं घटित हो चुकी हैं, वहीं अब पुनः विद्युत विभाग की लापरवाही से उक्त घटना घटित हो गई है। पीड़ित ने उक्त संबंध में प्रार्थना पत्र देकर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने एवं आवश्यक कार्यवाही करने की मांग की है ।

## भारतीय किसान यूनियन (भानु) ने सीओ को ज्ञापन देकर गौ हत्यारों के विरुद्ध की कार्यवाही की मांग


अमर ख्याल संवाददाता शिव आशीष गोस्वामी



कर्नलगंज(गोण्डा) भारतीय किसान यूनियन (भानू) के जिलाध्यक्ष पीवी सिंह की अगुवाई में कार्यकताओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित तीन सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सीओ मुन्ना उपाध्याय को सौंपा है।दिये गये ज्ञापन में कहा गया है कि बीते 24 जून की रात्रि कोतवाली कर्नलगंज अन्तर्गत ग्राम बरबटपुर निवासी पुष्पा देवी के दरवाजे पर बंधे गौवंश को गांव के लोगों की मदद से कुछ लोग चोरी से खोल ले गये और उसे मार कर मांस की बिक्री कर दिये। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस एक व्यक्ति को पकड़ लाई और धारा 151 में उसका चालान कर दिया। महिला ने कोतवाली कर्नलगंज में तहरीर दिया जिस पर उसे थाना हुजूरपुर जाने की सलाह दे दी। तब से पुष्पा देवी दोनों थाने का चक्कर लगा रही है। ज्ञापन में पुष्पा देवी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कराने, गौहत्या के आरोपियों की गिरफ्तारी कराने, दोनों थाने के संबंधित पुलिस कर्मियों के विरुद्ध कार्यवाही कराने की मांग की गई है।

# पानी ना बरसने व सूखा पड़ने के संबंध मे इंद्र देवता के खिलाफ तहसीलदार से युवक ने की शिकायत

अमर ख्याल संवाददाता शिव आशीष गोस्वामी




कर्नलगंज(गोण्डा) स्थानीय तहसील में शनिवार को आयोजित तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में हुई एक अनोखी शिकायत सामने आई है, जिसमे इंद्र देवता के खिलाफ शिकायत की गयी है।हैरतअंगेज दिलचस्प मामला तहसील कर्नलगंज में आयोजित समाधान दिवस से जुड़ा है। मामले में पानी ना बरसने और सूखा पड़ने की हालत होने के संबंध मे कर्नलगंज तहसील में इंद्र देवता के खिलाफ तहसीलदार से युवक ने शिकायत की है। कर्नलगंज तहसील के कौड़िया बाजार क्षेत्र अंतर्गत झाला गांव के रहने वाले शिकायत कर्ता सुमित कुमार यादव पुत्र जगदेव प्रसाद यादव ने दिये शिकायती पत्र में शिकायती पत्र में लिखा है कि महोदय सादर निवेदन है कि विगत कई माह से पानी नहीं गिर रहा है जिसके जनमानस बहुत ही परेशान है और जीव-जन्तु खेती पर भारी प्रभाव है वह घर में रहे और छोटे-छोटे बच्चे काफी ज्यादा परेशान है। शिकायत कर्ता ने तहसीलदार कर्नलगंज को एक शिकायती पत्र देकर इंद्र देवता के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। बताते चलें कि यह शिकायत जनपद सहित पूरे प्रदेश में चर्चा का विषय बना है। ऐसे में अब अधिकारी भी आश्चर्य चकित हैं कि आखिर इंद्र देवता भगवान जी के खिलाफ कैसे कार्यवाही की जाय।

## विद्युत पोल गिरने से हादसा टला, आपूर्ति बाधित



अमर ख्याल संवाददाता शिव आशीष गोस्वामी

कर्नलगंज(गोण्डा) स्थानीय क्षेत्र के ग्राम नहवा परसौरा में रविवार को दोपहर में अचानक विद्युत पोल गिरने से बिजली आपूर्ति बाधित हो गई, वहीं बिजली के खंभे गिरने से हादसा भी होते-होते टल गया।जानकारी के मुताबिक मामला विद्युत उपकेंद्र कर्नलगंज के अंतर्गत नहवा परसौरा गांव से जुड़ा है। यहाँ गाँव में शिवम पाण्डेय के घर के पास बिजली का पोल काफी दिनों से झुका हुआ था। जैसे-तैसे इसी पोल से आपूर्ति चल रही थी। अचानक उक्त पोल टूटकर गिर गया जिससे लगी एलटी लाइन का तार भी टूट कर गिर गया।जिससे बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। वहीं बिजली का खंभा गिरने से हादसा भी होते-होते टला। ग्रामीणों ने कहा कि अगर विद्युत विभाग के लोगों ने गंभीरता दिखाई होती तो पोल पहले से बदल गए होते। वह तो भला हो कि आसपास कोई मौजूद नहीं था नहीं तो बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। समाचार लिखे जाने तक विद्युत विभाग के कोई भी जिम्मेदार मौके पर नहीं पहुंचे थे और आपूर्ति बाधित रही। ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों से शीघ्र ही दूसरा पोल लगाकर आपूर्ति बहाल कराने की मांग की है।

## वाहन चोरी का अवैध मादक पदार्थ के साथ अभियुक्त चढ़ा पुलिस के हत्थे

### चोरी की 02 अदद मोटरसाइकिल, 01 किलो 100 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार कर पुलिस ने सफलता हासिल की

अमर ख्याल संवाददाता शिव आशीष गोस्वामी

तरबगंज (गोण्डा) जनपद के तेजतर्रार पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में वाहन चोरों/मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक / थानाध्यक्ष को कड़े निर्देश दिए,वही दूसरी तरफ थाना तरबगंज के थाना प्रभारी निरीक्षक ने पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में वाहन चोरी व अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले को चिन्हित कर तत्काल प्रभाव से शीघ्र गिरफ्तारी करने हेतु टीम किया गठित। थाना तरबगंज पुलिस ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान अभियुक्त कुंवर लाल उर्फ सचिन को गिरफ्तार कर उसके कब्जे व निशानदेही से चोरी की 02 अदद मोटरसाइकिल, 01 किलो 100 ग्राम अवैध गांजा अदद अवैध बरामद किया गया बरामद मोटरसाइकिलों के बारें मे पूछताछ करने पर अभियुक्त ने बताया कि 01 मोटरसाइकिल कुछ समय पहले थाना करनैलगंज व दूसरी मोटरसाइकिल अयोध्या सरयू घाट से चोरी किए थे। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना तरबगंज में संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।गिरफ्तार अभियुक्त कुंवर लाल उर्फ सचिन पुत्र करिया प्रसाद निवासी अदमापुर थाना उमरीबेगमगंज जनपद गोण्डा।बरामदगी 02 अदद चोरी की मोटरसाइकिल, 01 किलो 100 ग्राम अवैध गांजा।

# नगर पंचायत सिटी में अध्यक्ष पद की लगी होड़



अमर ख्याल। शिव कुमार शास्त्री

प्रतापगढ । नगर पंचायत सिटी के विकास पुरुष कहे जाने वाले स्वर्गीय चेयरमैन अशोक कुमार मौर्य के पुत्र शिवम् मौर्य ने भी की दावेदारी अध्यक्ष पद की जनमानस की आवाज एवं आशीर्वाद से स्व अशोक कुमार मौर्य सन् 2000मे पहली बार में ही अपार जनसमूह के समर्थन से 300वोटो से विजय हुई, इनके कार्यकाल समाप्त होने के बाद जब सिटी चेयरमैन का दुबारा चुनाव हुआ तो इनकी धर्म पत्नी सुमन मौर्य पर भी लोगों ने आपना भरोसा जताया और इनको भी लगभग 300या 400वोटो से विजय घोषित हुई इसके बाद अब जानता का जनसमूह इनके पुत्र शिवम् मौर्य के ऊपर भरोसा जताना चाहती हैं।और शिवम् मौर्य के साथ सिटी के लोगो के साथ अनेक धार्मिक कार्यों में रुचि रखने वाले अध्यक्ष पद के भावी प्रत्याशी के रूप में देखना चाहते है सिटी के आम जनमानस इनके अनुसार सभी जाति धर्म के लोगों के साथ भाई चारा एवं सम्मान के साथ शिवम् को अपना आशीर्वाद देकर शिखर के ऊंचाई पर पहुंचाएं।

# बोधि वृक्ष पीपल एवं अशोक के पावन जीवनदायिनी वृक्ष लगाकर वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ

अमर ख्याल ।राजेश कुमार

मथुरा। जनपद में समता फाउंडेशन द्वारा स्वच्छ मथुरा रितु मथुरा हरित मथुरा अभियान के अंतर्गत ग्राम ललितपुर एवं ग्राम पंचायत बाजना ब्लॉक मथुरा में बोधि वृक्ष पीपल एवं अशोक के पावन जीवनदायिनी वृक्ष लगाकर वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ एडवोकेट कौशल कुमार द्वारा किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में अध्यक्ष लुकेश कुमार राही ने समस्त कार्यकताओं का आभार व्यक्त करते हुए बताया की वृक्षों को लगाना एक अलग बात है वृक्षों को लगाकर उनकी देखभाल करना संसार का सबसे बड़ा परोपकार का कार्य है क्योंकि ब समय जीवन उपलब्ध कराते हैं और त्यागी की भावना उत्पन्न करते हैं क्योंकि वृक्ष कबहु ना बखें , नदी न संचय नीर परमारथ के कारने साधुन धरा शरीर ' सभी का आभार व्यक्त किया इस अवसर पर वृक्षारोपण के दौरान ग्राम वासियों ने समता




फाउंडेशन के इस कार्यक्रम की भूरी भूरी प्रशंसा की एवं आशु संतोष व्यक्त किया क्योंकि फलों को सुरक्षित जगह पर लगाया गया है वृक्षारोपण के दौरान उदयपाल सिंह डीलर राम खिलाड़ी चंद्रभान विवेक कुमार जितेन्द्र सिंह बाजना सूरज अवधेश मोहित पप्पू नेता राजेश कुमार बाजना शिवा शिवा कुमार विष्णु प्रधान भोलू कदम आकाश यादव प्रताप सिंह पिंटू अंकित सागर आकाश कुमार देव कुमार कृष्ण कृष्ण कर्दम हारो चौधरी विष्णु बौद्ध आदि उपस्थित रहे।

# झोलाछापों की सह पर जिले में चल रहे हैं अवैध मेडिकल स्टोर

अमर ख्याल / जितेन्द्र कुमार

अंबेडकरनगर : जनपद में फर्जी मेडिकल स्टोरों की बाढ़ आ गई है। इससे स्वास्थ्य विभाग या तो बेखबर है या यह अवैध कारोबार उसकी साठगांठ से फल-फूल रहा है। बगैर फार्मासिस्ट अथवा अन्य संबंधित डिग्री के ही अप्रशिक्षित लोगों द्वारा मेडिकल स्टोर खोलकर आम आदमी के जीवन के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। यहां दवा के नाम पर जहर बेचा जा रहा है ।झोलाछाप इलाज से ही नहीं, बल्कि दवाओं में भी कमीशनखोरी कर जेब भर रहे हैं। हर झोलाछाप की दुकान के आसपास एक-दो अनाधिकृत मेडिकल स्टोर चल रहे हैं ।जिले में थोक और फुटकर बिक्री की मिलाकर करीब 900 दवा की दुकान संचालित हो रहे हैं। जबकि हकीकत में बिना लाइसेंस के अधिकांश दुकानें झोलाछापों की खुद की या उनके परिजन आदि की हैं। जहां उनके द्वारा लिखी गयी दवाएं बिकती हैं। इसमें कथित डॉक्टरों को दोहरा फायदा होता है ।ऐसी कई दुकानों पर सेंपल की दवा पूरे दामों पर मरीजों को बेची जा रही हैं। कंपनियों की ओर से प्रचार के रूप में मिलने वाली दवाएं ये झोलाछाप मेडिकल स्टोर पर पहुंचा देते हैं। जिसका कमीशन लिया जाता है। इसके अलावा अनाधिकृत दुकानों पर नकली दवाएं बेचे जाने की भी आशंका है। लेकिन ऐसी दुकानें न पकड़ी गईं और न उनकी दवाओं के सैंपल ही हो सके। दुकान पर हरी, नीली, पीली रंग की हर गोली देकर अप्रशिक्षित मेडिकल स्टोर संचालक लोगों की जिंदगी के साथ अवैध कमाई के चक्कर में खिलवाड़ कर रहे हैं। कुछ मेडिकल स्टोर संचालक द्वारा मेडिकल स्टोर संचालन के साथ ही अनाधिकृत रूप से अस्पताल खोल मरीजों का इलाज किया जा रहा है। बताते हैं कि स्वास्थ्य विभाग के ड्रग निरीक्षक कभी कभार दौरा करके एक जगह सभी को बुलाकर वसूली करके अपने दायित्वों की इतिश्री कर चले जाते हैं। विभागीय सूत्रों का कहना है कि भारत सरकार की लाइसेंसिंग प्रणाली में प्रत्येक मेडिकल स्टोर पर प्रशिक्षित चिकित्सक या फार्मासिस्ट का होना जरूरी है, लेकिन यह मानक जनपद के लिए दुर्लभ और बेमानी है। अंबेडकरनगर जनपद में फर्जी मेडिकल स्टोरों के संचालकों में प्रशासन का कोई डर नहीं दिखाई दे रहा है ।अगर समय रहते स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन नहीं चेता तो तमाम लोग आर्थिक रूप से तो शोषण के शिकार होते ही रहेंगे, बल्कि उनकी जिंदगी से भी ये खिलवाड़ करते रहेंगे।

# 1पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में बड़ी सफलता

अमर ख्याल/ शिव कुमार शास्त्री

प्रतापगढ़ ।एसपी सतपाल अंतिल एवं अपर पुलिस अधीक्षक रोहित मिश्रा सीओ लालगंज रामसूरत सोनकर के कुशल नेतृत्व में उदयपुर पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी ।थानाध्यक्ष एहसानुल हक अपनी पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में वांछित वारंटी को पकड़ने हेतु एवं अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य देर रात क्षेत्र में नानौती के तरफ गस्त कर रहे थे उसी दौरान थानाध्यक्ष को मुखबिर खास द्वारा सूचना प्राप्त हुई की रांकी जंगल नहर के पास ट्रक में मवेशी लादे जा रहे हैंथानाध्यक्ष मुखबिर की सूचना पर तत्काल अपने हमराही ओं के साथ सूचना स्थल पर पहुंचे पुलिस को देख कर मवेशी तस्कर रात के जंगल




का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे पुलिस ने मवेशी से भरा हुआ ट्रक को हिरासत में लेते हुए एक मोटरसाइकिल बाइक बरामद कि थानाध्यक्ष गहनता से जांच पड़ताल में जुटे थानाध्यक्ष का कहना है कि मवेशी तस्कर कितने ही पकड़ वाले क्यों ना हो उन्हें बख्शा नहीं जाएगा उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी जल्द ही मवेशी तस्करों को चिन्हित करके भेजा जाएगा जेल थाना अध्यक्ष के सतर्कता की वजह से कई मासूम मवेशियों के जान को बचाया जा सका।

# सुरेश लाल श्रीवास्तव को मिली डॉक्टरेट की मानद उपाधि

अमर ख्याल । संवाददाता

जहांगीरगंज, अम्बेडकरनगरः राजकीय हाई स्कूल जहाँगीरगंज के प्रधानाचार्य एवं पण्डित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इण्टर कालेज के प्रभारी प्रधानाचार्य सुरेश लाल श्रीवास्तव को मानवीय, सामाजिक एवं शैक्षिक मूल्यों पर आधारित मौलिक लेखों तथा काव्य सृजन सन्दर्भ में भारत सरकार द्वारा पंजीकृत मैजिक बुक ऑफ रिकॉर्ड द्वारा ₹आनरेरी डॉक्टरेट अवार्ड 2022₹से सम्मानित किया गया ।मैजिक बुक ऑफ रिकॉर्ड के अध्यक्ष डॉ. सी. पी.यादव एवं रजिस्ट्रार प्रियंका सोनी ने श्री श्रीवास्तव को सामाजिक, शैक्षिक मूल्यों, मानव अधिकार, पर्यावरण संरक्षण आदि अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर लेख एवं काव्य सृजन सन्दर्भ में इस सम्मान से सम्मानित



किया। पूर्व में इंडियन बेस्टीज अवार्ड 2021,पितृ शक्ति सम्मान 2021,बेस्ट अचीवर्स अवार्ड, बेस्ट पोएट अवार्ड,राष्ट्रीय समाज सेवा रत्न 2022,नवभारत राष्ट्रीय ज्ञानपीठ,भारत भूषण सम्मान 2022,इंडिया टॉप 100 ऑथर्स 2022,ग्लोबल टीचिंग एक्सीलेंस अवार्ड, बेस्ट प्रिंसिपल अवार्ड,इनोवेटिव प्रिंसिपल ऑफ द ईयर के अलावा आधृत पब्लिकेशन हाउस मध्य प्रदेश भोपाल द्वारा अभ्युदय लेखक सम्मान तथा हिन्दी दैनिक वर्तमान अंकुर द्वारा प्रदत्त सम्मानों से सम्मानित सुरेश लाल श्रीवास्तव की अब तक 5 दर्जन से अधिक साझा संग्रह में रचनाएं प्रकाशित हो चुकी हैं। 5 सौ से अधिक मौलिक लेख भी विभिन्न समाचार पत्रों,पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके हैं ।मानव जीवन मूल्यों एवं अन्य सम सामयिक मुद्दों पर आपके द्वारा सृजित चार सौ से अधिक दोहे भी प्रकाशित हैं। मानवता के विविध आयाम, हृदय की पुकार एवं मानवीय मूल्यों का मनोविज्ञान एकल पुस्तकों के सृजनकार सुरेश लाल श्रीवास्तव का अपनी उपलब्धियों के विषय में कहना है कि माता-पिता एवं गुरु के आशीर्वाद से अभिप्रेरित हो उनकी चाहतों को चरितार्थ

# ओम नमः शिवाय के ध्वनि से गूंज उठा शहर



अमर ख्याल। सुधाकर सिंह

प्रतापगढ । सावन मास के प्रथम सोमवार को सिटी से कावड़िया की टोली बोल बम जाने के लिए हुए इकट्ठा सिटी मे जगह जगह पर लगाये गये पंडाल मे सभी बोल बम जाने बाले भक्त गणों को नास्ते के लिए चना और हलवे की व्यवस्था की गई पांडालो की दूरी लगभग 1 किलो मीटर के आस पास थी हर पांडालों पर पांच से दस आदमी की व्यवस्था रही किसी भी कांवरिया कोई भी समस्या न हो सिटी मे सभी कांवरियों के ऊपर पुष्प वर्षा की गई । इसी के साथ कांवड़ यात्रा के समय सिटी चौकी प्रभारी गिरीश दूवे सिपाही धनंजय सिपाही कमलेश यादव शिवम मौर्य भावी चेयरमैन पद के प्रत्याशी विजय कुमार सिपाही डी सी पी सी प्रभारी सुजीत श्रीवास्तव टीम सहित एवं सिटी चौकी के निगरानी मे स्वेच्छा से सर्व सम्मान के साथ कांवड़ यात्रा निकाली गई यह यात्रा मानिकपुर से बाबा घुईसरनाथ धाम तक जायेगा।

सर्व सम्मान के साथ ओम नमः शिवाय और हर हर महादेव के कावड़ियों ने खूब झूम कर लगाये नारे मंच संचालक सिटी चेयरमैन अनिल मौर्य, दीपक सिंह सन्तोष मौर्य अपना दल एस के पदाधिकारी रामाश्रय काजू मौर्य राहुल सोनी राजेश सोनी आदि लोग उपस्थित रह

# एसपी सतपाल अंतिल एवं सीओ सिटी अभय पांडेय के कुशल नेतृत्व में

अमर ख्याल। शिव कुमार शास्त्री

प्रतापगढ़ अंतू पुलिस थानाध्यक्ष अंतू अर्जुन सिंह मय पुलिस बल चण्डिका धाम अदमापुर में नशीले पदार्थ विक्रेताओं पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस बल के साथ एलाउंस करती नजर आई कोई भी अबैध शराब गाजा स्मैक के साथ सलिप्त पाया गया तो कड़ी कार्यवाही की जाएगी। लोगो को पुलिस जगरूप करती दिखाई पड़ी। जिससे अबैध कारोबारियो पर लगाम लग



सके ।वहीअबैध नशा विक्रेताओं की तलाश कियाजांच पड़ताल में जुटे थानाध्यक्ष का कहना है कि कोई अबैध तरीके से नशीले पदार्थ में पाया जाएगा तो उसे बख्शा नहीं जाएगा उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## दधीचि कुंड मिश्रिख में हजारों की संख्या में मरी मछलियां उठ रही दुर्गंध प्रशासन मौन

अमर ख्याल ।संजीव कुमार

सीतापुर के मिश्रिख में स्थित दधीचि कुंड तीर्थ में नगर पालिका कर्मचारियों व जिम्मेदारों की लापरवाही से चली गयी हजारों बेजुबानों की जान। फिर भी नही हो रही कोई उचित व्यवस्था। पूरा मामला विश्वविख्यात मिश्रिख के दधीचि कुंड तीर्थ में आज फिर नगर पालिका मिश्रिख की लापरवाही के चलते हजारों मछलियों की जान चली गई है ।मछलियां तड़प तड़प कर मर रही है ।वही स्थानीय लोगो ने बताया कि इस बार नही हर बार यही होता है ।कई कुन्तल मछलियां मर जाती है ।नगरपालिका इस बात से अनजान बना हुआ है ।जल निकासी के लिए सीतापुर जिलाधिकारी ने खुद कहा था कि



जल्द व्यबवस्था कराई जाएगी। लेकिन उनका ।आदेश भी हवा हवाई साबित हुआ है ।मिश्रिख उपजिलाधिकारी गौरव रंजन भी इस मामले का ।कोई संज्ञान नही ले रहे है। वही तीर्थ पुरोहितो का कहना है इस तीर्थ का जल दूषित हो गया है ।जल से दुर्गंध आ रही है ।पुरोहितों और श्रद्धालुओ का तीर्थ पर रुकना मुश्किल हो रहा है ।तब भी नगरपालिका के अधिकारी कर्मचारी अनजान बने हुए है।

# 24 घंटे बिजली देने की योगी सरकार की घोषणा हवा हवाई

अमर ख्याल/ प्रवीण कुमार यादव

जेठवारा प्रतापगढ़। भीषण गर्मी का दौर जारी है गर्मी से लोग बेहाल है। बिजली कटौती से लोगों का जीना मुश्किल हो गया है हालात यह है कि सुबह से शाम होते ही बिजली की आंख मिचौली शुरू हो जाती है ।भाजपा की सरकार बनने के बाद प्रदेश सरकार ने तहसील क्षेत्र में २० घंटे और देहात में १८ घंटे बिजली देने की घोषणा की थी। हालात या है कि बिना आंख मिचौली के ८ घंटे भी बिजली ग्रामीण क्षेत्र में नहीं मिल पा रही है। सराय भीमसेन पावर हाउस की आपूर्ति पहले सबस्टेशन भूपियामऊ १३२ केवीए से किया जा रहा था। परंतु कई वषों से ओवरलोडिंग के कारण उपभोक्ता




को विधुत आपूर्ति नहीं मिल पा रही थी आज भी सराय भीमसेन १३२ केवीए नाम बस चालू है सभी उपभोक्ता विघुत कटौती से नाखुश है। जेठवारा पावर हाउस की बात करें तो १८ किलोमीटर दूर कुंडा से आपूर्ति की जाती है जजर्र तार के वजह से आए दिन विघुत बाधित रहता है। अभी कुछ दिन पहले ही जेठवारा पावर हाउस पर ग्रामीणों ने घेराव करके एसडीओ व जेई को ज्ञापन सौंपा था।

# बदहाली का आंसू रो रहा है बाबा बालू केश्वर देवघाट भरत धाम का मार्ग

अमर ख्याल। प्रवीण कुमार सिंह

प्रतापगढ़ । बाबा बालू केश्रवर नाथ भरत धाम देव घाट पर मन्दिर मे एक पौराणिक शिवलिंग की स्थापना पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र जी के भ्राता भरत द्वारा स्थापित किया गया था। यह शिवलिंग की स्थापना उस समय की है जिस समय पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र जी अयोध्या से वन को जा रहे थे भरत द्वारा सई नदी के तट पर बालू से शिवलिंग की स्थापना की और यही पूजा अर्चना किए इसके बाद सिंगेरपुर होते हुए पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र जी से मुलाकात किए यह पौराणिक मंदिर है मुख्यालय से महज 10 किलोमीटर दूर पर मोहनगंज बाजार से 600 मीटर की दूरी पर उत्तरी दिशा में सई नदी के तट पर स्थित है ,मोहनगंज से मंदिर की तरफ जोड़ने वाला मार्ग से आप अंतू



थाना पुरे माधव सिंह चिलविला गड़वारा चनदीकन धाम से लेकर अन्य जगहों पर जोड़ते हुए आप मुख्यालय पर पहुंच चायेगे लेकिन इस मार्ग की स्थिति बहुत दयनीय है कहीं 2 फीट गड्ढे तो कहीं 4 फीट गड्ढे यही नहीं सावन मास में भक्त जनों को दर्शन करने में भी बहुत कठिनाई की मार झेलनी पड़ती है प्रतापगढ़ के सांसद संगम लाल गुप्ता सबका साथ और सबका विकास एवं जिला अधिकारी को और पुलिस अधीक्षक को चैलेंज करने वाला सांसद अपने संसदीय क्षेत्र की जर्जर सड़क का मरम्मत कार्य नहीं करवा सकते है तो वह कैसे किसी अधिकारी को चैलेंज करते है बाबा बालेश्वर नाथ धाम का रामचरितमानस में भी गोस्वामी तुलसीदास द्वारा वर्णन किया गया है मंदिर पर उपस्थिति गोस्वामीयो द्वारा जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि यह मार्ग बहुत दिनों से अपनी दयनीय स्थिति में है कभी भी इस मार्ग पर कोई अप्रिय घटना घट सकती है संगम से सड़क तक कहने वाले सांसद संगम लाल गुप्ता का ध्यान आखिर क्यों नहीं जाता कुछ छूट भैया कुछ मठाधीशों द्वारा अपने आप को अध्यक्ष, उपाध्यक्ष ,महामंत्री कोषाध्यक्ष अन्य पदों के लिए आपस में तकरार करते हैं थाना से लेकर चौकी तक लोगों को धर्म के नाम पर गुमराह करते हैं बिना ही किसी चुनाव के ही समिति का संचालन होता है और अपने आप को बहुत बडे महंत की उपाधि लेकर घूमते रहते है अखिर मंदिर के विकास के लिए कोई भी नहीं कार्य करता है लेकिन पदों के लिए आपस में सभी झगड़ा एवं तकरार पर रहते हैं उतावले यही कारण है कि हिंदू धर्म के नाम पर लोगों की इच्छाएं समाप्त होने लगी है।

# मौसम की बेरुखी से किसानों में चिंता

## पानी के अभाव में सूख रही धान की नर्सरी, खरीफ की फसल पर भी संकट, पिछड़ रही धान की अगैती खेती, सूखे की आशंका से किसान चिंतित

अमर ख्याल

सोनभद्र। इंद्र देव के कोप और मौसम की बेरुखी से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खिंचती जा रही है। पानी के अभाव में धान की नर्सरी तो सूख ही रही है, खरीफ की फसल पर भी संकट मड़रा रहा है। अगैती धान की खेती पिछड़ने और सूखे की आशंका से किसान चिंतित हैं।

साधन संपन्न किसान किसी तरह धान की नर्सरी बचाने में जुटे हुए हैं। आलम यह है कि दरार फटे धान की नर्सरी में आज पानी डाला जा रहा है तो तीसरे दिन फिर दरार फटनी शुरू हो जा रही है। सिवान में तो मानो वैशाख, जेठ जैसी धूल उड़ रही है और हवाएं भी बह रही है। इलाके में बरसात नहीं होने से बोई गई खरीफ की फसल मकई ,अरहर,तिल,उर्द सहित मिर्च, टमाटर आदि की फसल भी सुख रही है।

बताते चलें कि क्षेत्र में इस वर्ष अब तक केवल एक ही बार ऐसी बारिश हुई है जिससे खेतों की जुताई होने लगी। उसके बाद मानसून फिर निष्क्रिय हो गया। हालात यह है कि जलस्तर गृष्म ऋतु की तरह आज भी बना हुआ है ।तालाब, नदी - नाले व कुएं सूखे हुए हैं। नहरों में भी पानी नहीं है। यहां तक कि इंडिया मार्का -2 हैंडपंप की भी स्थिति ठीक नहीं है। कहीं-कहीं तो आषाढ़ मास बीत जाने और श्रावण आने के पश्चात भी पेयजल को लेकर त्राहि-त्राहि मचा हुआ है। सर्वाधिक परेशान पशु-पक्षी हैं। अपनी प्यास बुझाने के लिए इन्हें इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि महंगा बीज लेकर किसी तरह धान की नर्सरी डाली है और खरीफ फसल की बुवाई की है। किंतु पानी नहीं बरसने से यह भी मुरझा रही है। इसको लेकर वे काफी चिंतित हैं। यदि कुछ दिनों तक मौसम इसी प्रकार बना रहा तो सूखे की आग से झुलसना पड़ सकता है। क्योंकि तीन दिन श्रावण भी हो गया, मगर कहीं भी बारिश नहीं हो रही है।

### बदरी हरजाई ,सूरज से लजाई

सोनभद्र। सोनांचल में मानसून पूरी तरह निष्क्रिय है। यहां बरसात नहीं होने से आम जनमानस निराश है। वर्तमान में अकाल जैसी स्थिति दिख रही है। किसानों में उदासी है। खेतों में धूल उड़ रही है। आसमान में जब काले -कजरारे बादल नजर आते हैं तो लोगों खासकर किसानों में थोड़ा उम्मीद जग जाती है और वे आकाश की ओर टकटकी लगाने लगते हैं कि अब बरसेगा बदरा। मगर सूरज के आगे हरजाई बदरी लजा जाती है और दिन में तेज धूप तथा रात में दिखने लगते हैं तारे। आषाढ़ तो गुजर गया, सावन भी तीन दिन हो गया। देखना है कि बरसात का यह महीना किसानों के लिए कितना कारगर साबित होता है और लोगों को झमाझम बारिश तथा सुहाने मौसम से मन मोह लेता है।

## संक्षिप्त समाचार

### सीएमओ ऑफिस के बाबू के खिलाफ राज्य कर्मचारी परिषद ने छेड़ा आंदोलन

मीरजापुर। राज्य कर्मचारी परिषद शाखा मीरजापुर की बैठक के उपरान्त परिषद के पदाधिकारी एवं सदस्यों का प्रतिनिधिमण्डल अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग विंध्याचल मंडल मिजार्पुर से मिला। इस दौरान उन्हें ज्ञापन सौंपते हुए जिले में मुख्य चिकित्सा अधिकारी मिजार्पुर द्वारा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी का सरकार के नियमावली के विपरीत स्थानांतरण नीति के खिलाफ तबादला किए जाने की घोर निंदा करते हुए निरस्त करने की मांग की गई। बताया गया कि धर्मेंद्र कुमार पांडे डार्क्रूम सहायक सामुदायिक स्वास्थ केंद्र और आपने तबादला हेतु 14 जुलाई को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में अपने तबादला के लिए गए हुए थे जहां उनके साथ कार्यालय के बाबू मनीष जायसवाल करो कि कल उनका परिचय पूछने के साथ ही उन्हें शब्दों से नवाजे ते हुए उन्हें धक्का देकर कार्यालय से बाहर कर दिया गया। जिसका संगठन पुरजोर विरोध करने के साथ-साथ कार्रवाई की भी मांग करता है। बताया गया कि विभागीय कर्मचारी के खिलाफ मनीष कुमार के गृह प्रवेश है कर्मचारी के साथ-साथ प्राणघातक हमला करने इत्यादि को लेकर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद काफी आक्रोशित है तथा अधिकारियों से मांग किया है कि यदि इस मामले में न्योचित कार्रवाई नहीं की गई तो वह आर पार की लड़ाई छेड़ने के लिए बाध्य हो जाएंगे। संगठन के पदाधिकारियों ने मांग किया है कि मनीष जायसवाल बाबू वह उनके साथ रहने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करने के साथ-साथ इसकी जांच भी कराई जाए तथा दोषी बाबू को जेल भेजा जाए। इस मौके पर मोहन लाल यादव, सुनील कुमार कनौजिया, सुनील कुमार यादव, मिथिलेश, राम नरेश शर्मा, महताब बेगम, बबलू, अब्दुल अंसारी, मनोज सिंह, जगदीश खरवार, कन्हैयालाल प्रसाद, एसपी सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

### बिजली के पोल के करंट से 15 दिनों में तीन गायों की मौत

मीरजापुर। विन्ध्याचल। विश्व प्रसिद्ध विन्ध्याचल धाम में इन दिनों बिजली विभाग की लगातार बड़ी लापरवाही देखी जा रही है बिजली विभाग द्वारा विन्ध्याचल धाम में प्रतिदिन आने वाले हजारों लाखों दर्शनार्थियों के जान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है वर्तमान समय में सावन मास चल रहा है जिसमें विन्ध्याचल में दूरदराज से लाखों दर्शनार्थी प्रतिदिन माँ के दीदार को आते हैं उसके बावजूद भी विन्ध्याचल बिजली विभाग जरा सा भी सचेत नहीं है विन्ध्याचल के बिजली खंभों में लगातार जगह, जगह करंट उतर रहा है जिसकी वजह से आज से लगभग 15 दिन पूर्व बावली चौराहे से फतेहपुरी गली में एक गाय की बिजली के पोल के करंट लगने से दर्दनाक मौत हुई थी जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ था। वही आज शुक्रवार और शनिवार की रात्रि में विन्ध्याचल के सायी तकिया गली ग्रामीण बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा के समीप दो गायों की बिजली खंभे (पोल) के करंट की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई यह घटना विन्ध्याचल मंदिर से लगभग 250 मीटर की दूरी की है। लगभग 15 दिन पूर्व में हुई घटना भी मंदिर से लगभग 100 मीटर की दूरी की ही थी। विन्ध्याचल बिजली विभाग विन्ध्य धाम में आने वाले हजारों, लाखों यात्रियों के जान के साथ लगातार खिलवाड़ कर रहा है। शासन को व बिजली विभाग के उच्च अधिकारियों को विन्ध्याचल बिजली विभाग द्वारा लापरवाही व घटनाओं को गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए कड़ी कार्यवाही करनी चाहिए।

### चोरों ने एक ही रात कई घरों में दिया वारदात को अंजाम


मीरजापुर। जिगना थाना क्षेत्र में बीती रात चोरों ने आधा दर्जन से अधिक घरो मे चोरों ने घटना का अंजाम दिया है ।चोरी का सिलसिला जारी रहने से ग्रामीणों की नीद हराम हो गई है। आए दिन कहीं न कही चोर हाथ पांव मार दे रहे हैं लेकिन चोर पुलिस की पकड से दूर है। जिससे ग्रामीणों में पुलिस के प्रति विश्वास घटता जा रहा है ।शुक्रवार की रात चोर जिगना थाना क्षेत्र के रसौली गांव में बिष्णुशंकर शुक्ला एडवोकेट के घर मे घुस कर जेब से मोबाइल व लगभग 4 सौ रुपया नगद जाग जाने पर छत पर चढ कर कूद गया। उसी गांव में विनय कुमार तिवारी के घर पहुंच कर सामान तलाश रहा था कि पैंट में रखा 8सौ रुपया व बाइक की चाभी चुराने के बाद चोर कल्लू यादव के घर में घुसा और परिवार के लोग जग गए तो चोर भाग निकला गांव वालो ने पीछा किया तो अपना पिट्ठू बैग व चप्पल छोड कर पूरब की ओर भाग निकला।इधर चडेरुचौकठा शुक्लान वस्ती मे मकान के सामने लगे मडहे मे शो रहे सुरेंद्र कुमार सरोज का चोर पैंट 50 रुपया ए टी एम कार्ड पेन कार्ड चुरा ले गया और अपना लोवर पैजाम वहीं छोड दिया वही से एक साइकिल लेकर संतोष कुमार सिंह के मकान मे घुसा और आलमारी तोड रहा था कि किसी ने आवाज दिया तो छत से कूद कर भाग निकला। जिगना थाना के समीप पुरानी हरगढ रोड पर छोटेलाल उर्फ पग्गल माझी के यहां से एक साइकिल व उनके लडके का लोवर व चप्पल चोरी हो गई और यहां पर सुरेंद्र कुमार का गायब ए टी एम पेनकार्ड व पैंट मिला ।भुक्तभोगियों ने जिगना थाने मे घटना की सूचना दी है ।पुलिस छानबीन मे जुटी है रसौली गांव के ग्रामीणों ने एक चोर की भी जानकारी पुलिस को दी है। थानाध्यक्ष विजय कुमार सरोज ने बताया कि गस्त बढाई गई है चोरी की घटनाओं पर रोक लगने के साथ ही चोर जल्द पकडे जायेंगे। घटना शुक्रवार की रात 12 बजे से 4 बजे भोर तक की बताई जा रही है।

### एसपी ने किया थाने का औचक निरीक्षण

मीरजापुर। एसपी संतोष कुमार मिश्र ने शनिवार को तहसील दिवस के बाद स्थानीय थाने का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक से अपराध और अपराधियों पर की गई कार्रवाई के संबंध में जानकारी ली। एसपी ने अपराध रजिस्टर और अभिलेखों का रखरखाव देखा। इसके अलावा थाना परिसर स्थित बैरक आदि का निरीक्षण किया। एसपी संतोष कुमार मिश्र ने शनिवार को तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के बाद स्थानीय थाना पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले थाना परिसर का निरीक्षण किए और साफ सफाई को देखा ।सीओ कार्यालय में पहुंचकर स्टाफ का परिचय किए तथा लालगंज, हलिया और जिगना थाने से संबंधित रजिस्टर देखा।

## नहीं रहे मीडिया फोरम ऑफ इंडिया न्यास के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रमणि शुक्ल, शोक

**राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष ने कहा- चंद्रमणि शुक्ला का असामयिक निधन पत्रकारिता जगत की अपूरणीय क्षति**



अमर ख्याल

सोनभद्र। शिक्षा, साहित्य, पत्रकारिता और समाज सेवा के छेत्र में समान अधिकार रखने वाले मुर्धवां (खाड़पाथर), रेणुकूट के पंडित चंद्रमणि शुक्ल अब हमारे बीच नहीं रहे। बीती रात हृदय गति बंद हो जाने से उनका असमय अवसान हो गया। पंडित जगत नरायण शुक्ल इंटरमीडिएट कॉलेज मुर्धवा, रेणुकूट के संस्थापक प्रबंधक और वाराणसी से प्रकाशित एक हिंदी दैनिक समाचार पत्र के संपादक तथा मीडिया फोरम आफ इंडिया न्यास के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष रहे चंद्रमणि शुक्ल कई सामाजिक व सांस्कृतिक संस्थाओं से भी जुड़े हुए थे और उन सभी की संवैधानिक नीतियों के तहत उन्हें अपना अपार संबल प्रदान कर रहे थे। वे अपने पीछे अपनी धर्मपत्नी, दो पुत्रों एवं एक पुत्री को अविरल विलाप करने के लिए छोड़ गए हैं।

उनके आकस्मिक निधन की सूचना से अत्यंत मर्माहत वरिष्ठ पत्रकार एवं मीडिया फोरम आफ इंडिया न्यास के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष मिथिलेश प्रसाद द्विवेदी ने अपनी गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा है कि चंद्रमणि शुक्ला जी अदम्य साहसी और धीर गंभीर व्यक्तित्व के धनी शिक्षाविद व कलमकार थे, जिनकी कमी निकट भविष्य में हम सभी को सदैव खलेगी!

श्री द्विवेदी ने यह भी कहा है कि परमपिता परमेश्वर गत आत्मा को अपनी शरण में लेते हुए उन्हें परम शांति प्रदान करें एवं परिजनों को साहस व संबल देवें।

इसी तरह किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य एवं वरिष्ठ साहित्यकार डॉक्टर ओम प्रकाश त्रिपाठी, कवयित्री डॉक्टर रचना तिवारी, पत्रकार भोलानाथ मिश्र, राकेश शरण मिश्र, राजेश द्विवेदी, विजय विनीत, राजेश पाठक, परमेश्वर दयाल श्रीवास्तव, मीडिया फोरम आफ इंडिया न्यास के जिला अध्यक्ष सर्वेश श्रीवास्तव, महामंत्री पंकज देव पांडेय, राम अनुज धर द्विवेदी, प्रभात सिंह चंदेल, संजीव कुमार श्रीवास्तव, राजकुमार सिंह, अशोक दुबे, जगत नारायण विश्वकर्मा, विनोद गुप्त, राम जियावन गुप्ता, मनोज तिवारी, जगदीश तिवारी, ओमप्रकाश तिवारी, नीरज पाठक, किशन पांडेय, मस्तराम मिश्रा, नईम गाजीपुरी, अजय जौहरी, पवन अग्रवाल, मोहम्मद सलीम हुसैन, ज्ञानदास कनौजिया तारा शुक्ला और चिंता पांडेय आदि पत्रकारों ने भी अपनी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है।

### डाला के पत्रकारों ने व्यक्त की संवेदना

डाला (सोनभद्र)। वाराणसी से प्रकाशित एक हिंदी दैनिक समाचार पत्र के समाचार संपादक व पंडित जगत नारायण शुक्ल इंटरमीडिएट कालेज मुर्धवा रेणुकूट के संस्थापक प्रबंधक तथा मीडिया फोरम आफ इंडिया न्यास के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष रहे चंद्रमणि शुक्ल के आकस्मिक निधन से शोकाकुल स्थानीय संवाददाताओं ने शनिवार को शोक सभा का आयोजन किया। इस दौरान पत्रकारों ने दुख प्रकट किया और दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। शोक सभा कि अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार राम जी दुबे ने की। इस मौके पर राजवंश चौबे,सैयद आरिफ, जगदीश तिवारी,शिव प्रकाश शुक्ला, गिरीश तिवारी आदि पत्रकार मौजूद रहे।

## पत्रकारों पर हमला करने वाले अपराधियों की जल्द हो गिरफ्तारी



अमर ख्याल

चोपन-सोनभद्र। जनपद के खलियारी में गुरुवार की शाम अज्ञात हमलावरों द्वारा दो पत्रकारों पर फायरिंग कर की गई जानलेवा हमले के खिलाफ प्रेस क्लब चोपन के पत्रकारों ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन थाना प्रभारी को सौंपा। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार सुनील तिवारी ने कहा कि गुरुवार की शाम सरेआम जिस प्रकार से होटल पर चाय पी रहे दो पत्रकारों श्यामसुन्दर पांडेय व विजयशंकर पांडेय पर अज्ञात बदमाशों द्वारा फायरिंग की गई जो बेहद चिंताजनक है पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित कराई जाय जिससे वह स्वच्छंद वातावरण में पत्रकारिता कर सकें वहीं अध्यक्ष मनोज चौबे ने कहा कि जनपद में हौसला बुलन्द अपराधियों की धमक बढ़ती ही जा रही है ।जिससे लोगों में डर एवं खौफ का माहौल पनपने लगा है। गुरुवार को लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर हुआ हमला कानून व्यवस्था को सीधा चुनौती है। वरिष्ठअधिवक्ता/ पत्रकार अमीत सिंह ने कहा कि जिस प्रकार से आये दिन लोकतंत्र में चौथे स्तम्भ पर हमले हो रहे हैं यह बहुत ही निंदनीय है। उपस्थित पत्रकारों द्वारा मुख्यमंत्री को नामित ज्ञापन थाना प्रभारी किरण कुमार सिंह को सौंपकर, हमलावरों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की गई। इसके साथ ही घायल पत्रकारों को बेहतर चिकित्सा एवं सुरक्षा प्रदान करने की मांग की गई। थानाध्यक्ष ने ज्ञापन को मुख्यमंत्री तक भेजने का आश्वासन दिया। इस मौके पर पत्रकार सुरेन्द्र चौबे, संतोष मिश्रा, सत्यदेव पांडेय, अमलेश सोनकर, कृपा शंकर पांडेय,सद्दाम कुरैशी, विनीत शर्मा ,राहुल शर्मा, कैलाश प्रजापति,घनश्याम पांडेय,कामेश्वर विश्वकर्मा, प्रमोद कुमार,अनुज जायसवाल, मुकेश मोदनवाल, विजय साहनी इत्यादि लोग मौजूद रहे।

## ग्रामीणों ने शिकायत लेकर तहसील दिवस पहुंचे



अमर ख्याल

विंढमगंज (सोनभद्र)। दुद्धी ब्लॉक के ग्राम पंचायत फुलवार में शौचालय घोटाले का जिन्न निकलना शुरू हो गया है ,इसका खुलासा तब हुआ जब ग्रामीणों ने शिकायत लेकर तहसील दिवस में पहुचे। ग्रामीण वीरेन्द्र कुमार, छोटेलाल, राजनारायण, मुन्ना, बीरबल, गुड्डू, विजय, मुकेश,ने कहा कि ग्राम पंचायत में शिकायत के बाद निर्मित शौचालयों की कोडिंग पहले भी कराई गई थी लेकिन अभी तक कोई रिपोर्ट नही आया और नही शौचालय को पूर्ण करवाया गया लगता हैं ग्राम पंचायत में शौचालय निर्माण की कोडिंग कराए जाने पर हैरान करने वाले आंकड़े सामने आए होंगे इसलिये मिलीभगत कर दबा दिया गया । ब्लॉक में कार्यरत गैर जिम्मेदार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन योजना का माखौल कैसे उड़ा रहे है यह दुद्धी ब्लॉक के ग्राम पंचायत फुलवार में देखने को मिल रहा हैं। यहां के सचिव ग्राम प्रधान से मिलीभगत कर ग्राम पंचायत में कागज पर ही शौचालय बनवा दिया और धन का बंदरबांट कर लिया गयोकई शौचालय तो ऐसे हैं जो पुराने थे जिसे नया निर्माण दिखाकर भुगतान निकाल लिया गया है वही ग्रामीणों के माने तो ग्राम पंचायत में कुछ शौचालय तो धरातल पर बने ही नहीं है। वार्ड सदस्य रामनारायण, गंगा राम कन्नौजिया,ईश्वरी घसिया,घूरा भुइया ने कहा कि शौचालय निर्माण में यहां के तानाशाह सचिव अपने को सरकार से भी ऊपर समझने लगे है ,शायद यही कारण है कि वे प्रधानमंत्री स्वच्छ भारत मिशन योजना को पलीता लगाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं।

## पीड़िता के शिकायत पर डीएम ने प्राथमिकी दर्ज करने का प्रभारी निरीक्षक लालगंज को दिया निर्देश

लालगंज, मीरजापुर। तहसील सभागार में शनिवार को संपन्न हुए संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 297 मामले आए जिसमें नौ का निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्ष्यकार ने एक गांव की पीड़िता के मामले में प्राथमिकी दर्ज करने का प्रभारी निरीक्षक लालगंज को निर्देश दिया। लालगंज तहसील सभागार में जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न हुआ। जिसमें कुल 297 मामलों में नौ का मौके पर निस्तारण किया गया। अधिकतर मामले जमीन संबंधी विवाद को लेकर आए थे। एक मामले में जिलाधिकारी ने प्रभारी निरीक्षक लालगंज को प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता ने एक युवक पर वीडियो बनाने और परेशान करने का आरोप लगाया कहा कि वह शादीशुदा युवक आए दिन हरकत कर परेशान करता रहता है।

लालगंज थाना क्षेत्र के नदौली करौदी गांव निवासी सूर्यजीत दुबे ने गांव में आवंटित हुए कोटे की दुकान को चयन में धांधली का आरोप लगाया। दिए प्रार्थनापत्र में बताया कि उनके पक्ष में 354 लोग थे जबकि जिनको कोटा दिया गया उनके पक्ष में मात्र 185 लोग थे।इस मामले में जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी में लालगंज को जांच कर कार्रवाई करने का आदेश दिया। हलिया थाना क्षेत्र के बरबसा गांव निवासी दयाशंकर व कमला शंकर में प्रार्थना पत्र देकर आवासीय पट्टे की जमीन पर कब्जा दिलाए जाने की मांग की। बरौंधा गांव निवासी सुरेश मिश्रा ने बालिका इंटर कॉलेज तक जाने के लिए रास्ता बनवाने की मांग की है बताया कि आजादी के 70 साल बाद भी विद्यालय जाने के लिए रास्ता नहीं है उसके कारण 2 किलोमीटर का चक्कर लगाना पड़ रहा है।

मुड़पेली गांव के बीरबल ने जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगाया। रामपुर नौडिहा गांव के फूलचंद ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर शिकायत किया की पक्की पैमाइश के आदेश के बाद भी पैमाइश नही की गई। लालगंज में संतोष ने बिजली विभाग के जेई पर उत्पीड़न करने का आरोप लगाया। बसही खुर्द गांव के गोपी ने बैनामा शुदा जमीन पर कब्जा हटाने की मांग किय गजरिया गांव की राजकली लल्लू वह बसंत लाल में विपक्षी पर आरोप लगाया कि मकान उजाड़ कर फेंक दिए हैं कार्रवाई की मांग की गई। जिलाअधिकारी प्रवीण कुमार लक्ष्य ने आए हुए प्रार्थना पत्रो का समय के अंतर्गत निस्तारण करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा, सीडीओ श्री लक्ष्मी बीएस, एसडीएम विजय नारायन सिंह, तहसीलदार शशांक शेखर राय, रेंजर केके सिंह, सीओ उमाशंकर सिंह, डीएसओ, समाज कल्याण अधिकारी, बीडीओ द्वय शिव नारायण सिंह व कुलदीप पटेल प्रभारी निरीक्षक लालगंज रामनारायण सरोज, हलिया अनिल कुमार सिंह समेत सभी विभागों के लोग उपस्थित रहे।

# कांवरियों की भीड़ के मद्देनजर गंगा तट का निरीक्षण करते हुए एसपी

**श्रावण मास में कांवरियों के संभावित भीड़ के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक ने किया चक्रमण**

विन्ध्याचल, मीरजापुर। श्रावण मास में विन्ध्यक्षेत्र में होने वाले श्रद्धालुओं खासकर कावरियों की संभावित भीड़ के मद्देनजर पुलिसअधीक्षक संतोष मिश्रा ने क्षेत्राधिकारी नगर प्रभात राय, थानाप्रभारी विनीत राय, मन्दिर सुरक्षा प्रभारी चंद्रप्रकाश पाण्डेय, यातायात प्रभारी व पर्याप्त संख्या में पुलिसबल के साथ विन्ध्यधाम का चक्रमण किया। चक्रमण की शुरूआत बंगाली चौराहा से प्रारम्भ करते हुए बावली चौराहा, स्टेट बैंक चौराहा, पुरानी व्हीआईपी, विन्ध्यवासिनी मन्दिर, पक्काघाट, दीवान घाट होते हुए कोतवाली पर विराम दिया। इस दौरान सेंट्रल बैंक के समीप स्थित मधुशाला व भांग की दुकानों पर भी पहुंचे। वहां पर नशेड़ियों को चेतावनी दी कि खुले स्थान पर नशे का सेवन न करें। मन्दिर के समीप खड़ी मोटरसाइकिलों को देखकर उन्होंने नाराजगी जताई और क्षेत्राधिकारी को निर्देश दिया कि वाहनों का आवागमन कम से कम 50 मीटर दूर से ही रोकने का प्रबंध करें। गंगाघाटों पर भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी ने स्नानार्थियों के सुरक्षा सम्बन्ध में अपने मातहतों से तमाम जानकारियां प्राप्त की।

भ्रमण के दौरान बीच बीच मे श्रद्धालुओं को टोककर उनसे बात भी की। जौनपुर से आये कांवरियों के एक जत्थे से उनका हालचाल पूछा और हर हर महादेव का उद्घोष कर उनकी यात्रा को शुभकामना दी। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि श्रावण मास को त्योहार के रूप में हर्षोल्लाश के साथ सकुशल सम्पन्न कराएंगे। पूरे महीने यातायात व गंगाघाटों पर सुरक्षा व्यवस्था काफी सुदृढ रखी जाएगी।

सार्वजनिक स्थलों पर नशेड़ियों, उचक्कों, पाकेटमारों व लड़कियों महिलाओं पर अभद्र टिप्पड़ी करने वाले मनचलों पर कड़ी नजर रखी जायेगी। इसके लिए सादे कपड़े में पुरुष व महिला कांस्टेबलों की तैनाती की जाएगी।

गंगा घाटों पर अतिरिक्त पुलिसबल की तैनाती की जाएगी।

## घर के बाहर बैठी महिला पर चाकू से हमला

फूलपुर (आजमगढ़)। क्षेत्र के बिलारमऊ निवासी रत्नेश ने कोतवाली फूलपुर में तहरीर देकर पवई थाना क्षेत्र के कछरा निवासी सोनू राजभर पर चाकू से हमला करने का आरोप लगाया है। रत्नेश ने पुलिस को बताया कि उनकी पत्नी पिंकी घर के बाहर बैठी थीं कि उसी समय सोनू बाइक से आया और पुरानी रंजिश के कारण पत्नी पिंकी को अपशब्द बोलने लगा। पत्नी के विरोध करने पर चाकू से कई वार कर दिया, जिससे वह घायल हो गई। पत्नी के शोर मचाने पर ग्रामीणों को एकत्रित होता देख हमलावर बाइक से भाग निकला। पुलिस घायल महिला का सीएचसी में इलाज कराने के साथ आरोपी की तलाश में जुट गई है।

## भूमि विवाद और पुरानी रंजिश में मारपीट, दंपती समेत सात घायल

बलरामपुर (आजमगढ़)। बर्ना जगदीशपुर, पासीपुर रसुलपुर और बिंद मठिया गांव में शुक्रवार को भूमि विवाद व पुरानी रंजिश को लेकर हुई मारपीट सात लोग घायल हो गए। बर्ना जगदीशपुर (बिलरियागंज) निवासी घायल अनूप ने बताया कि शाम को खेत में पानी चला रहे थे कि विपक्षी अपने साथियों के साथ आया और पीने के लिए पानी मांगने लगा। मैंने कहा जिसे पानी पीना है वह ट्यूबवेल पर जाकर पी लें। इसी बात से नाराज लोगों ने हमला कर दिया। दौड़कर अपने घर गया तो वहां भी घुसकर मेरे पिता अनिल और भांजे विनय को मारपीट कर घायल कर दिया। पासीपुर रसूलपुर (कप्तानगंज) निवासी दंपती संजय और रीना ने बताया कि जब विपक्षी से भूमि बंटवारे के लिए कहते हैं तो टाल जाते हैं। शुक्रवार की शाम बंटवारे के लिए कहा, तो अपशब्द कहने लगे, जिसका विरोध किया तो स्वजन के साथ लाठी-डंडे से घायल कर दिया। उधर बिंद मठिया (मुबारकपुर) के अनिरुद्ध गिरी ने बताया कि विपक्षी जबरदस्ती भूमि कब्जा किए हैं। शाम को जब विपक्षी से भूमि खाली करने के लिए कहा तो लाठी लेकर दौड़ा लिया। बाद में अपने पुत्र अजय के साथ विपक्षी के पास पहुंचा और दौड़ाने का कारण पूछा, तो मारपीट कर घायल कर दिया।

## रंगदारी मांगने का आरोपित तमंचा के साथ गिरफ्तार

आजमगढ़ः रानी की सराय पुलिस ने चेकपोस्ट के पास से शुक्रवार को तमंचा दिखा कर 15 हजार रुपये की रंगदारी मांगने के आरोपित को गिरफ्तार किया है। उपनिरीक्षक उमेश चंद्र चेकपोस्ट तिराहे पर जवानों के साथ संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर रहे थे। पुलिस को देख एक युवक मुड़कर भागने लगा। जवानों ने दौड़ाकर युवक को पकड़ लिया। उससे पूछताछ की गई तो उसने अपना नाम संजय तिवारी उर्फ संजू निवासी दिलौरी बताया। थाना प्रभारी नंद जी तिवारी ने बताया कि 14 जुलाई को दिलौरी गांव में सतीश सिंह के घर पहुंच तमंचा के बल पर 15 हजार रुपये की रंगदारी मांग रहा था।

## 28.85 लाख के सापेक्ष जिले में पहुंची 1.96 लाख पुस्तकें

आजमगढ़। परिषदीय विद्यालयों को निर्धारित अवधि से पहले ही खोल दिया गया, लेकिन पुस्तकें नहीं पहुंचने से शिक्षक व छात्रों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। परिषदीय विद्यालयों में मुफ्त वितरण के लिए विभिन्न कक्षाओं के लिए 28,85,976 पुस्तकें आनी हैं। अभी तक जिले में मात्र 1,96,181 पुस्तकें प्राप्त हुई हैं। यह सभी पुस्तकें कक्षा तीन के छात्रों में वितरण के लिए हैं। इन पुस्तकों को जूनियर हाईस्कूल जाफरपुर में रखा गया है। जिले में 2703 परिषदीय विद्यालय है। शासनादेश के अनुसार 13 जून तक पुस्तकों को पहुंचा जाना चाहिए था। पुस्तकों के लिए अनुबंध सात जून को ही हो गया था। इसमें 90 दिन के अंदर पुस्तकों को उपलब्ध कराना है। कक्षा एक से तीन की पुस्तकों की आपूर्ति अनुबंध तिथि सात जून से 120 दिन के अंदर देने का प्रावधान है। ऐसे में पुस्तकों के आने से उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द ही उपलब्ध हो जाएंगे। बीएसए अतुल कुमार सिंह ने बताया कि पुस्तकें आनी शुरू हो गई हैं। पुस्तकों की उपलब्धता के अनुसार बच्चों के बीच वितरित किया जाएगा।

## सीडीओ से रंगदारी मांगने वाला गिरफ्तार

मऊ। जिले का फर्जी जिलाधिकारी बनकर अफसरों पर धौंस जमाकर रंगदारी मांगने के आरोपित को कोतवाली पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। शातिर बिहार के औरंगाबाद का रहने वाला है। डीएम अरुण कुमार के तस्वीर की व्हाट्सएप पर डीपी लगाकर सीडीओ समेत अन्य जिला स्तरीय अफसरों से चैटिंग व काल के जरिये रंगदारी मांगता था। जिस मोबाइल नंबर का उपयोग हो रहा है वह ट्रूकालर पर रवि सिंह के नाम से प्रदर्शित हो रहा था। सीडीओ रामसिंह वर्मा की तहरीर पर विगत 12 जुलाई को शहर कोतवाली पुलिस ने फर्जी डीएम पर मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपित के मोबाइल को पुलिस ने सर्विलांस पर लगा रखा था। शनिवार को शहर में उसकी लोकेशन मिलते ही सक्रिय हुई पुलिस ने दबोच लिया। शहर कोतवाल संजय त्रिपाठी ने बताया कि उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

## दुष्कर्म आरोपित प्रबंधक गिरफ्तार

मऊ। रानीपुर क्षेत्र के गुजराती देवी महिला इंटर कालेज फतेहपुर में नियुक्ति कराने आई झांसी की अध्यापिका संग दुष्कर्म में वांछित विद्यालय के प्रबंधक आलोक सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। मुखबिर की सूचना पर सरायलखंसी पुलिस ने शनिवार की देर शाम पुलिस लाइन के सामने से पकड़ा। वह कहीं भागने की फिराक में था। युवती ने आरोप लगाया था कि आयोग से उसकी नियुक्ति इस विद्यालय पर अध्यापक के रूप में हुई है। वह अपने भाई के साथ ज्वाइन करने के लिए यहां आई थीं। नियुक्ति कराने के नाम पर प्रबंधक ने उससे 50 हजार रुपया भी लिया। इसके अलावा पांच लाख रुपये की मांग की। नहीं देने पर धमकाता रहा तथा प्रधानाचार्य बनाने का आश्वासन दिया। इस बीच उसके भाई को 20 किमी दूर फोटोकापी के लिए भेज दिया और उनके साथ दुष्कर्म किया था। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर रानीपुर थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। थाना प्रभारी सरायलखंसी कृष्ण कुमार गुप्त ने बताया कि पुलिस लाइन के पास से गिरफ्तार किया गया है।

## सरयू नदी से निकला 30 किलोग्राम चांदी का शिवलिंग

दोहरीघाट (मऊ) : मातेश्वरी धाम के निकट सरयू नदी के किनारे से 30 किलोग्राम चांदी का शिवलिंग निकला। शिवलिंग लेकर लोग मेलाराम बाबा मंदिर पहुंचे। यहां वैदिक मंत्रोच्चार के साथ रुद्राभिषेक किया गया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस शिवलिंग को थाने ले आई। इसके बाद थाने में दर्शन-पूजन को श्रद्धालुओं की कतार लग गई। देर शाम तक थाने में हर-हर महादेव के उद्घोष गूंजते रहे। शनिवार को दिन में राममिलन साहनी मातेश्वरी घाट के समीप सरयू नदी तट पर गया था। स्नान करते समय नदी में उसे कुछ ठोस पदार्थ दिखा। बालू में उसने खोदाई शुरू की तो गोलाकार कुछ दिखाई देने लगा। इससे वह भयभीत हो गया। उसने मछली मार रहे व नदी के तट पर रहे मल्लाह लोगों को बुलाया। उसके बुलाने पर रामचंद्र निषाद व दीनानाथ निषाद आए। दोनों ने आगे भी खोदाई की। इसके बाद डेढ़ फीट लंबा व एक फीट चौड़ा चांदी का शिवलिंग बालू से निकला। शिवलिंग का श्याम बाबा, प्रदीप कुमार पांडेय व आनंद कुमार पांडेय ने रुद्राभिषेक किया। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पाते ही मौके पर एसआइ केशव राम यादव, कांस्टेबल हरिकेश, आशीष कुमार पहुंचे और शिवलिंग को थाने लाए।

# विद्यार्थी साधक होता है और अध्ययन एक साधना है:डॉ. आनंद

अमर ख्याल



गाजीपुर। जखनियां तहसील के जाहीं स्थित के पी पब्लिक स्कूल का सत्रहवाँ स्थापना दिवस हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया।इस अवसर पर विविध कार्यक्रमों के अतिरिक्त विद्यालय परिवार ने छात्रों और अविभावकों से संवाद स्थापित कर स्थापना दिवस की बधाई दी तथा छात्र छात्राओं को अनुशासन,लगन और निष्ठा के साथ लक्ष्य प्राप्ति तक अध्ययनरत रहने का संदेश दिया।शिक्षा मनुष्य के अंदर अच्छे विचारों को लाती है तथा बुरे विचारों का विरेचन कर पशु से मनुष्य बनाती है।वास्तव में पशु से ऊपर उठने की प्रक्रिया का नाम शिक्षा है।स्कूली शिक्षा का जीवन में बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान है।ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए इस शिक्षणसंस्था की स्थापना 15 जुलाई वर्ष 2005 में शिक्षाविद पं.रामप्रसाद मिश्र द्वारा की गई थी।यह विद्यालय ग्रामीण छात्रों एवं छात्राओं की शिक्षा सम्बन्धी आवश्यकताओं की पूर्ति करते हुए उत्तरोत्तर विकास की ओर उन्मुख है।इस संस्था का मूल उद्देश्य धनार्जन नहीं ज्ञान का प्रसार है।संस्था राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतिभाओं को चिन्हित कर उनके विकास में सहायक बनने के लिए कटिबद्ध है।सत्रह वर्ष की यात्रा के दौरान इस संस्था से निकले छात्र आज बैंकिंग के क्षेत्र में,अध्यापन के क्षेत्र में, पुलिस विभाग में,सेना में चयनित होकर राष्ट्र और समाज को अपनी सेवाएं दे रहे हैं।संकल्प शक्ति के बल पर यह सब सम्भव हो सका है।

कार्यक्रम को श्री दुखहरन सिंह यादव ,डॉ. सन्तोष कुमार मिश्र ,डॉ. आनंद कुमार ने सम्बोधित किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य श्री प्रमोद कुमार मिश्र किये।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से श्री जगदीश यादव,श्री संतोष यादव,श्री अमित गिरी,श्री नंदलाल यादव आदि उपस्थित थे।

# पुरानी पेंशन बहाली व चिकित्सीय सुविधा को भरी हुंकार




**आजमगढ़।** पुरानी पेंशन बहाली और चिकित्सकीय सुविधा सहित विभिन्न मांगों को लेकर एक बार पुनः उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (शर्मा गुट) ने आवाज बुलंद की। शनिवार को डीआइओएस कार्यालय परिसर में धरना दिया। दोपहर बाद मुख्यमंत्री को संबोधित 17 सूत्रीय ज्ञापन सौंप मांगों के प्रति प्रतिबद्धता जताई। संगठन के प्रदेश महामंत्री इंद्रासन सिंह ने कहा कि सरकार शिक्षा, शिक्षक और शिक्षार्थी विरोधी नीतियों पर चल रही है। इसे संगठन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगा। यदि सरकार ने शिक्षा व शिक्षक विरोधी नीतियों को बंद नहीं किया तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। शिक्षक नेता दिवाकर तिवारी ने कहा कि सरकार पुरानी पेंशन को बंद करके शिक्षकों व कर्मचारियों के साथ अन्याय कर रही है। जिलाध्यक्ष बृजेश राय ने कहा कि यदि सरकार ने मांगों पर विचार नहीं किया तो शिक्षक सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करने के लिए बाध्य होंगे। जिला मंत्री विजय सिंह ने कहा कि जब तक मांग नहीं मानी जाती, आंदोलन जारी रहेगा। मंडलीय अध्यक्ष मुन्नू यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष कमलेश राय, परशुराम यादव, संतोष कुमार, ऋषिकेश मिश्र, राजेश भारती इत्यादि मौजूद रहे।

# अपर पुलिस अधीक्षक ने महाहर धाम का लिया जायजा

गाजीपुर। महाहर धाम स्थित शिव मंदिर पर सावन मास के प्रथम सोमवार को कावड़ यात्रा के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने शनिवार की देर शाम को अपर पुलिस अधीक्षक राजधारी चौरसिया पहुंचे। उन्होंने वाहन पार्किंग के मद्देनजर जगह चिह्नित किया।

सुरक्षा की दृष्टि से जांच पड़ताल करते हुए मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देशन दिया। जल्द ही सभी कार्यों को पूर्ण करने को कहा। मंदिर परिसर पर समिति की ओर से लगाए गए सीसी कैमरे का फीडबैक लिया। मंदिर समिति को अधिक से अधिक वालंटियर तैयार करने को कहा।

सुरक्षा की दृष्टि से जांच पड़ताल करते हुए मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देशन दिया। जल्द ही सभी कार्यों को पूर्ण करने को कहा। मंदिर परिसर पर समिति की ओर से लगाए गए सीसी कैमरे का फीडबैक लिया। मंदिर समिति को अधिक से अधिक वालंटियर तैयार करने को कहा।सीओ कासिमाबाद बलिराम, थानाध्यक्ष मरदह दुष्यंत सिंह आदि थे।

## केन्द्रीय बाल विकास राज्यमंत्री डा0मुंजापारा से मिले इटैली ग्राम प्रधान विवेक कुमार

अमर ख्याल

रतनपुरा मऊ। क्षेत्र के इटैली ग्राम प्रधान विवेक कुमार सोनू ने केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री भारत सरकार डॉक्टर मंजू पारा जी से मिलकर इटैली ग्राम सभा में शवदाह निर्माण के लिए ज्ञापन सौंपा।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हमारे इटैली ग्राम सभा में शवदाह के लिए खाली जमीन पड़ी हुई है। जिसमें शवदाह गृह का निर्माण कराया जाए, उन्होंने कहा कि गांव में किसी की मृत्यु हो जाने पर लोगों को बहुत दूर बाहर जाना पड़ता है अतः सरकार के नियमानुसार हमारे क्षेत्र में तत्काल शवदाह बनाए जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने की कृपा करें। युवा तेजतर्रार ग्राम प्रधान विवेक कुमार सोनू ने कहा कि गांव मे सभी सुविधाओं का विकास कराना हमारा प्राथमिकता है। हमारा गांव हर सुविधा से लैस होगा।

## प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना में मुहम्मदाबाद प्रथम

गाजीपुर। प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के अंतर्गत जनपद में 94199 महिलाओं ने अब तक इस योजना का लाभ उठाया है। सबसे अधिक पांच जुलाई तक 8768 महिलाओं को इस योजना का लाभ देकर मुहम्दाबाद जनपद में प्रथम, 7075 महिलाओं के साथ मनिहारी द्वितीय व 7003 महिलाओं को लाभ देकर सैदपुर तृतीय स्थान पर रहा। जनपद सहित प्रदेश में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की शुरूआत जनवरी 2017 से की गई थी।

# मंडी में सब्जी बेचने की अनुमति को सौंपा ज्ञापन



आजमगढ़। सब्जी किसानों व व्यारियों ने शनिवार को सदर तहसील में प्रदर्शन करते हुए एसडीएम से मंडी में सब्जी बेचने की अनुमति मांगी है। सब्जी विक्रेताओं ने कहा कि खेतों से हरी सब्जी लाकर मंडी में बेचने का काम करते हैं। कुछ दबंग किस्म के लोग बेचने से मना करते हैं, जिससे हम सभी को काफी नुकसान का सामना करना पड़ता है। कहा कि सब्जी हम सभी पहले से बेचते चले आ रहे हैं। सब्जी विक्रेताओं ने प्रतिदिन मंडी खोलवाने व सब्जी बेचने की अनुमति देने की मांग की है। संदीप मौर्य, बाल चंद्र मौर्य, अखिलेश सिंह पटेल, श्रवण मौर्य, राजाराम आदि थे।

# दो शातिर चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की 8 मोटरसाइकिल बरामद

अमर ख्याल

रतनपुरा ( मऊ)। हलधरपुर थाना क्षेत्र के मझौली गाँव में सरेशाम सरेराह राजमार्ग संख्या 34 पर अपरान्ह पौने पाँच बजे आशीष मद्धेशिया पुत्र घूरहू (21) नामक युवक को कुछ लोगों ने घर से बुलाकर राड व डंडे एवं हथौड़े बुरी तरह पीट पीट कर मौत के घाट उतार दिया। युवक मझौली गाँव का निवासी है।घटना की सूचना कुछ राहगीरों ने महज पाँच सौ मीटर की दूरी पर स्थित थाने पर दिया।इस बीच ग्रामीणों ने घायल युवक को थाने पहुँचाया।किंतु काफी देर तक कोई कारवाई न होता देख तथा घायल की स्थिति बिगड़ती देख परिजन व सहयोगी जिला अस्पताल ले गए। जहाँ से चिकित्सक पुनः सी.एच.सी. भेज दिए।गंभीर रूप से घायल आशीष की इलाज के दौरान मौत हो गई । युवा बेटे की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।आशीष पांच भाइयों में सबसे छोटा था।

**परिजनों ने पुलिस पर लगाया लापरवाही का आरोप**

युवा पुत्र की मौत का समाचार सुनते ही माता-पिता सहित घर के अन्य सदस्यों के करुण क्रंदन से सभी की आंखें नम हो नम हो गई। मृतक के पिता ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि थाना मुख्यालय से महज 500 मीटर की दूरी पर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 34 पर हुई इस घटना में पुलिस की शिथिलता देखने को मिली।

घटना की सूचना के बाद भी पुलिस तुरंत घटनास्थल पर नहीं पहुंची। जिससे हमलावर भागने में सफल रहे, साथ ही जब परिजन एवं अन्य लोग घायल अवस्था में आशीष को लेकर थाने पहुंचे तो वहां भी कोई कागजी कार्रवाई नहीं की गई।

अंत में कुछ समय बाद परिजन घायल आशीष की बिगड़ती हालत देख स्वयं आशीष को लेकर जिला अस्पताल गए। जहां कागजी कोरम पूर्ति के अभाव में चिकित्सकों ने इलाज करने से मना कर पुनः सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र वापस भेज दिया।इस दौरान गंभीर रूप से घायल आशीष की हालत अत्यधिक रक्तस्राव एवं चोट के कारण बिगड़ती गई और अंत में उसने दम तोड़ दिया।

## सैदपुर में बनेगा फ्लोटिंग जेटी, अधिकारियों ने किया दो घाटों का निरीक्षण

सैदपुर (गाजीपुर)। एसडीएम अरुण कुमार सिंह ने जल परिवहन विभाग के अधिकारियों के साथ जेटी बनाने के लिए नगर स्थित दो घाटों का निरीक्षण किया। अधिकारियों के निरीक्षण में नगर के वार्ड संख्या 14 स्थित बूढ़ेनाथ महादेव घाट को उपयुक्त पाया गया। कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद शासन आगे की प्रकिया चालू कर देगी। एडीएम जल परिवहन के अधिकारियों के अलावा तहसीलदार नीलम उपाध्याय व ईओ आशुतोष त्रिपाठी के साथ शनिवार की शाम नगर के वार्ड छह स्थित पक्का घाट व बूढ़ेनाथ महादेव घाट का निरीक्षण किया। निरीक्षण में बूढ़ेनाथ महादेव घाट उपयुक्त पाया गया। तहसीलदार ने कहा कि बूढ़ेनाथ महादेव घाट पर फ्लोटिंग जेटी बनाया जा सकता है। ईओ ने कहा कि फ्लोटिंग जेटी बनने से इस घाट को पर्यटन स्थल की तर्ज पर विकसित किया जा सकेगा।

# दो शातिर चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की 8 मोटरसाइकिल बरामद

अमर ख्याल

मऊ। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाये जा रहे वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी के अभियान के तहत थाना सरायलखंसी पुलिस को उस समय अहम सफलता हाथ लगी जब जरिए मुखबिर की सूचना बढुआ गोदाम तिराहे पर चेकिंग के दौरान एक मोटरसाइकिल से एक व्यक्ति आता दिखाई दिया जिसको रूकने का इशारा किया गया तो उक्त संदिग्ध व्यक्ति पुलिस को देखकर पीछे मुड़कर भागना चाहा कि मौके पर उपस्थित पुलिस बल के सहयोग से घेर घार कर पकड़ लिया गया। पूछताछ के दौरान उनके कब्जे से चोरी 08 मोटरसाइकिल बरामद हुई।

गिरफ्तारशुदा नाम पता अभियुक्तझ

1. राघव सिंह उर्फ प्रथम सिंह पुत्र चतुरी सिंह निवासी खलिशापुर थाना जंगीपुर जनपद गाजीपुर

2. मनीष कुमार भारती पुत्र अजय भारती निवासी गुम्मा थाना जंगीपुर जनपद गाजीपुर

अभियुक्तगण से बरामदगीझ

04 मो0सा0 थाना सरायलखन्सी से संबन्धित 01 मो0सा0 थाना घोसी से संबन्धित तथा एक मो0सा0 थाना कोतवाली से संबन्धित है। मो0सा0 विवरण निम्नवत है-

1. वढ60ऊ8163 चेचिस नम्बर 03ङ27ऋ57584 इंजन नम्बर 03ङ27ए58045 (कनेक्ट थाना सरायलखन्सी जनपद मऊ संबन्धित मु0अ0सं0 317/22 धारा 379 भादवि )

2. सीडी डिलक्स लाल रंग की वढ54ऋ7408 चेचिस न0 07023ऋ37695 इंजन न0 07ऊ22ए45393(कनेक्ट थाना सरायलखंसी जनपद मऊ संबन्धित मु0अ0सं0 230/22 धारा 379 भादवि)

3. सीडी डिलक्स लाल रंग की विना नम्बर प्लेट वढ54ऋ1606 चेचिस न0 06ऊ2ऋ37270 इंजन न0 06ऊ29ए37049(कनेक्ट थाना सरायलखंसी जनपद मऊ संबन्धित मु0अ0सं0 403/22 धारा 379 भादवि)

4. महिन्द्र सैन्टीरियो काले रंग की वढ54ढ8930 चेचिस न0 खुरचा हुआ इंजन न0 वढएऊ023414(कनेक्ट थाना सरायलखंसी जनपद मऊ संबन्धित मु0अ0सं0 404/22 धारा 379 भादवि)

5. स्पेलण्डर प्लस काले रंग की वढ54ठ9395 चेचिस न ा 0 टइछलअ10अटउ9ट08080 इंजन न0 लअ10एखउ9ट11296(कनेक्ट थाना कोतवाली जनपद मऊ संबन्धित मु0अ0सं0 332/22 धारा 379 भादवि)

6. स्पेलण्डर ठऋ काले रंग की वढ54ट4336 चेचिस न0 टइछलअ12एड9ट00873 इंजन न0 लअ12एएऊ9ट00903(कनेक्ट थाना घोसी जनपद मऊ संबन्धित मु0अ0सं0 105/22 धारा 379 भादवि)

7. हीरो होण्डा स्पेलण्डर काले रंग की विना नम्बर प्लेट चेचिस न0 97ऊ9ऋ02416 इंजन न0 97ऊ17ए02625

8. माडीफाई सुजुकी लाल रंग की वढ53ङ4588 चेचिस न0 9908ऋ93323 इंजन न0 खुरचा हूआ।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक अशोक कुमार द्वारा राज तरूण आफसेट, एलजीएफ 5-14, अंसल सिटी सेंटर, निकट यूपी प्रेस क्लब, हजरतगंज, लखनऊ से मुद्रित तथा ग्राम भुसना, पोस्ट भुसना, तहसील महमूदाबाद जनपद सीतापुर (उ0प्र0) से प्रकाशित। **सम्पादक : अशोक कुमार (मो. 9651086162)**। इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.वी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न सभी विवाद सीतापुर न्यायालय के आधीन होंगे।